हसनपुर। शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्थित देश के अमर शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने माल्यार्पण किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदों की कुर्बानी की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश को आजाद कराने में अपनी कुर्बानी देने वाले नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बनवारी लाल, शिवचरन वाल्मीकि, शेद अली, ओमप्रकाश के नाम शिलापट पर गुदवाये गये है। जिससे आने वाली पीढ़ी अमर शहीदों को याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता संगीता कश्यप, अजयपाल, हमजा अली, मुन्ना चौहान, दीपक अग्रवाल, दिनेश बाबू ,कौशल बाबू, विक्रम भगत जी, शारिक अली, बाबर खां मौजूद थे।

### तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए किसान



हसनपुर। भाकियू द्वारा प्रस्तावित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए तहसील क्षेत्र से हजारों किसान तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह के नेतृत्व में रवाना हुए। भारतीय किसान यूनियन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रस्तावित विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को तिरंगा यात्रा थाना रजबपुर के गाव कूबी से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां महापंचायत के रूप में बदल गई। तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए हजारों किसान भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह के नेतृत्व में तहसील से रवाना हुए। तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है जो कलेक्ट्रेट पहुंचकर महापंचायत में बदल जाएगी ।जहां पर अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए हजारों की संख्या में किसान रवाना हुए।

### चोरी की 2 बाइको सहित चोर गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। एसपी हेमराज मीणा द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्त को चोरी की दो पैशन प्रो और होंडा शाइन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। थाना सदर कोतवाली उ0नि0 गौरव कुमार ने हमराही पुलिस बल के साथ शुक्रवार को चैकिंग के दौरान अभियुक्तगण सुमित पुत्र रमेश निवासी ग्राम चकरपुर थाना बाजपुर काशीपुर, उत्तराखण्ड और नवदीप पुत्र अजमेर सिंह निवासी ग्राम किशनपुर मौहल्ला गठ थाना स्वार,रामपुर को मय चोरी की मोटर साइकिल मोटर साइकिल पैशन प्रो न0 क्क277178 रंग काला व लाला व मोटर साइकिल होण्डा शाईन न0 क्क15ष्ट•876 रंग काला सहित गिरफ्तार किया गया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर से गिरकर महिला की मौत

भास्कर ब्यूरो,

नौगांवा सादात। तेज रफ्तार ट्रैक्टर से गिरकर जमनाखास गांव निवासी 45 वर्षीय कमलेश की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। मृतका के पति की तारीफ पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक कमलेश नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के जमना खास गांव के रहने वाले मुन्नी सिंह की पत्नी थीं। आरोप के मुताबिक कमलेश बृहस्पतिवार को अपनी बेटी शिवानी के साथ खेत से चारा लेने गई थीं। घर लौटते समय दोनों मां-बेटी को कुमखिया गांव की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली पर बैठ गईं। गांव के पास कमलेश ने चालक ट्रैक्टर रोकने के लिए कहा तो उसने लापरवाही से उसकी रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान कमलेश देवी ट्रैक्टर से नीचे गिर कर घायल हो गईं। तभी आरोपी चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। तुरंत ही कमलेश देवी का निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एसपी ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



भास्कर ब्यूरो, हसनपुर। नवागंतुक एसपी ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों को चेक किया। साथ ही हवालात, शस्त्रागार की सफाई व्यवस्था देखी। इसके अलावा सीसीटीएनएस के बारे में भी पुलिसकर्मियों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शुक्रवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह कोतवाली पहुंचे। यूं अचानक एसपी को कोतवाली में देख पुलिस कर्मियों में हडक़ंप मचा गया। एसपी ने सर्वप्रथम जनसुनवाई डेस्क, आगंतुक कक्ष, मालखाना व महिला कक्ष के निरीक्षण के साथ-साथ थाना रजिस्टर से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। एसपी ने कोतवाली स्थित मैस एवं कोतवाली परिसर की साफ सफाई का भी जायजा लिया। वहीं कोतवाली में दर्ज मुकदमों के खड़े वाहनों के रखरखाव स्थिति को भी देखा। उन्होंने कोतवाली निरीक्षक को निर्देश दिए कि कोतवाली में आने वाले किसी भी फरियादी से गलत व्यवहार न किया जाए। पीड़ित को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने लंबित पड़ी विवेचनाओं को शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही।

# छात्रों ने मानव श्रंखला बनाई, वीर सपूतों को किया याद, पंच प्रण की ली शपथ

भास्कर ब्यूरो,



अमरोहा। कलेक्ट्रेट परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपस्थित लिटिल स्कॉलर एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई और देश की स्वतंत्रता दिलाने में प्राण न्योछावर कर देने वाले देश के वीर सपूतों को नमन कर तिरंगा लहराकर याद किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को पंचप्रण की शपथ दिलाई। उपस्थित छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अब पूर्णता की ओर जा रहा है जिसमें पिछले वर्ष पूरे देश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कर देश के वीर सपूतों को याद किया गया है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है जिसमें मिट्टी को नमन किया जा रहा है शहीदों को बन्दन किया जा रहा है। राष्ट के प्रति इतना समर्पण भाव हो कि हम सब कुछ देश के प्रति कुर्बान कर सकते हैं। राष्ट में बलिदान देने वाले प्राण न्योछावर करने वाले लोगों के प्रति समर्पण का भाव हो इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम जनपद में उत्सव व भव्यता के साथ प्रत्येक सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं तथा कार्यालयों में मनाया जा रहा है। सभी लोगों में राष्टभक्ति राष्ट प्रेम की भावना जागृत हो। अपने राष्ट के प्रति संकल्पित होकर उसे देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी लोग मिलजुल कर राष्ट के प्रति समर्पित रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपरजिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर आदि मौजूद रहे।

# सत्संग के बहाने धर्म परिवर्तन का खेल, हिंदू संगठनों ने किया हंगामा

भास्कर ब्यूरो,

⊙ तलाशी के दौरान घर में ईसाई धर्म की किताबें और कुछ अन्य सामग्री बरामद,

अमरोहा। देहात थानाक्षेत्र के भौंपुर तैय्या उर्फ फुलपुर अदलपुर गांव में सत्संग के नाम पर घर में चल रहे धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। यहां पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ता ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात संभाले। इस दौरान धर्म परिवर्तन करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य भाग निकले। पुलिस ने घर के मालिक को हिरासत में ले लिया है। तलाशी के दौरान घर में ईसाई धर्म की किताबें और कुछ अन्य सामग्री बरामद हुई। वही धर्म परिवर्तन की सूचना के बाद जिले का खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के मुरादाबाद जिला प्रमुख मोनू बिश्नोई शुक्रवार की सुबह भौपुर तैय्या गांव पहुंचे। यहां एक घर में सत्संग चल रहा था। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सत्संग के नाम पर घर में हिंदू धर्म के लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। घर सैनी परिवार का है। जबकि सत्संग ईसाई धर्म के लोग कर रहे थे। सत्संग और धर्म परिवर्तन कराने वाले लोग मुरादाबाद के रहने वाले हैं, जिसमें कुछ महिलाएं और घर का मालिक भी शामिल है। घर में सत्संग के नाम पर 300 से 400 लोगों की भीड़ देखकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। धर्म परिवर्तन के लिए महिलाओं की संख्या अधिक थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पुंडीर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। यहां हंगामा कर रहे बजरंग दल कार्यकर्ताओं को समझा कर शांत किया। इस दौरान पुलिस और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तलाशी ली तो ईसाई धर्म की किताबें और कुछ अन्य सामग्री बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि घर में प्रत्येक रविवार को सत्संग होता है। सत्संग के नाम पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है इसकी भनक गांव के लोगों को ही नहीं थी। पुलिस घर के मालिक को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

वहीं बजरंग दल कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोई पीड़ित सामने नहीं आया। देर शाम तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# गैस-वैन से रुपयों की गड्डी लेकर फरार हुआ युवक गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो, हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र में गैस वैन से 48 हजार रुपए लेकर फरार हुए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 हजार रुपए की नगदी भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

हसनपुर नगर के मोहल्ला मनापुर निवासी हेम सिंह आर्य की गांव सिहाली जागीर में गैस एजेंसी है। गांव सहसोली निवासी अंकित चौहान की टाटा मैजिक गैस एजेंसी पर लगी हुई है। टाटा मैजिक गैस के गोदाम से सिलिंडर की डिलीवरी करती है। बृहस्पतिवार को अंकित चौहान सिहाली में स्थित एजेंसी के कार्यालय से 48 हजार रुपये का कैश लेकर हसनपुर जा रहा था। वहीं से टाटा मैजिक में पहचान का गजरौला निवासी एक युवक बैठ गया। जैसे ही गाड़ी हसनपुर पहुंची और गाड़ी को चालक ने रोका। इसी बीच पलक झपकते ही गाड़ी से रुपयों का बंडल लेकर आरोपी फरार हो गया। कुछ समय बाद चालक को इसकी जानकारी हुई तो उसने गैस एजेंसी स्वामी को बताया। इसके बाद गैस एजेंसी स्वामी ने अपने कर्मचारियों को आरोपी युवक के पीछे दौड़ा दिया। कर्मचारियों द्वारा गजरौला मार्ग पर आरोपी को पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी अरीन पुत्र कुलदीप निवासी मोहल्ला गजरौला बस्ती के कब्जे से आठ हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नाबालिग के साथ दो दिन तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना नागफनी पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर कटघर निवासी आरोपी युवक वीर सिंह के खिलाफ बलात्कार की धाराओं के साथ धारा पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। नागफनी इलाके के रहने वाले पीड़ित पिता ने बताया आरोपी युवक वीर सिंह जो कटघर के पीतल बस्ती हनुमान मंदिर के पास गली का रहने वाला है। गत 7 अगस्त से 9 अगस्त तक काम से उसके घर में आया था और इन दो दिनों तक वह लगातार उसकी 15 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देता रहा। इंस्पेक्टर नागफनी ने बताया आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में टीम को लगा दिया है। जिसने सुबह आरोपी वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिला अस्पताल में तीमारदार ने डॉक्टर को किया सम्मानित



भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अस्पताल में अजीब मंजर देखने को मिला जिसमें किसी तीमारदार द्वारा डॉक्टर को सम्मानित किया गया। अमूमन जिला अस्पताल के डॉक्टरों के कार्यो को लेकर लापरवाही का ही आरोप लगता रहता है। ऐसा पहली बार देखने को मिला जब एक चित्रकार अपनी माँ का अच्छे से एक्सरा करने वाले डॉक्टर एसएन ओझा को सम्मानित करने जिला अस्पताल पहुचा। जहां डॉक्टर एसएन ओझा को युवक ने भगवान कृष्ण का अपना हाथो से बनाया गया चित्र भेट किया।

नागफनी इलाके कैसरोल निवासी अनवर ने बताया डॉक्टर एसएन ओझा ने मा मेहरुन्निसा के इलाज के लिए किए एक्सरे में उनकी बीमारी तुरन्त पकड़ते हुए इलाज के लिए कहा था अब उनकी मां पूरी तरह स्वास्थ्य है। इसलिए वह डॉक्टर एसएन ओझा को सम्मानित करने पहुचा है।

उधर सीएमएस डॉ संगीता गुप्ता के नेर्त्तव में जिला अस्पताल की सुविधा और बेहतर होती देखी जा सकती हैं।

# ड्रामा : प्रेमी ने युवती को मिलने बुलाया लेकिन खुद नहीं आया

भास्कर ब्यूरो, हसनपुर। मोबाइल से शुरू हुई प्रेम कहानी में युवक ने मिलने का वादा करते हुए स्थान व समय तय किया। युवती तय समय पर पहुंच गई। लेकिन, युवक मिलने नहीं आया। जिससे लगभग एक घंटा नगर के ब्लॉक तिराहे पर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती से पूछताछ कर उसके भाई के दोस्त को बुलाकर उसे सौंप दिया।



दिल्ली निवासी एक युवती व नगर निवासी एक युवक की मोबाइल के माध्यम से बातचीत के दौरान दोस्ती हो गई और दोस्ती में दोनों ने खूब बातें भी की। कुछ दिन पूर्व युवती संभल निवासी अपनी मौसी के यहां आई थी तो युवक ने उससे मिलने के लिए बुला लिया। आ जाओ। युवती शुक्रवार की सुबह संभल से नगर पहुंची और नगर के ब्लॉक तिराहे पर उतर गई। युवती द्वारा काफी देर तक युवक का फोन मिलाया गया लेकिन युवक का फोन स्विच ऑफ होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। तिराए पर युवती को अकेला बैठा देख लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती से पूरी जानकारी की। इसके बाद पुलिस द्वारा युवती के भाई के नगर निवासी एक दोस्त को फोन के माध्यम से बुलाया गया और युवती को उसके सुपुर्द कर दिया गया।

# जीएमएस कॉलेज में पंच प्रण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

भास्कर ब्यूरो,



रजबपुर। जीएमएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शुक्रवार को पंच प्रण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इसके अंतर्गत अमृत काल के पंचप्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना पर ग्रुप के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं व हॉस्पिटल के समस्त डॉक्टर-कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की।

ग्रुप के निर्देशक डॉ हरीश ने बताया कि शपथग्रहण का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने एवं गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करना है. देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करना तथा उनके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। देश की एकता के लिए सदैव प्रयास करना तथा राष्ट्रीय के प्रति अपनी कर्तव्य और एवं दायित्व का पालन करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है. शपथ ग्रहण में देश की गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय की रक्षा एवं सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहना ही हर भारतीय का लक्ष्य है।

कार्यक्रम में ग्रुप के चेयरमैन शाहनवाज अली ने सभी को बधाई देते हुए इस शपथ ग्रहण के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष चौधरी, नूर मोहम्मद, सत्य प्रकाश, आदिल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

> स्वतंत्रता का अर्थ साहस है, और साहस एक पार्टी में व्यक्तियों के संयोजन से पैदा होता है। - भीमराव अंबेडकर

## मणिपुर में बिगड़ते हालात

मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां की पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है।

मणिपुर में अशांति की शुरुआत हुए तीन महीना गुजर गए हैं, लेकिन आज भी हर रोज आने वाली खबर वहां लगातार बिगड़ रहे हालात का संकेत दे रहे हैं। अब तक बात दो समुदायों के बीच हो रही हिंसा की थी। लेकिन अब झगड़ा राज्य पुलिस और एक अर्ध सैनिक बल के बीच तक पहुंच गया है। पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवान आपस में तू तू-मैं मैं करते देखे गए। फिर खबर आई कि असम सरकार ने चूराचांदपुर और विष्णुपुर के बीच मौजूद एक चौकी से असम राइफल्स की टुकड़ी को हटने का आदेश दिया। अब खबर आई है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है। इसमें असम राइफल्स पर कुकी चरमपंथियों को भागने का मौका देने और उन्हें संरक्षण देने का इल्जाम लगाया गया है। यहां इस बात को रेखांकित करने की जरूरत है कि असम राइफल्स की कमान भारतीय सेना के पास है।

क्या बात किसी आम कल्पना में समा सकती है कि भारतीय सेना उग्रवादियों की मदद कर रही है? लेकिन मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में संभवतः अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है। यह बहुत खतरनाक स्थिति है। इस पर तुरंत नियंत्रण कायम नहीं किया गया, तो स्थितियां हमारी आशंकाओं से भी ज्यादा बिगड़ सकती हैं। यह अच्छी बात है कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से देश का ध्यान मणिपुर के हालात पर टिका है। विपक्षी नेताओं ने वहां की स्थितियों का विस्तार वर्णन कर देश को इस बारे में आगाह किया है। अब अपेक्षित है कि जब प्रधानमंत्री जब जवाब दें, तो वे इस दौरान उठे गंभीर प्रश्नों के ठोस उत्तर प्रस्तुत करें। उससे मणिपुर में स्थितियों को बेहतर करने में मदद मिलेगी और सारे देश में भरोसा पैदा होगा। लेकिन अगर प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया, तो फिर अविश्वास का माहौल और गहरा जाएगा।


## चीन की माली दशा बिगड़ रही !

यों कोविड काल से ही चीन की अर्थव्यवस्था डावांडोल है। पर अब लाल झंडी लिए हुए हैं। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दो साल में पहली बार गुजरे महीने खुदरा कीमतों में गिरावट देखी गई। साल-दर-साल पैमाने पर जून 2023 तक रिटेल प्राइस इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं आया था।पर जुलाई 2023 में इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।जाहिर है लोग खरीदारी कम कर रहे है। जुलाई के आंकड़े, सन 2021 की शुरुआत के बाद पहली बार चीन में नकारात्मक मुद्रास्फीति की स्थिति दर्शा रहे हैं। सन 2021 में कीमतें घट रहीं थीं क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण मांग कम होने की वजह से पोर्क (सूअर के मांस) की कीमतों में गिरावट थी।

ये आंकड़े आयात-निर्यात के आंकड़ों के जारी होने के अगले दिन आए। विदेश व्यापार के जुलाई आंकडे में आयात-निर्यात में अधिक गिरावट है क्योंकि दुनिया में चीन के माल की मांग कम हो गई है। चीन के खुदरा व्यापारियों को बिक्री में गिरावट से जूझना पड़ रहा है। मतलब जिन खुदरा व्यापारियों ने महामारी के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के हटने के बाद मांग में वृद्धि की उम्मीद में बड़ी मात्रा में माल अपने गोदामों में भर लिया था, उन पर अब कीमतें घटाने का दबाव है। टेस्ला और अन्य कंपनियों द्वारा कारों के दामों में कटौती हुई है। कीमतें घट गईं हैं। कीमतों में कमी आने के बावजूद खरीदारी कम होने के मद्देनजर चीनी कारखाने उत्पादित माल के दाम घटा रहे हैं। चीन की उत्पादक मूल्य मुद्रास्फीति, जो कारखानों द्वारा बेचे जाने वाले माल की कीमतें दर्शाता है, जून में साल-दर-साल के पैमाने पर 5.4 प्रतिशत थी।

हालांकि दूसरी तिमाही में चीनी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर साल-दर-साल के आधार पर 6.3 प्रतिशत रही, लेकिन वह भी उम्मीद से कम थी। वह भी 2022 के उस कमजोर आधार वर्ष के मुकाबले, जब शंघाई और कई अन्य शहरों में लाकडाउन लगा था। दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था पहली तिमाही की तुलना में केवल 0.8 प्रतिशत बढ़ी। चीनियों को लगता है कि आंकड़े जो दिखा रहे हैं, असल में उससे भी बदतर अर्थव्यवस्था है। छोटे शहरों में घरों की कीमतें घट रहीं हैं। जून में बड़े शहरों में भी यही स्थिति थी। गार्जियन की खबर के मुताबिक चीनी हाउसिंग कंपनिया बिक्री बढ़ाने के लिए संभावित ग्राहकों को सोने की छड़ें, नई कारें और मोबाईल फोन उपहार में देने की पेशकश कर रहे हैं।जबकि युवा वर्ग रोजगार के मोर्चे पर अंधकारमय हालातों के चलते घर खरीदने का इरादा छोड़ रहे है। इतना ही नहीं शादी और बच्चे पैदा करने के फैसले भी मुल्तवी कर रहे हैं। निवेश घट गया है। विशेषकर विदेशी कंपनियां चीन में और निवेश करने में हिचकिचा रही हैं। स्थानीय शासन संस्थाएं अलग पैसे की कमी से जूझ रहीं हैं। चीन पुराने अच्छे दिन लौटाने, आर्थिकी में वापिस रफ्तार के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन निवेशकों और विश्लेषकों के अनुसार चीनी सरकार निश्चिंत है। अधिकारी नकारात्मक मुद्रास्फीति जैसी चिंताओं को तव्वजो नहीं दे रहे हैं। सेन्ट्रल बैंक के डिप्टी गवर्नर लिऊ गुओकींग ने पिछले महीने कहा कि साल की दूसरी छमाही में अर्थव्यवस्था के सिकुडने की कोई संभावना नहीं है। -श्रुति व्यास

## प्रेरणाप्रद मोती



वह स्थान मंदिर है, जहां पुस्तकों के रुप में मूक किन्तु ज्ञान के देवता निवास करते हैं।

पं श्रीराम शर्मा आचार्य
(गायत्री परिवार)

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन मंगलकारी रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा दे सकते हैं।

**वृष :** बेहतर ज़िन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें।

**मिथुन :** आप आज ख़ुद को रोज़ाना की अपेक्षा कम ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वयं को ज़रूरत से ज़्यादा काम के नीचे न दबाएँ, थोड़ा आराम करें और आज के कामों को कल तक के लिए टाल दें।

**कर्क :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आपकी माता पक्ष से मामा या नाना से भी आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है।

**सिंह :** आज आपका दिन तालमेल वाला होगा। आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन ख़र्च में इज़ाफ़ा कम होगा।

**कन्या :** भागदौड़ भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। हालाँकि धन आपकी मुटिठयों से आसानी से सरक जाएगा, लेकिन आपके अच्छे सितारे तंगी नहीं आने देंगे।

**तुला :** आज धार्मिक व आध्यात्मिक विचार प्रबल रहेंगे। आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन मनोनुकूल होगा।पारिवारिक सहयोग मिलेगा, बड़ों का आशीर्वाद फलित होगा।

**धनु :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। अपने पैसे को संचय करने के लिए घर के लोगों से सलाह ले सकते है।

**मकर :** आपकी कठिन मेहनत और परिवार का सहयोग मन के अनुकूलता परिणाम देने में सफल रहेंगे।

**कुंभ :** आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। धन लाभ होने की संभावना बन रही है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में और अधिक रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से किया सलाह मश्विरा फलिल होगा।

**मीन :** आज आपका दिन सहयोगात्मक रहेगा। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियाँ सभी को ख़ुश रखेंगी। भाई बहनों की मदद से आज आपको आर्थिक लाभ मिल पाएगा।

# बिहार में भाजपा के लिए पूरा मैदान



बिहार में पिछले महीने भारतीय जनता पार्टी की एक रैली में उसके नेताओं, कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने जिस बर्बर अंदाज में लाठियां चलाईं और उसके सांसदों-विधायकों को पीटा वह बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत का प्रस्थान बिंदु हो सकता है। असल में बिहार एक ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। भारतीय जनता पार्टी के सामने बिहार की राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने का वास्तविक अवसर है। एक बार पहले भी 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद यह अवसर आया था लेकिन उस समय भाजपा इस अवसर का लाभ उठाने की स्थिति में नहीं थी। यह भी कह सकते हैं कि वह लोकसभा चुनाव में मिली भारी भरकम जीत के बाद अति आत्मविश्वास में थी इसलिए 2015 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की ओर से बनाए गए मंडल की राजनीति के नैरेटिव को बहुत हलके में लिया था।

भाजपा नेता इस मुगालते में रहे कि नरेंद्र मोदी खुद पिछड़ी जाति के नेता हैं और उनका अखिल भारतीय करिश्मा ऐसा है कि उनके सामने लालू और नीतीश की पारंपरिक मंडल राजनीति नहीं टिकेगी। तभी चुनाव नतीजा भाजपा के लिए सदमे की तरह था और यही वजह रही कि पहला मौका मिलते ही वह फिर से नीतीश की शरण में पहुंच गई। लेकिन इस बार भाजपा सावधान है और अपने दांव-पेंच आजमाने को तैयार है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद उसने बहुत बारीकी से नीतीश कुमार को कमजोर करने की राजनीति की। चिराग पासवान का एनडीए से अलग होना और 2020 के विधानसभा चुनाव में सिर्फ जदयू के खिलाफ उम्मीदवार उतारना इसी राजनीति का हिस्सा था। इस राजनीति ने नीतीश कुमार की पार्टी को न सिर्फ तीसरे नंबर की पार्टी बनाया, बल्कि तीसरे दर्जे की पार्टी भी बना दिया। उनका अपना वोट आधार बहुत कम हो गया और राष्ट्रीय जनता दल लगातार दूसरी बार प्रदेश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर उभरी। इसके बाद सब कुछ लिखित

> *राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी जैसा आधार दक्षिण बिहार यानी आज के झारखंड में बनाया था वैसा बिहार में नहीं बन सका था। तभी बिहार में लालू प्रसाद की मंडल राजनीति को चुनौती देने के लिए भाजपा ने नीतीश कुमार को कंधे पर उठाया था। समता पार्टी के समय बना समीकरण दोनों के लिए फायदे वाला था इसलिए वह समीकरण चलता रहा। अब भाजपा खुद वह राजनीति करने की स्थिति में है। नीतीश कुमार के कमजोर होने और राजद की ताकत बढ़ने से भाजपा के लिए मौका बना है। खुद भाजपा ने भी कई राजनीतिक प्रयोग किए। सवर्ण, वैश्य और यादव नेतृत्व को आजमाने के बाद अंत में भाजपा वहां पहुंची, जहां से नीतीश कुमार ने शुरुआत की थी। नीतीश ने शकुनी चौधरी के साथ मिल कर समता पार्टी का गठन किया था और लव-कुश का समीकरण बनाया था।*

पटकथा की तरह हुआ। नीतीश कुमार मंडल की राजनीति को बचाने और अपनी पार्टी के अस्तित्व की रक्षा के लिए राजद के साथ चले गए। उन्होंने लालू प्रसाद के साथ मिल कर सात पार्टियों का एक गठबंधन बनाया। जदयू और राजद के नेता इसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानते रहे लेकिन असलियत यह है कि उनकी इस राजनीति ने बिहार में विपक्ष का पूरा स्पेस भाजपा को सौंप दिया। अभी इकलौता विपक्ष भाजपा है और पूरा मैदान उसका है।

इससे पहले नवंबर 2015 से जुलाई 2017 तक यानी डेढ़ साल तक भाजपा इकलौते विपक्ष के तौर पर थी लेकिन तब वह विपक्ष की राजनीति करने की बजाय इस इंतजार में थी कि नीतीश कुमार कब वापसी करेंगे और भाजपा कब सत्ता में लौटेगी। वह विपक्ष के तौर पर काम करने की बजाय सत्ता में लौटने का इंतजार कर रही थी। इस बार तस्वीर अलग है। इस बार भाजपा ने अपने को मजबूत विपक्ष के लिए तैयार किया है। कुछ भाजपा की तैयारियों और कुछ भाजपा विरोधी पार्टियों की राजनीति ने ऐसा अवसर बनाया है, जिसका इस्तेमाल करके वह प्रदेश की केंद्रीय राजनीतिक ताकत बन सकती है। इतिहास में भाजपा के सामने ऐसा अवसर पहले कभी नहीं आया। वह कभी भी बिहार की मजबूत पार्टी नहीं रही है। एकीकृत बिहार में उसकी ताकत दक्षिण बिहार में थी, जो क्षेत्र बाद में झारखंड बना और जहां आज भी भाजपा एक बड़ी ताकत है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी जैसा आधार दक्षिण बिहार यानी आज के झारखंड में बनाया था वैसा बिहार में नहीं बन सका था। तभी बिहार में लालू प्रसाद की मंडल राजनीति को चुनौती देने के लिए भाजपा ने नीतीश कुमार को कंधे पर उठाया था। समता पार्टी के समय बना समीकरण दोनों के लिए फायदे वाला था इसलिए वह समीकरण चलता रहा। अब भाजपा खुद वह राजनीति करने की स्थिति में है। नीतीश कुमार के कमजोर होने और राजद की ताकत बढ़ने से भाजपा के लिए मौका बना है। खुद भाजपा ने भी कई राजनीतिक प्रयोग किए। सवर्ण, वैश्य और यादव नेतृत्व को आजमाने के बाद अंत में भाजपा वहां पहुंची, जहां से नीतीश कुमार ने शुरुआत की थी। नीतीश ने शकुनी चौधरी के साथ मिल कर समता पार्टी का गठन किया था और लव-कुश का समीकरण बनाया था।

लव यानी कुर्मी का प्रतिनिधि नीतीश कुमार करते थे और कुश यानी कोईरी का प्रतिनिधित्व शकुनी चौधरी करते थे। अब भाजपा ने शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। यह समय का पहिया 360 डिग्री पर घूमने जैसा है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव में जब नीतीश अकेले लड़े थे तब उनको 16 फीसदी वोट मिला था। उसमें बड़ा हिस्सा उनके लव-कुश समीकरण का था और बाकी अतिपिछड़ी जातियों का वोट था, जो उनको मिला। अब उनके लव-कुश के कोर वोट में भाजपा ने सेंध लगाई है। दूसरे, लालू प्रसाद की पार्टी के मजबूत होने से अति पिछड़ी और महादलित जातियां, नए आसरे की तलाश में हैं क्योंकि उनको दिख रहा है कि अब नीतीश महागठबंधन में रहते हुए उनके हितों की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। वे उनको सत्ता में हिस्सेदारी भी नहीं दिला सकते हैं। सो, एक तरफ भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग की राजनीति है, जिसमें गैर-यादव और गैर-कुर्मी पिछड़ी जातियों के लिए जगह बनी है और दूसरे राजद, जदयू, कांग्रेस और सभी लेफ्ट पार्टियों के एक साथ हो जाने से विपक्ष का पूरा स्पेस भाजपा को मिल गया है। पहले किसी की सरकार होती थी तो कम्युनिस्ट पार्टियां प्रदर्शन करती थीं अब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा है।

-अजीत द्विवेदी

# नए जिलों का गठन कर गहलोत ने खेला मास्टर स्ट्रोक

राजस्थान में 19 नए जिलों का गठन कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की राजनीति में मास्टर स्ट्रोक खेला है। वर्षों से राजस्थान में नए जिलों के गठन की मांग की जा रही थीं। मगर किसी भी सरकार ने नए जिलों के गठन का जोखिम उठाना मुनासिब नहीं समझा था। चुनावी साल में एक साथ 19 नए जिले व तीन नए संभाग बनाकर अशोक गहलोत ने प्रदेश की जनता को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे आम आदमी की प्रशासन तक पहुंच आसान होगी और उनके सरकारी काम तेजी से निष्पादित होंगे। नए जिलों के गठन से गहलोत को राजनीतिक रूप से भी बड़ा लाभ मिलने वाला है। राजस्थान में अभी तक कुल 33 जिले ही थे।

जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। राजस्थान से क्षेत्रफल व आबादी में छोटे कई प्रदेशों में जिलों की संख्या राजस्थान से अधिक थी। गहलोत ने नए जिलों का गठन कर भौगोलिक दृष्टि से भी प्रदेश में प्रशासन व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का काम किया है। राजस्थान का गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ था। उस समय प्रदेश में कुल 26 जिले थे। उसके 26 साल बाद 15 अप्रैल 1982 को भरतपुर से अलग होकर धौलपुर को प्रदेश का 27 वां जिला बनाया गया था। 10 अप्रैल 1991 को कोटा से अलग होकर बारां को, जयपुर से अलग होकर दौसा को व उदयपुर से अलग होकर राजसमंद को एक साथ तीन नए जिले बनाए गए थे। उस समय राजस्थान में जिलों की संख्या बढ़कर 30 हो गई थी। 12 जुलाई 1994 को श्री गंगानगर से अलग होकर हनुमानगढ़ को 31 वां जिला बनाया गया था। 19 जुलाई 1997 को सवाई माधोपुर से अलग होकर करौली को 32 वां जिला बनाया गया था। 26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ को प्रदेश का 33 वां जिला बनाया गया था।

उसके 15 साल बाद प्रदेश में एक साथ 19 नए जिलों का गठन एक नया इतिहास रचा गया है। जहां पिछले 72

> *राजनीतिक रूप से भी मुख्यमंत्री गहलोत अधिकांश आयोग, निगम, बोर्ड का गठन कर चुके हैं। जिन सरकारी संस्थाओं में गैर सरकारी लोगों की नियुक्तियां की जानी है उसकी प्रक्रिया भी चल रही है। मुख्यमंत्री गहलोत ने हाल ही में 20 जिलों की जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की है। इसी तरह प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर वरिष्ठ कांग्रेसी जनों को पर्यवेक्षक लगा दिया गया है। जो उन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वहां के सभी कांग्रेस जनों को एक सूत्र में बांधकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने का काम करेगें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दोनों पैर के अंगूठे पर चोट लगी हुई है तथा पिछले 2 महीनों से वह घर पर ही रह कर काम कर रहे हैं।*

वर्षों में प्रदेश में मात्र 7 नए जिलों का ही गठन हो पाया था। वहीं एक साथ 19 नए जिले बनाए गए हैं। जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड भी है। देश में अब उत्तर प्रदेश में 75 व मध्य प्रदेश में 52 जिलों के बाद तीसरे स्थान पर राजस्थान में 50 जिले हो गए हैं।

राजस्थान में अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, केकड़ी, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल, नीमकाथाना, सलूंबर, सांचौर और शाहपुरा को नया जिला बनाया गया है। वहीं सीकर, पाली व बांसवाड़ा को नया संभाग बनाया गया है। अब राजस्थान में संभाग की संख्या भी 7 से बढ़कर 10 हो गई है। राजस्थान में जैसलमेर सबसे बड़ा जिला व दूदू सबसे छोटा जिला बन गया है। राजस्थान में 19 नए जिलों के गठन के कारण 18 पुराने जिलों की भौगोलिक सीमा भी बदल गई है।

राजस्थान में 2 महीने के बाद विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लग जाएगी। उससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार नई-नई योजनाओं को लांच कर नए कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं। प्रदेश में उन सभी परिवारों को विशेष राशन किट प्रदान किया जाएगा जो अभी तक राशन की दुकानों से निशुल्क गेहूं प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना का शुभारंभ आगामी 15 अगस्त से हो जाएगा। इसी तरह आगामी रक्षाबंधन से प्रदेश में महिलाओं को निशुल्क मोबाइल फोन वितरण का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। जिन परिवारों को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला हुआ है उन के गैस सब्सिडी की राशि मुख्यमंत्री ने उपभोक्ताओं के खाते में डाल दी है। जिससे उन परिवारों को महंगाई से राहत मिल सकेगी।

राजनीतिक रूप से भी मुख्यमंत्री गहलोत अधिकांश आयोग, निगम, बोर्ड का गठन कर चुके हैं। जिन सरकारी संस्थाओं में गैर सरकारी लोगों की नियुक्तियां की जानी है उसकी प्रक्रिया भी चल रही है। मुख्यमंत्री गहलोत ने हाल ही में 20 जिलों की जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की है। इसी तरह प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर वरिष्ठ कांग्रेसी जनों को पर्यवेक्षक लगा दिया गया है। जो उन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वहां के सभी कांग्रेस जनों को एक सूत्र में बांधकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने का काम करेगें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दोनों पैर के अंगूठे पर चोट लगी हुई है तथा पिछले 2 महीनों से वह घर पर ही रह कर काम कर रहे हैं। पैर में चोट लगी होने के उपरांत भी मुख्यमंत्री पूरी तरह से सक्रिय बने हुए हैं। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर ही कैबिनेट की मीटिंग कर विभिन्न योजनाओं का अनुमोदन कर उन्हें क्रियान्वयन करवा रहे हैं। प्रदेश में बड़े स्तर पर शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। जिनमें पूरे प्रदेश में लाखों लोग भाग ले रहे हैं। प्रदेश में बनाए गए नए जिलों में पहले ही आईएएस और आईपीएस अफसरों को ओएसडी लगाया गया था। अब नए जिलों का नोटिफिकेशन जारी होते ही उनका पद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का हो गया है। नए बनाए गए सभी जिलों में शीघ्र ही जिला स्तर के कार्यालय प्रारंभ किए जाएंगे। नए जिला बनने वाले क्षेत्रों में हजारों नए सरकारी कर्मचारियों की नियुक्तियां होगी। कई दर्जन जिला स्तरीय सरकारी कार्यालय खुलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रदेश में अभी और नए जिलों के गठन की मांग उठा रही है। इसको लेकर कई जगह धरने प्रदर्शन भी किए गए हैं। राजस्व मंत्री रामलाल जाट का कहना है कि राजस्थान में और नए जिले बनाए जाने की आवश्यकता है। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा भी की है। आने वाले समय में राजस्थान में और कई नए जिले बन सकते हैं।

राजस्थान में नए जिलों का गठन निश्चित तौर पर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान में राजस्थान का क्षेत्रफल 342239 वर्ग किलोमीटर है। जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.4 प्रतिशत है। जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान देश का सातवां प्रदेश है। राजस्थान की पाकिस्तान के साथ करीब 1070 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है। इस कारण राजस्थान सामरिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण प्रदेश है। यहां के सीमावर्ती क्षेत्रों में यदि और नये जिलों का गठन होता है तो राष्ट्र की सुरक्षा की दृष्टि से भी सही होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजनीतिक लाभ हानि की परवाह किए बगैर नए जिलों का गठन कर एक ऐतिहासिक पहल की है। जिसका लाभ प्रदेश की जनता को हमेशा मिलता रहेगा।

रमेश सर्राफ धमोरा

# क्रांतिकारी लाल पद्मधर सिंह व बालवीर रमेशदत्त का बलिदान

## प्रयागराज में तिरंगे की शान के लिये दोनों ने सीने पर खाई गोली

स्वतंत्रता आँदोलन में संघर्ष की अहिसंक धारा में भी सैकड़ों बलिदान हुये हैं। 1942 के भारत छोड़ो आँदोलन में ही देश के पचास से अधिक स्थानों पर गोलियाँ चलीं और सौ से अधिक सेनानी बलिदान हुये । अंग्रेजों का ऐसा ही बर्बर गोलीकांड 12 अगस्त 1942 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था । जिसमें मौके पर ही दो सेनानियों के बलिदान हुये । इनमें एक रमेशदत्त मालवीय की आयु तो मात्र चौदह वर्ष की थी । और दूसरे लाल पद्मधर सिंह महाविद्यालयीन छात्र थे ।

गाँधीजी ने नौ अगस्त 1942 से अंग्रेजों भारत छोड़ो आँदोलन आरंभ करने की घोषणा की थी । लेकिन अंग्रेजों ने देश व्यापी गिरफ्तारियाँ कीं और आठ अगस्त की रात्रि तक ही काँग्रेस के सभी नेता बंदी बना लिये गये थे । लेकिन जन भावनाएँ बहुत प्रबल थीं और यह एक प्रकार से जन आँदोलन बन गया । नेताओं की गिरफ्तारी के बाद स्वप्रेरणा से छात्र आगे आये । बैठकों का क्रम चला और महाविद्यालय के छात्रों ने 12 अगस्त से एक जुलूस निकालने का निर्णय किया । 12 अगस्त 1942 की दोपहर यह जुलूस लोकनाथ मोहल्ले से आरंभ हुआ और कोतवाली की ओर बढ़ा । जैसे ही जुलूस कोतवाली के पास पहुंचा पुलिस ने रोकना चाहा और झड़प होने लगी । पुलिस ने लाठी चार्ज किया किंतु उत्साही आँदोलन कारियों ने परवाह नहीं की और हाथ में तिरंगा लेकर कोतवाली के द्वार की ओर बढ़ने का प्रयास किया । कोतवाली में सेना की बलूच रेजीमेंट टुकड़ी मौजूद थी । इस टुकड़ी ने गोली चालन आरंभ कर दिया । जुलूस में छात्राएँ भी थीं । छात्र और छात्राएँ अलग-अलग तिरंगा लेकर चल रहे थे । लाठी से घायल होकर छात्रा नयनतारा सहगल गिर पड़ीं उनका ध्वज भी छात्र लाल पद्मधर सिंह ने उठाया और आगे बढ़े। एक गोली उनके सीने को चीरकर निकल गई। यह दृश्य वहाँ खड़े चौदह वर्षीय बाल वीर रमेश दत्त मालवीय देख रहे थे । उन्होंने एक पत्थर उठाकर उस सार्जेन्ट को फेंककर मारा जिसकी गोली से लाल पद्मधर सिंह को लगी थी । निशाना अचूक था । पत्थर सीधा उसकी आँख में लगा । और उसने गोली इस बालवीर को मार दी । गोली उनके चेहरे पर लगी और आरपार हो गई। बालवीर रमेशदत्त गिर पड़े। इस प्रकार इस आँदोलन में लाल पद्मधर सिंह और रमेशदत्त मालवीय दोनों का मौके पर ही बलिदान हो गया ।

**बालवीर रमेशदत्त :** 1942 के आँदोलन में बलिदान होने वालों में रमेश दत्त मालवीय को सबसे छोटी आयु का बलिदानी माना जाता है । कहीं कहीं इनके नाम के नाम रमेश दत्त तिवारी भी लिखा है । इनका जन्म 7 जुलाई 1928 को प्रयागराज में ही हुआ था । रमेश चंद्र के पिता भानुदत्त तिवारी शहर के नामी वैद्य थे । माता श्यामा देवी भारतीय परंपराओं में रची बसी थीं। यह परिवार आज भी उसी मोहल्ले में रहता है । जब 12 अगस्त 1942 को छात्रों ने जुलूस निकाला तब रमेशदत्त नौवीं कक्षा के छात्र थे । जब जुलूस इनके घर के समीप आया तो ये बाहर जाने लगे । माता ने बाहर जाने को मना किया था । पर मानों माँ भारती पुकार रहीं थीं। वे घर से निकले । पुलिस लाठीचार्ज और गोली चालन से गिरते छात्रों को देखकर उनका खून खौल उठा और सार्जेन्ट को पत्थर फेक मार दिया । कलेक्टर डिक्शन ने रमेश दत्त को पत्थर मारते देख लिया था । उसने इस बालवीर को गोली मारने का आदेश दे दिया । गोली इनकी आँख के नीचे चेहरे पर लगी और आरपार निकल गई। वे धरती पर गिरे और इनका बलिदान हो गया ।

**लाल पद्मधर सिंह :** प्रयागराज में 12 अगस्त 1942 हुये आँदोलन में दूसरे बलिदानी लाल पद्मधर सिंह मध्यप्रदेश में सतना जिले के रहने वाले थे । इनका जन्म 11 अक्टूबर 1914 को सतना जिले के ग्राम कृपालपुर में हुआ था । आरंभिक शिक्षा सतना और रीवा में हुई थी । परिवार में जमींदारी थी । पिता प्रद्युम्न सिंह गाँव और आसपास के लोग राजा साहब कहते थे । राज परिवार के कारण ही इनके नाम के आगे 'लाल' लिखा जाता था । इनके पूर्वज धीर सिंह जी ने 1857 की क्रांति में बलिदान दिया था । इसलिए घर में राष्ट्रभाव का वातावरण था और अंग्रेजों के प्रति कड़वाहट । माता बुट्टन देवी भी भारतीय परंपराओं के प्रति समर्पित थीं। घर में संतों का आना जाना भी था । लाल पद्मधर सिंह इस परिवार की चौथी सन्तान थे ।

-रमेश शर्मा

# जो लाते हैं उदास चेहरों पर मुस्कान



आर.के. सिन्हा

मणिपुर से लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की खबरों के बीच एक उम्मीद अवश्य जागती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी, पर दंगों की चपेट में आए लोगों के इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आए। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवाईं। याद रखिए, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है।



देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निर्माता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं। बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे। मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ-जा सकें। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर आयोजित करते है। यकीन मानिए कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव हैं। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है।

मैं बिजनेस और इंडस्ट्री की गतिविधियों को भी फॉलो करता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि बिजनेस करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। तमाम तरह की अड़चनों को पार करके आप बिजनेस करते हैं और फिर टैक्स देते हैं। यह सब करने के बाद समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का होना बहुत बड़ी बात है। मैं दिल्ली में पृथ्वीराज रोड से गुजरते हुए दो शख्सियतों के घरों को देखकर कुछ पलों के लिए ठहर जाता हूं या मेरी नजरें झुक जाती हैं। मैं बात कर रहा हूं बाबा साहेब आंबेडकर और जेआरडी टाटा के घरों की। ये दोनों महान विभूतियां पृथ्वीराज रोड पर अलग-अलग समय में रहीं। दोनों ने हमारे देश को बेहतर बनाने में अपना ठोस रोल निभाया। जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को खड़ा किया। उन्होंने देश में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र को भरपूर सहयोग किया। जहां तक बाबा साहेब की बात है तो उन्होंने देश को एक शानदार संविधान देने में अहम भूमिका निभाई। सरकार और समाज का दायित्व है कि वो समाज सेवा में लगी संस्थाओं और व्यक्तियों की हर मुमकिन मदद करें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

मथुरा

दैनिक भास्कर
शनिवार, 12 अगस्त, 2023, नोएडा 07

### 32 पव्वा देशी शराब सहित युवक पकड़ा

**मथुरा।** अडींग चौकी पुलिस ने राम नगर के समीप से एक व्यक्ति को अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर राम नगर के समीप चौकी प्रभारी प्रबल प्रताप, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने सुभाष निवासी जखनगांव को अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है।

## सार सुर्खियां

### प्रभात फेरी और तिरंगा यात्रा निकाली



चौमुहां। सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहां में आजादी के अमृत महोत्सव व मेरी मांटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत हर्षोल्लास के साथ कस्बा चौमुहां में प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा प्रधानाचार्य रूमा देवी के निर्देशन में निकाली गयी। इसमें शिक्षक ब्रजेश कुमार, अजय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। इसके पश्चात 10 बटालियन के कमान अफसर राजेंद्र सिंह कर्नल के नेतृत्व में एवं प्रधानाचार्य के निर्देशन में एनसीसी कैडेट का चयन किया गया। कमान अफसर राजेंद्र सिंह द्वारा अमृत कलश में मिट्टी का योगदान दिया गया। इसके बाद एनसीसी कैडेट की फिजिकल जांच, दौड़, सामान्य ज्ञान परीक्षा आदि का निरीक्षण किया गया। 11वीं के सैकड़ों छात्र-छात्राओं में से 10 छात्राओं एवं 20 छात्रों का चयन किया गया। 10 बटालियन टीम के सूबेदार यस पॉल, सूबेदार सुरेश कुमार, उत्तम, भारत भूषण, जसवीर सिंह, प्रीतम सिंह, लेफ्टिनेंट छोटे लाल आदि का चयन प्रक्रिया में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर ब्रजेश कुमार, अजय कुमार, कृष्णपाल, अखिलेश कुमार सिंघल, श्यामलाल, यतेंद्र कुमार, जयंत कुमार, सुभाष चंद मौर्य, सुरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, श्रीकांत शर्मा, गिरीश चंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### घुटनों की परेशानी से जूझ रहे मरीजों को मथुरा ही मिलेगा सही परामर्श



**मथुरा।** घुटनों और हड्डियों की कमजोरी की समस्या से जूझ रहे लोगों को शहर में विशेषज्ञों से परामर्श मिलेगा और प्राइमरी कंसल्टेशन के लिए उन्हें दूर मेट्रो शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद की मथुरा में ओपीडी सेवा भी शुरू की गई। ये ओपीडी सेवा हड्डी और जोड़ों से संबंधित मामलों के लिए है, जो मथुरा के कृष्णा नगर स्थित विपिन हॉस्पिटल के साथ पार्टनरशिप में शुरू हुई है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद में ऑर्थोपीडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में हुई तरक्की के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही मथुरा के मरीजों के बारे में बताया जिनके घुटनों में गंभीर समस्याएं हो गई थीं और उनका कंप्यूटर असिस्टेड नेविगेशन तकनीक से उनका सफल रिप्लेसमेंट हुआ। पब्लिक अवेयरनेस सेशन में लोगों को इन मरीजों की सफलता की कहानी बताकर जागरूक किया गया। डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने बताया कि हम इन बाइलेटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सफलता से रोमांचित हैं। 3 डी कंप्यूटर असिस्टेड नेविगेशन तकनीक ने हमें जटिल मामलों को भी सुलझाने में मदद की है जिन्हें पहले असंभव सा माना जाता था। हमारे मरीजों की जिंदगी में सुधार आ रहा है और वो फिर से रूटीन लाइफ को ठीक से चला पा रहे हैं, ये देखकर खुशी होती है। चुनौतीपूर्ण कंडीशन वाले घुटनों के इन मामलों का सफल इलाज मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद ने अपनी कुशलता का प्रमाण दिया है और अस्पताल की एडवांस तकनीक से कैसे मरीजों को मदद मिल रही है, इसे दर्शाया है।

### बाइक छीनकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

मथुरा। थाना गोवर्धन क्षेत्र के सैंत मार्ग पर अप्रैल महीने में एक व्यक्ति से दो लोगों ने बाइक छीन ली। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज कराया है। दिनेश चंद निवासी गांव पचैरा थाना कुम्हेर जिला भरतपुर का आरोप है कि 18 अप्रैल को अपने भाई रामवीर सिंह की मोटर साइकिल लेकर गोवर्धन आ रहा था। सैंत कुम्हेर मार्ग पर दो अज्ञात मोटर साइकिल ने मुझे रोक कर मारपीट कर मेरी मोटर साइकिल छीन ले गए। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर थाना गोवर्धन में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### डाक विभाग ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली प्रभात फेरी



मथुरा। भारत सरकार द्वारा चलाये गए अभियान हर घर तिरंगा 2.0 के तहत मथुरा मुख्य डाक घर के स्टाफ द्वारा एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी मथुरा मुख्य डाकघर से शुरू होकर राजीव भवन तथा सिविल लाइंस से होते हुए मुख्य डाकघर पर संपन्न हुई। प्रवर डाक अधीक्षक मथुरा राम सागर शर्मा, प्रवर डाक पाल रंजीत अग्रवाल, सहायक अधीक्षक शरद कुमार वर्मा कार्यालय सहायक देश दीपक सिंह, अक्षय यादव, प्रखर रस्तोगी, धर्मेंद्र कुमार, प्रशांत दुबे, पुनीत पाठक एवं मुख्य डाकघर के सभी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रभात फेरी के माध्यम से स्थानीय लोगों को अपने अपने घर पर इस वर्ष 13 से 15 अगस्त को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। सभी लोगों को जागरूक भी किया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस बर्ष भी भारतीय डाक विभाग मात्र 25६–रुपये मे भारतीय तिरंगा नजदीकी डाकघर मे उपलब्ध करा रहा है। प्रवर डाक अधीक्षक राम सागर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी लोग अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा ले सकते हैं। जिसकी कीमत 25 रुपए रखी गई है। ये झंडे डाकघर से भी मैनुअल खरीदे जा सकते हैं, जबकि ऑनलाइन डाक से भी डाकिये द्वारा घर बैठे मंगवाए जा सकते हैं। इस मौके पर इंस्पेक्टर एचके बत्रा, संजय शर्मा, नागेंद्र राणा, मनीष, ओमप्रकाश, राजेश रावत, प्रशांत दुबे आदि उपस्थित रहे।

### बिहारीलाल वशिष्ठ संरक्षक और अभय वशिष्ठ मार्गदर्शक बने



मथुरा। वृंदावन बाल विकास परिषद की बैठक परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान पर आयोजित हुई। जिसमें परिषद के नवीन पदाधिकारियों के चयन के साथ आगामी 21 वें श्री कृष्ण बाल मेला महोत्सव 2023 की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ को संरक्षक और शिक्षाविद अभय वशिष्ठ को मार्गदर्शक के पद पर चुना गया। परिषद के अध्यक्ष जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ विवेक अग्रवाल ने कहा कि ब्रजभूमि की बाल प्रतिभाओं के स्वर्ण सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक उत्थान के लिए श्रीकृष्ण बाल मेला महोत्सव 2023 का आयोजन पहले से और अधिक भव्य और दिव्य होगा। इसके लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उपाध्यक्ष पूर्णेन्दु गोस्वामी ने बताया कि श्रीकृष्ण बाल मेला ब्रज की बाल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रतिवर्ष ब्रज क्षेत्र के सैकड़ों स्कूल कॉलेजों के हजारों छात्र–छात्राएं मंच पर अपने सांस्कृतिक, मनोरंजक व रचनात्मक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपने अंदर छुपी बाल प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन करते हैं। चेयरमैन नवीन चैधरी एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्र और समाज का उत्थान बच्चों को संस्कारवान व शिक्षित बनाने से ही संभव हो सकता है। उसी उद्देश्य को लेकर श्रीकृष्ण बाल मेला का आयोजन 21 वें वर्ष में भी धूमधाम से किया जाएगा। वही इस अवसर पर अनुराग गोयल, अवधेश अग्रवाल, बालमुकुंद शर्मा, ठाकुर हरिवल्लभ सिंह, चन्द्र नारायण शर्मा, मुकेश कृष्ण शर्मा, निकुंज बिहारी गौतम, नरेंद्र गोस्वामी, अनुज अवधेश, जितेंद्र कुमार गौतम, शैलेंद्र सिंह, डॉ सचिन अग्रवाल, विष्णु गोला, चैतन्य शर्मा, मयंक गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप, केस दर्ज

कोसीकलां। एक व्यक्ति ने छह लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी दिनेश पुत्र हुकम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि आठ अगस्त की देर सायं गांव के ही भूपेंद्र, टीकम, वेदप्रकाश उर्फ वेदो, रामवीर, भूरा, विष्णु आदि एकराय होकर उसके घर में लाठी डण्डे लेकर घुस आये गाली–गलौच कर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान, प्रदर्शन

## किसानों स्थानीय और किसानों के लंबित मुद्दों को उठाया





**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मथुरा में कलेक्ट्रेट पर तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकाली। किसानों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। एमएसपी, छुट्टा गोवंश, बिजली विभाग की मानमानी जैसे मुद्दों के साथ ही स्थानीय मुद्दों को भी संगठन के कार्यकताओं ने प्रदर्शन के दौरान प्रशासनक के सामने उठाया। महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने कहा कि पुलिस ने किसानों के ट्रैक्टरों को कलेक्ट्रेट तक पहुंचने ही नहीं दिया है। नो एंट्री के नाम पर किसानों और ट्रैक्टरों को जगह जगह रोका गया है। इसके बाद भी बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे हैं। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर प्रशासन ने ताला जड़ दिया। इसके बाद सभी किसान गेट पर ही धरने पर बैठ गए और रोड को जाम कर दिया।

करीब आधे घंटे के बाद पुलिस प्रशासन ने गेट को खोला। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि वृंदावन में नो एंट्री के नाम पर पुलिस द्वारा किसानों को परेशान किया जाता है जो किसान चरी बाजरा मक्का लेकर वृंदावन आते हैं उनके साथ पुलिस प्रशासन अभद्र व्यवहार करता है। पूरे वृंदावन में नो एंट्री के नाम पर जनमानस का उत्पीड़न किया जाता है।

गजेंद्र सिंह गावर ने कहा कि वर्तमान केंद्र प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है। अभी तक एमएसपी पर कानून नहीं बनाया है। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चैधरी करुआ सिह, लोकेश कुमार राही, राजवीर सिंह, प्रदीप जरेलिया, गिर्राज सिंह परिहार, चुनमुन चौधरी, परसोत्तम निषाद, नगर उपाध्यक्ष विनोद निषाद, सूरज निषाद, दीपक निषाद, राजेश कुमार, मुजाहिद कुरैशी, फैजान कुरैशी, राकेश चौधरी, लुकुट बिहारी, श्याम बाबा, अशोक, अनिल शर्मा, सुभाष, गंगाराम निषाद, चिराग उद्दीन, सौरभ तोमर आदि किसान इस दौरान मौजूद रहे।

### 1857 की क्रांति का गवाह है अडींग का टीला



**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** गोवर्धन मथुरा मार्ग पर बसा गांव अडींग आजादी के शिल्पकारों की भूमि रहा है। यहां की मिट्टी शौर्यगाथा की खुशबू आती है। अंग्रेजी हुकूमत ने ब्रज क्षेत्र में साल 1857 की क्रांति को कुचलने के लिए 70 क्रांतिकारियों को फांसी पर चढ़ा दिया था। महीनों तक ग्रामीणों पर बराबर जुल्म ढाए गए। खंडहर के रूप में मौजूद भरतपुर में नरेश सूरजमल की हवेली आजादी के दीवानों की शहादत की आज भी गवाह बनी हुई है। यहां के लोगों का स्वाधीनता आंदोलन में योगदान इतिहास के पन्नों पर अंकित है। अडींग में आजादी के आंदोलनों की बढ़ती संख्या के कारण ब्रिटिश हुकूमत ने यहां पुलिस चौकी की स्थापना कर दी थी। साल 1857 के गदर के समय एक सिपाही अख्तियार ने बैरकपुर छावनी में कंपनी कमांडर को गोली से उड़ा दिया। बैरकपुर छावनी से मेरठ होते हुए देश में जगह जगह अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की पुकार सुनाई देने लगी। वही मथुरा में भी क्रांति की चिंगारी सुलग उठी।

### युवक ने साधु पर किए चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार

● हमले में साधु बुरी तरह घायल



**भास्कर ब्यूरो**

**सौंख।** थाना मगोर्रा के गांव नगला आशा में शुक्रवार की सुबह मामूली विवाद में एक युवक ने साधू पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसमें साधू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गुरुवार की शाम गांव का एक युवक स्थानीय मंदिर में पहुंचा। युवक रात को मंदिर परिसर में ही ठहरा। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह युवक का किसी बात को लेकर मंदिर के महंत हरिगिरी साधु से विवाद हो गया। इस पर युवक ने पास में रखे चाकू से साधू पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। इससे साधू बुरी तरह घायल हो गया। शोर शराबा और चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मंदिर की दौड़े तब तक युवक भाग गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और साधु को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। इस बारे में थाना प्रभारी मगोर्रा पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि युवक ने साधु को चाकू के वार से घायल कर दिया था। साधु की तहरीर पर गांव के ही आरोपी युवक नीतेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत नौहझील पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक



**भास्कर ब्यूरो**

**बाजना।** नौहझील पुलिस ने गुरुवार को कस्बा नौहझील स्थित किरन देवी इण्टर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को जागरूक किया जिसमें छात्राओं को एकजुट रहने और गलत कार्यो का डटकर सामना करने के लिए जागरूक किया,रास्ते मे या चौराहों पर मनचलों द्वारा की जाने वाली छींटाकशी या अभद्र व्यवहार से परेशान न हों बल्कि उनका विरोध करें और तत्काल पुलिस को सूचित करें।सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस सहायता दी जाएगी।

नौहझील इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के स्कूलों गली मोहल्लों और गांव में जाकर महिलाओं और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।उनके अंदर डर को निकालकर गलत लोगो का डटकर सामना करने और पुलिस को सूचित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।थाना क्षेत्र में किसी छात्रा या राह चलती महिलाओं पर छींटाकशी या अभद्र व्यवहार किया गया तो उन्हें सबक सिखाया जाएगा और जेल भेजा जाएगा।

### नैनूपट्टी के ग्रामीणों ने प्रधान के साथ ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

#### नैनूपट्टी में आयोजित हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** ग्राम पंचायत नैनूपट्टी में आजादी के अमृत महोत्सव की 76वी वर्षगांठ के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम एवं वाटिका अमृत कुंज पर्यावरण संरक्षण पर ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया। जिसमें ग्राम प्रधान डॉ देवेन्द्र सिंह ने अगुवाई करते हुए सभी संभ्रांत लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में युवाओं ने पूरे जोश और जुनून के साथ शहीदों का वंदन किया तथा देश की माटी को नमन करते हुए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेरी माटी मेरा देश का संदेश दिया। जिसमे ग्राम सचिव विजय राज , सभी सदस्य , बनेसिंह , बाबू चौधरी , नवीन , राजू, रवि , पंचायत सहायक एवम्‌ सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे । ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत में ग्राम स्तरीय बैठक और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 10 अगस्त से 20 अगस्त तक लगातार चलेगा और 22 गांव में एक जन चेतना लाने का काम करेगा । जिससे देश की माटी को नमन करते हुए एवं शहीदों को वंदन करते हुए किसानों और जवानों को आजादी के अमृत काल में याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया जाएगा।

### हत्या में वांछित चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार



**भास्कर ब्यूरो**

**वृंदावन।** करीब दो सप्ताह पूर्व एक युवक की हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो नामजद आरोपियों को पुलिस ने श्रीपाद बाबा धर्मशाला के पीछे निमार्णाधीन रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 27 जुलाई को मोतीझील के निकट निमार्णाधीन एक आश्रम के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए। वहीं अगले दिन अज्ञात शव की जानकारी लगने पर पोस्टमार्टम गृह पहुंचे जीतू पुत्र अशोक निवासी गांव गढ़सौली थाना बल्देव ने शव की शिनाख्त अपने भाई अंगद ( 28 ) के रूप में की। जीतू ने बताया कि उसका भाई वृंदावन में मजदूरी करता था। 27 जुलाई को वह मजदूरी करके वापस आया तभी उसके दोस्त जीतू उर्फ जितेंद्र निवासी नगला थना थाना राया एवं राकेश निवासी गोविंद घेरा चुंगी चौराहा उसे बातो में लेकर ले गए थे। बताया कि अगले दिन सुबह उन्हें जानकारी हुई कि अंगद की हत्या हो गई है। वहीं मृतक के भाई द्वारा बुधवार को थाना वृंदावन में दोनों नामजदों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान पाया गया कि मृतक अंगद तथा आरोपी जीतू और राकेश आपस में अच्छे दोस्त थे, तीनों ही शराब का सेवन करते थे। 27 जुलाई को उक्त दोनों अंगद को शराब पीने के बहाने धौरेरा स्थित देशी शराब ठेके पर ले गए, ये तीनों शराब के ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरों में साथ देखे जा रहे हैं। बताया कि दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म इकबाल करते हुए बताया कि अंगद कभी शराब के पैसे नहीं देता था, इसको लेकर पहले भी उससे झगड़ा हुआ था। झगड़े का बदला लेने के लिए वे दोनों उसे ठेके पर ले गए और ठेके के पास तीनों ने मिलकर शराब पी। इसके बाद वह अंगद को बाइक पर बैठाकर मोतीझील के पास ले आए और उसे जमीन पर गिरा लिया। राकेश ने उसके हाथ पकड़कर दबा लिया तथा जीतू ने ईंट के टुकड़े से अंगद के सिर में वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बिचौलियों पर सख्त दिखे डीएम, होगी कार्यवाही

## मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी ने दिये निर्देश



**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत चयनित 61 अस्पतालों की सूची सहित विभिन्न बीमारियों का होने वाले इलाज का विवरण प्रदर्शित करवाएं। विभिन्न अस्पतालों के डॉक्टरों को जोड़ा जाए दिन निर्धारित करते हुए, जो नि शुल्क भाव से मथुरा वासियों को सेवा और चिकित्सा परामर्श दे सकें। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव गांव जाकर किसान सहायक द्वारा ड्राप मोर क्राप-माइक्रोइरीगेशन योजना के अंतर्गत किसानों को चयनित किया जाए और बिचौलियों को दूर रखा जाए तथा बिचौलियों की शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्यवाही अमल में लाकर शासन को अवगत कराया जायेगा। कार्य संतोषजनक न किए जाने पर जिलाधिकारी ने फटकार लगाई। सहकारिता विभाग से जिन व्यक्तियों ने लोन लिया है उन टॉप टेन से वसूली करें। जनपद मथुरा में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नंदगांव, छाता, राया तथा चौमुहां ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी को छोड़कर शेष खंड विकास अधिकारी को श्रमिक पंजीकरण की सूचना न देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। नवोदय विद्यालय समिति का रिट्रोफिटिंग कार्य का सत्यापन लोक निर्माण तथा जिला विद्यालय निरीक्षक करें।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में आठ रजिस्टर्ड कार्यदायी संस्थाओं की रिपोर्ट लेकर ब्लैकलिस्टेड करें और संबंधित जेई के खिलाफ विभागीय चेतावनी जारी की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार वर्मा, पीड़ी अरुण कुमार उपाध्याय, अर्थ एव संख्या अधिकारी अजया चैधरी, डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह, उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अभियान: 13. 88 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा



**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** जिले भर में 13.88 लाख बच्चों को अभियान चलाकर पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत एक से 19 साल तक के 13. 88 लाख बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी । अभियान के दौरान छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है, जबकि बड़े बच्चे गोली चबाकर खा सकेंगे। जिले में 17 अगस्त को मॉप-अप राउंड चलेगा। मॉप अप राउंड के अंतर्गत टीम स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर छूटे बच्चों व किशोर किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुये कहा कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर एल्बेंडाजोल की दवाएं अवश्य खिलाएं । राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज में 2700 छात्रों ने दवा खाई। जनपद के शहरी क्षेत्र स्थित के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं ब्लैक स्टोन स्कूल से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ हुआ। मा व जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय कुमार वर्मा और जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने स्कूल की छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मदद से एक से पांच साल तक के बच्चों को दवा दी जाएगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में छह से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों-किशोरियों को शिक्षकों की मदद से दवा खिलाएंगी। बीबीके आर गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राऐं बताती हैं कि उनकी शिक्षिका ने क्लास के सभी बच्चों को 10 अगस्त को स्कूल आकर एल्बेंडाजोल की टैबलेट खाने के बारे में बताया था। उन्होंने यह भी बताया कि यह दवा खाने से पेट के कीड़े निकल जाते हैं और आप पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे। यह हैं कृमिनाशक दवा खाने के फायदे यह हैं। इस मौके पर के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डा शालिनी , डा भूदेव, डा अमित कश्यप, डा रोहितास, डीसीपीएम पारुल शर्मा, अर्बन कॉर्डिनेटर फौजिया खानम आदि मौजूद रहे ।

### सैकड़ों लोग अधिकारियों को सुनाने पहुंचे 'आशियाना उजड़ने की दर्द'

**मथुरा।** शुक्रवार को सैकड़ों लोग अधिकारियों को अपने आशियाना उजड़ने का दर्द सुनाने पहुंचे। इन लोगों की मांग थी कि उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। वृंदावन और मथुरा के बीच रेलवे लाइन के गेज परिवर्तन के चल रहे कार्य से प्रभावित सैकड़ों लोग शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सुबह ये लोग कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर एकत्रित होने शुरू हो गये थे। धीरे धीरे इनकी संख्या में इजाफा होने लगा। महिला, पुरुष और बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय मुख्य गेट को बंद कर दिया गया और बडी संख्या में यहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। रालोद नेता कुंवर नरेन्द्र सिंह इन लोगों का नेतृत्व कर रहे थे। जब ये लोग जिलाधिकारी से मिलने के लिए निकले तो पुलिस ने गेट पर ही रोक दिया। इससे नाराज लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी से मिलने की मांग कर रहे थे, जबकि मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी इस बात के लिए राजी नहीं थे। दोनों ओर से इसी जद्दोजहद में करीब एक घंटे का समय निकल गया। प्रदर्शनकारी इस बीच अधिकारियों पर उनकी बात नहीं सुनने और मनमानी करने का आरोप लगाने लगे। इसके बाद बीच का रास्ता निकालाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे गेट पर पहुंचे। उन्होंने वहां जमे लोगों से बात की और उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला और अपनी बात रखी। लोगों ने अपने मकान संबंधी दस्तावेज, नगर निगम की हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और अपने वोटर कार्ड, आधार कार्ड एवं विद्युत बिल भी डीएम के समक्ष प्रस्तुत किए।

# जन्माष्टमी: भीड नियंत्रण की कार्य योजना पर माथापच्ची

## डीएम, एसएसपी ने ली अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बैठक में पूर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में ड्यूटी की उन अधिकारियों से सुझाव तथा अन्य एडिशनल व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि यातायात प्रबंधन व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान तैयार रहे और पार्किंग डयावर्जन प्रॉपर रहे। बरसात होने पर पानी की निकासी हेतु पर्याप्त व्यवस्था करें। भीड़ नियंत्रित करने की कार्य योजना बनाई जाए, भीड़ को एकत्रित न होने दें, निकासी द्वार की सीडी पर किसी कों खड़ा न होने दें। मानवता के प्रति अपनी जवाबदेही रखें और पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष बेहतर से बेहतर व्यवस्था करनी हम सबकी जिम्मेदारी है। व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए होटल, मंदिर, धर्मशाला आदि के लोगों के साथ संवाद स्थापित करें। ड्यूटी में कार्यरत अधिकारी तथा कर्मचारी अपना व्यवहार सकुशल बनाए रखें। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर प्लानिंग के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की व्यवस्था की जाएं। एडवांस प्लानिंग करते हुए टीम भावना के साथ वर्क करें, पुलिस अधिकारी तथा मजिस्ट्रेट मंदिर प्रबंधन के साथ बैठक करें और मौके पर जाकर मंदिर प्रबंधन के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेने। पार्किंगो के टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दें, विद्युत लाइनों को प्लास्टिक कवर से कवर किए जाएं और लटके हुए तारों को ठीक कराया जाए, अतिक्रमण हटाया जाए। श्री खरे ने अधिकारियों से कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से एक सप्ताह पहले सभी कार्यवाही कर लें और किसी भी व्यवस्था में कोई कमी न रहे।

दैनिक भास्कर

आगरा

08 शनिवार, 12 अगस्त, 2023, नोएडा

एक बार तुम्हारे भीतर का गुलाम गायब हो जाए, तो तुम बादशाहो के भी बादशाह बन जाओगे।

# जालसाज लिपिक पर एक और मुकदमा

## मुकदमे में फाइनेंस कंपनी संचालक, जलकल जीएम, जेई और बैंक प्रबंधक भी नामजद

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** जालसाज जलकल विभाग के लिपिक हर्षित शर्मा और उसके गैंग द्वारा ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। इस बार फाइनेंस का काम करने वाले युवक ने उसके नौ ग्राहकों को नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 34 लाख रुपए की ठगी करने की शिकायत सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर थाना सदर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शातिर पर इससे पहले अलग - अलग थानों में लगभग 1 करोड़ की ठगी के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

बता दें की जलकल विभाग में

- **फाइनेंस कर्मचारी के 9 ग्राहकों को नौकरी के नाम 34 लाख से ठगा**

पिता अशोक शर्मा की जगह मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने वाले लिपिक हर्षित शर्मा ने ठगी का काम करने के लिए पूरा गैंग बनाकर काम किया था। इस काम ने उसकी मां, पत्नी, दोस्त, फाइनेंस कंपनी संचालक और जलकल विभाग के लोगों को भी शामिल कर रखा था।

माल रोड निवासी शिवेंद्र चौहान ने न्यायालय के माध्यम से मुकदमा दर्ज




कराया है। शिवेंद्र का आरोप है कि हर्षित शर्मा का दोस्त विकास सिंह उसके फाइनेंस के आफिस में आता था और उसने उनसे सरकारी नौकरी लगाने के लिए पैसों की बात की थी पर उसने मना कर दिया था। उसके पिता की तबियत खराब होने पर वो कुछ समय आफिस नहीं आया और उस दौरान विकास ने उसके साथी अरविंद को बातों में फंसा लिया। इसके बाद अरविंद ने उसके नौ ग्राहकों को सरकारी नौकरी का लालच दिया और उनसे अलग - अलग करीब 33 लाख 80 हजार रुपए ले लिए। नौकरी न लगने पर जब तकादा करने वाले उसके आफिस आए तो उन्हें जानकारी हुई। शिवेंद्र के अनुसार आरोपी ने जलकल विभाग के तत्कालीन जीएम राधेश्याम यादव, जेई नरेंद्र, और उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के प्रबंधक सुमित अग्रवाल के साथ मिलकर ठगी का काम किया है।

## पुलिस कार्रवाई से परेशान होकर ट्रांसपोर्टरों ने मंडलायुक्त से लगाई गुहार

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस कमिश्नर प्रीतिंदर सिंह के आदेश पर अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से वाजिब व्यापारी भी परेशान हो रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि उनके पास कागज होने पर भी अवैध खनन का आरोप लगाकर पुलिस उनकी गाडियां बंद कर रही है। इसके चलते व्यापारियों का कारोबार ठप्प हो रहा है। व्यापारियों ने मंडलायुक्त ऋतु महेश्वरी को ज्ञापन देकर मदद की गुहार लगाई है। आगरा के ट्रांसपोर्टरों का कहना है की वो लोग मध्य प्रदेश से गिट्टी और डस्ट लेकर आगरा आते हैं। हमारे पास खनिज के कागज और वाहन संबंधी सभी कागज मौजूद होते हैं। पूरा व्यापार एक नंबर का होते हुए भी पुलिस की कार्रवाई से जूझना पड़ रहा है। पुलिस गाड़ी रोक कर बंद कर देती है। इसके चलते व्यापार में नुकसान तो हो ही रहा है। आम जनता को महंगे दामों में माल खरीदना पड़ रहा है। मंडलायुक्त ने उनकी मांग पर पुलिस कमिश्नर से वार्ता कर उचित मदद का आश्वासन दिया है।

- **अवैध खनन के नाम पर कागज होते हुए भी पकड़ रही पुलिस**

## सार सुर्खियां

### फिल्म गदर 2 ने मचाया 'गदर'

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म गदर 2 सिनेमाघरों में हाउसफुल रही। दर्शकों ने फिल्म देखने के बाद पाकिस्तान मुदार्बाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। ईद,बकरीद और होली, दिवाली जैसे त्योहारों पर दिखने वाली टिकटों की ब्लैकिंग गदर 2 के सभी शो में दिखाई दी। आगरा के संजय प्लेस सिनेमा हाल में फिल्म शुरू होने से एक घंटा पहले ही टिकट खिड़की पर हाउस फुल का बोर्ड लग गया और खुलेआम टिकटें ब्लैक हुई। दर्शक हर कीमत पर फिल्म देखने के लिए लालायित नजर आए। इस दौरान पुलिस व्यवस्था न होने के का ब्लैकियों ने पूरा फायदा उठाया है।

- **सिनेमा हाल के बाहर लगे हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे**
- **सालों बाद सिनेमाहालों के बाहर लगी ब्लैकियों की भीड़**

### फ्लाइट लेफ्टिनेंट के घर का ताला तोड़कर चोरी

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** शाहगंज के वायु विहार निवासी फ्लाइट लेफ्टिनेंट के घर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर एलईडी टीवी समेत काफी सामान चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। वायु विहार निवासी राजिंदर सिंह एयरफोर्स में फ्लाइट लेफ्टिनेंट हैं। राजिंदर ने बताया की वो करीब 20 दिन से घर पर नहीं थे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा की घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एलईडी टीवी और किराने का सामान चोरी कर लिया है। पुलिस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### कलेक्ट्रेट पर सपेरों ने बजाई बीन

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर शुक्रवार को सपेरों ने बीन बजाकर प्रदर्शन किया। सपेरों की मांग है की वन विभाग द्वारा सांपों को पकड़कर खेल दिखाने वाले दो सपेरों को पकड़ कर जेल भेजा गया है, उनकी रिहाई की जाए। सांप पलना उनका परंपरागत जातीय व्यवसाय है। अगर उन्हें इस काम से वंचित किया जा रहा है तो उन्हें सरकारी नौकरी या व्यापार करने के लिए पांच लाख रुपए प्रति परिवार मदद दी जाए। जिलाधिकारी कार्यालय पर उनका ज्ञापन लेकर न्यायोचित कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

### कैंसर पीड़ित को पुलिस ने दिलाई नई बाइक

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** एसएन मेडिकल कालेज इलाज के लिए आए एक कैंसर पीड़ित मरीज की बाइक चोरी होने के बाद उसकी परेशानी देखते हुए पुलिस ने न सिर्फ उसका मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की , बल्कि आपस में चंदा कर के उसे नई बाइक दिलाई, ताकि पीड़ित को इलाज के लिए आने जाने में कोई परेशानी न हो। थाना प्रभारी कुशलपाल ने पीड़ित की परेशानी समझ कर खुद चंदा इकट्ठा किया और जब पीड़ित को नई बाइक सौंपी तो पीड़ित की आंखों में आंसू आ गए। पुलिस के इस कार्य की शहर में जबरदस्त प्रशंसा हो रही है।

## सार सुर्खियां

### वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना जरूरी



**इकदिल/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। अभिभावक गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने भाग लिया और शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, फिजा अंसारी, अंजली यादव, लक्ष्मी, दीक्षा, शिवानी राजपूत, अंजली शाक्य, सेजल श्रीवास्तव आदि उपस्थिति रहीं।

### दुश्मन के दरबार मे मजलिस की नींव रखी



**इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में मेंहदी अब्बास की ओर से राहत अकील के सैदबाड़ा शरीफ मंजिल स्थित इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस का शुभारंभ तस्लीम रजा, सलीम रजा ने सोजख्वानी से किया। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी, हाजी अरशद मरगूब, शावेज नकवी, राहत हुसैन रिजवी, एहतराम हुसैन, शीलू, पिंकू, तनवीर हसन, अयाज हुसैन, शब्बर अकील, हम्माद, सोनू, आतिफ, जीशान हैदर, अख्तर अब्बास, इबाद रिजवी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अंजुमन हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नकवी ने बताया कि 12 अगस्त दिन सनीचर को रात 8 बजे पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में सफीर हैदर की ओर से मजलिस होगी।

### आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम



**भरथना/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** भारत देश की आजादी कि 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारत सरकार आजादी का अमृत महोत्सव समूचे भारतवर्ष में बहुत ही धूमधाम से मनाया ज रहा है। ऐसा ही वाकया उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट मोढीं ब्लॉक भरथना में भी देखने को मिला जहां विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राएं इस कार्यक्रम में चार चांद लगाते नजर आए। एक मटकी को तिरंगे के कलर में बहुत ही प्यारा सा सजाया गया जिसमें बारी-बारी से सभी शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने हमारे देश की माटी चंदन को उस मटकी में डाला और राष्ट्रप्रेम का गीत गाया।

### बच्चों की दी मतदान की जानकारियां



**टूंडला (भास्कर ब्यूरो)।** चैतन्य टेक्नो स्कूल, फिरोजाबाद में हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल, सांस्कृतिक प्रभारी और खेल कप्तान के लिए छात्रों के चयन के लिए चुनाव हुए। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने वोटिंग की। कपिल सक्सैना ने बताया कि पिछले दो वर्षों से चुनाव आयोजित कर रहे। चैतन्य टेक्नो स्कूल में 6 पदों के लिए 18 छात्रों ने चुनाव लड़ा। इस बार चुनाव 7 अगस्त को हुए थे। इस सह शैक्षणिक गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देना है ताकि वे चुनाव प्रक्रिया व सही प्रत्याशी का चयन और अपने मताधिकार का प्रयोग के बारे में जान सकें। साथ ही संविधान में लिखित राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री चुनाव आदि का प्रक्रिया की जानकारी हो। इस मौके पर प्रधानाचार्या भार्गवी नायक के अलावा समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# खुशखबरी: अब किसानों को नलकूप के लिए 10 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को अनिवार्य मिलेगी 18 घंटे बिजली

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा अब नलकूपों के लिए तय दस घंटे की बिजली आपूर्ति दी जाएगी। किसी कारणवश अगर फाल्ट की वजह से बिजली काटी गई तो उतने समय की बिजली अतिरिक्त समय में आपूर्ति की जायेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में तय 18 घंटे बिजली आपूर्ति भी अनिवार्य रूप से की जायेगी। यूपीपीसीएल के चेयरमैन के द्वारा दिए गए निदेर्शों के बाद एमडी डीवीवीएनएल ने आदेश जारी किए हैं। विधायक धर्मपाल सिंह ने एमडी से मुलाकात कर सरकार और ऊर्जा मंत्रालय का आभार जताया है। बता दें की किसानों को नलकूपों के लिए दस घंटे की बिजली आपूर्ति के सरकार द्वारा आदेश दिए गए थे। इसके बाद भी किसान



अधिकतर फाल्ट और अन्य कारणों के चलते पूरी आपूर्ति न मिलने की शिकायत करते थे। आगरा की एत्मादपुर विधानसभा से विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने इसके लिए ऊर्जा मंत्री और यूपीपीसीएल के चेयरमैन से मुलाकात की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस विषय पर पत्राचार भी किया था। इसके बाद किसानों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यूपीपीसीएल के चेयरमैन ने नए निर्देश जारी किए हैं।

एमडी डीवीवीएनएल अमित किशोर ने बताया की चेयरमैन यूपीपीसीएल के निर्देश पर अब दक्षिणांचल द्वारा को भी कार्य कराए जायेंगे,उनका विश्वस्त कंपनियों द्वारा तीसरी संस्था द्वारा निरीक्षण कराया जायेगा। कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए जायेंगे। इसके साथ ही नलकूपों के लिए 10 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। किसी कारण से आगे तय समय ने फाल्ट होता है तो अतिरिक्त समय देकर आपूर्ति की जायेगी। प्रतिदिन नलकूप को दस घंटे जरूर बिजली दी जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति अनिवार्य की गई है।

## भांजे ने ठगी बुलेट बाइक, बहन ने पांच लाख, मुकदमा

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र निवासी युवक ने अपनी बहन,जीजा और भांजे पर ठगी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है की पहले बहन ने कई बार में पांच लाख रुपए उधार लिए और फिर भांजा उनकी बुलेट बाइक लेकर चला गया।

अब वो पैसे और बाइक दोनों देने से इंकार कर रहे हैं। जीजा के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट और अभद्रता की जा रही है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

ट्रांस यमुना क्षेत्र निवासी सूरज सिंह का आरोप है की सिकंदरा क्षेत्र निवासी उनकी बहन सीमा देवी ने उनसे कई बार में पांच लाख रुपए उधार लिए थे। उनका बेटा आर्यन उनसे बुलेट बाइक मांग कर ले गया। अब जब उनसे बाइक और पैसे वापस मांग रहे हैं तो वो पैसे नहीं दे रहे और न बाइक लौटा रहे हैं। आरोपियों ने सिकंदरा के भावना स्टेट क्षेत्र बुलाकर बुरी तरह मारपीट की है। बहन, जीजा और भांजा उसको धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर थाना सिकंदरा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शमशाबाद पुलिस ने पकड़े एटीएम फ्रॉड

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** थाना शमशाबाद पुलिस ने अंतरराज्यीय एटीएम फ्रॉड गैंग के 2 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए अभियुक्तों से 7 एटीएम कार्ड सहित 1 लाख 2 हजार रुपए की नकदी बरामद हुई है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वो लोग एटीएम मशीन में पैसे निकालने आये लोगों के पीछे खड़े हो जाते थे और उनके एटीएम का पिन नंबर देख लेते थे। इसके बाद पैसे निकालने में मदद के बहाने उनका एटीएम बदल खाते से पैसे निकाल लेते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है और उनके गैंग के बारे में जानकारी जुटना शुरू कर दिया है।

डीसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी



देते हुए बताया की इसी एटीएम फ्रॉड गैंग के कुछ गुर्गों ने मई महीने में भी शमशाबाद क्षेत्र में एक घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस द्वारा दोनों अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला है कि पकड़े गए आरोपियों में संजय राठौर पुत्र मोहन सिंह पर अलग अलग धाराओं में 12 मुकदमें वहीं दूसरे आरोपी प्रेम राठौर पुत्र जयपाल राठौर पर 11 मुकदमें पहले से ही दर्ज हैं।

यह लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में घूमकर इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। अभी शहर में कई वारदातें हुई हैं। इनकी तस्वीर और उक्त घटनाओं में मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनके द्वारा की गई अन्य वारदातों की भी जानकारी की जा रही है।

## सपा राष्ट्रीय महासचिव के स्वागत में बिना अनुमति रैली निकली, कार पर किए स्टंट

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र चौधरी के स्वागत में कार्यकताओं ने ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा दी। एमजी रोड पर बिना अनुमति रैली निकाली और साथ ही हूटर बजाते हुए कार की खिड़कियों पर लटक कर स्टंट और नारेबाजी की। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी हुई। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस चालान की कार्रवाई की बात कह रही है। बता दें की शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र चौधरी का आगरा आगमन हुआ। उनके आगमन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जगह - जगह उनका स्वागत किया। उनकी गाड़ियों के पीछे कार्यकताओं ने अपनी गाडियां लगाकर उसे रैली की शक्ल दे दी। नेता को देख कार्यकर्ता इस कदर बेलगाम हो गए की नियमों को धता बताते हुए तेज गति से कार चलाते हुए हूटर बजाए और कार की खिड़कियों पर लटक कर नारेबाजी करते हुए स्टंट किए। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो वांछित आरोपी गिरफ्तार किये।

वादी द्वारा थाना सैफई पर नाबालिग पुत्री को 2 व्यक्तियो द्वारा अपने घर ले जाकर छेडखानी करने एवं विरोध करने पर उसके भाई को जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे लिखित तहरीर दी गयी। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निदेर्शो के क्रम मे थाना सैफई पुलिस द्वारा पुष्पेन्द्र यादव पुत्र महेन्द्र सिंह, राजू बाथम पुत्र लाल सिंह बाथम को गिरफ्तार किया गया था। इसी के क्रम में आज थाना सैफई पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर दो आरोपियों शैलेन्द्र कुमार, विवेक कुमार को गींजा गांव की तरफ जाने वाले तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

## बीच चौराहे पर मनाया बर्थडे कार के बोनट पर काटा केक

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** थाना न्यू आगरा के अंतर्गत भगवान टाकीज चौराहे पर एक व्यक्ति ने बीच चौराहे पर अपनी बच्ची का बर्थडे मनाते हुए कार के बोनट पर रखकर केक काटा। गाड़ी म्यूजिक की आवाज तेज कर नाचते हुए केक को आगे गाड़ी के बोनट पर रखकर काटा गया। इसके बाद वहां से गुजर रहे लोगों को भी केक खिलाया। लोगों ने जब वीडियो बनाया तो उसने चालान से कोई डर न होने और मशहूर हो जाने की बात कही। वीडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। घटना गुरुवार रात की है। भगवान टॉकीज चौराहे से थाना न्यू आगरा करीब दो सौ मीटर की दूरी पर है। वीडियो में दिख रहा है कि चौराहे पर देर रात एसयूवी गाड़ी में सवार एक फैमिली उतरती है। उसमें से एक शख्स कुछ बच्चों और महिला के साथ बाहर निकलता है। एक बच्चा गाड़ी की स्टेयरिंग पकड़े हुए ड्राइवर सीट पर बैठा रहता है। जबकि अंदर बैठा व्यक्ति गाड़ी में म्यूजिक बजाकर गाड़ी की विंडो को खोल देता है। इसके बाद आवाज दूर-दूर तक गूंजने लगती है।

# हिंदूवादियों के विरोध के चलते अक्षय की ओह माय गॉड-2 को नहीं मिले दर्शक

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** अभिनेता अक्षय कुमार की नई फिल्म ओ माय गॉड 2 रिलीज होने के बाद शहर में उसका विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। श्री टॉकीज में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने फिल्म का विरोध किया और अक्षय कुमार के पुतले का दहन किया। हंगामे और विरोध के चलते ओएमजी 2 को दर्शक नहीं नसीब हुए और पहले ही दिन गदर 2 के मुकाबले फिल्म बिलकुल पिटी नजर आई।

राष्ट्रीय बजरंग दल के ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष रौनक ठाकुर के नेतृत्व में श्री टॉकीज के बाहर ओ माय गॉड 2 के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई और विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मौके पर क्षेत्रीय पुलिस भी मौजूद रही। राष्ट्रीय हिंदू परिषद के गोविंद पाराशर और उनके कई कार्यकर्ताओं ने अक्षय कुमार की ओ माय गॉड 2 फिल्म के रिलीज होने से पहले विरोध किया था और अक्षय कुमार के पोस्टर पर कालिख पोती थी।

गोविंद पाराशर ने ऐलान किया था कि जो भी अक्षय कुमार को थप्पड़ मारेगा या उसके मुंह पर कालिख पोत आएगा, उसे दस लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। हिंदूवादी संगठनों का कहना है कि इस फिल्म में महादेव को कचौड़ी लेते हुए, गंदे पानी में नहाते हुए दिखाया गया है और इस फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया गया है। जिसे बच्चों और परिवार के लोगों के साथ नहीं देख सकते। अगर फिल्म के ऐसे सीन पर रोक नहीं लगाई गई तो राष्ट्रीय बजरंग दल पूरे भारत में इस फिल्म का विरोध करेगा।

# कैंप लगाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से श्रमिकों को करेंगे जागरूक

भास्कर ब्यूरो

**फिरोजाबाद।** प्रदेश शासन की मंशा और प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में 5 अगस्त को आयोजित की गई समीक्षा बैठक में जारी किए गए दिशा निदेर्शानुसार के दिनांक 17 से 29 अगस्त तक, प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक श्रम विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में कैम्प लगाया जा रहा है। जिसमें, श्रमिकों का पंजीयन, पूर्व के पंजीकृत श्रमिकों का पात्रता के आधा? पर नवीनीकरण व श्रमिकों के आधा? का उनके पंजीयन पहचान पत्र के सापेक्ष सत्यापन, श्रमिकों की फैमिली आईडी प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड, बीओसी बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं पात्र श्रमिकों के योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और बीओसी बोर्ड द्वारा प्राप्त कराई गई श्रमिकों की सूची के अनुसार उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

### कैम्प का रोस्टर

17 अगस्त - विकासखंड कार्यालय नारखी। 18 अगस्त - विकासखंड कार्यालय शिकोहाबाद। 21 अगस्त - विकासखंड कार्यालय सदर फिरोजाबाद। 22 अगस्त - विकास खंड कार्यालय अरांव। 23 अगस्त - विकास खंड कार्यालय टूंडला। 24 अगस्त - विकासखंड कार्यालय मदनपुर। 25 अगस्त - विकास खंड कार्यालय हाथवंत / खैरगढ़। 26 अगस्त - विकास खंड कार्यालय एका।

## जिला मुख्यालय पर किसानों का प्रदर्शन, ट्रैक्टर लेकर घुसे

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** शुक्रवार को किसानों ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर जमकर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सैकड़ों किसानों ट्रैक्टरों पर तिरंगा झंडा लगाकर रैली निकाली। ट्रैक्टरों के साथ किसान नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में दाखिए हो गए और जमकर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने कहा कि आगरा में टोरंट पॉवर द्वारा करीब 300 से अधिक निजी नलकूप धारक किसानों को अनाप-शनाप बिल भेजे दिए गए हैं। वहीं केसीसी के नाम पर किसानों पर अतिरिक्त ब्याज लगाकर उनका शोषण किया जा रहा है। इन समस्याओं से जूझ रहे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। किसानों 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। साथ अल्टीमेटम दिया कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। किसान नेता रणवीर सिंह चाहर और बुद्धा सिंह प्रधान ने भी किसानों की समस्याएं उठाईं। नेता द्वय ने कहा कि पिछले माह 23 जुलाई को राकेश टिकैत आगरा आए थे। तब किसानों की कई मांगें मान ली गईं थीं। उनमें से कुछ मांगों को लेकर प्रशासन स्तर पर लेटलतीफी बरती जा रही है। 15 सितंबर तक मांगें पूरी नहीं की गईं तो भाकियू नेता राकेश टिकैत आगरा में फिर बड़ी महापंचायत करेंगे।

# जॉब के नाम पर ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## कर्मचारी ने खोली ठगी की पोल, लग्जरी कार, सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** जॉब ऐप के माध्यम से नामी कंपनी के नाम पर बेरोजगार युवाओं से रुपए लेकर भर्ती करने के बाद शातिर ठग लाखों की ठगी कर रहा था। कर्मचारी को शक होने पर मामले का खुलासा हुआ और पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से फर्जी आईडी पर लिए सिम समेत काफी सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।

थाना हरिपर्वत पुलिस को लायर्स कालोनी निवासी कुश कालरा ने ठग के बारे में सूचना दी थी। कुश ने बताया था की उसने अपना जॉब नामक ऐप से शुभ एसोसिएट नामक कंपनी में नौकरी का



आवेदन किया था। शुभम आडवाणी निवासी छत्तीस गढ़ ने आवास विकास स्थित आफिस में इंटरव्यू लिया और 2 हजार रुपए कंसल्ट फीस लेकर शुभम ग्रुप आफ कंपनीज में असिस्टेंट मैनेजर की नौकरी पर रख लिया। शुभम ने ज्वाइनिंग लेटर नहीं दिया और ट्रेनिंग के बाद लेटर मिलने की बात कही। इसके बाद उसने मोबाइल कंपनियों के मैनेजरों को बुलाकर सभी कर्मचारियों के लिए आफिशियल सिम खरीदने के लिए मीटिंग करवाने को कहा। शुभम ने अथॉरिटी लेटर मेरे नाम बनवा कर मीटिंग होने के बाद एक मोबाइल कंपनी से काफी संख्या में सिम लिए । इसी दौरान उसने आफिस स्थानांतरित करते हुए संजय प्लेस वृंदावन टावर में जगह किराए पर ली पर उसका एग्रीमेंट मेरे नाम से करवाया। डीसीपी सूरज राय ने बताया कि आरोपी की जानकारी के बाद पुलिस टीम ने उसे आजाद पेट्रोल पंप के पास पकड़ा है। उसके पास से एक नेक्सोन लग्जरी कार, 98 सिम, लैपटॉप, क्रेडिट और डेबिट कार्ड, नकदी और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। आरोपी ने ठगी की बात कबूल की है। उसे जेल भेजा जा रहा है।

मुरादाबाद। कांठ विधानसभा से सपा विधायक कमाल अख्तर ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा ग्यारह गांव के किसानों से ली जा रही कृषि भूमि का मुद्दा विधानसभा में नियम-51 के तहत उठाया। आरोप है कि किसानों से भूमि को जबरन लिया जा रहा है।

# सत्ताधारी बड़े नेताओं के करीबियों में शामिल भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

## हमलावरों ने बाइक रोककर मौत हो जाने तक चलाई गोलियां

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना मझोला के क्षेत्र दिल्ली रोड़ स्थित जीरो पॉइंट के पास कुछ हमलावरों ने जिला संभल के थाना असमोली क्षेत्र गांव आलिया नेकपुर एचौडा निवासी अनुज चौधरी की



सरेआम दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी है। मौके पर पहुचे एसएसपी को पूछताछ में दो नामो का पता घटना के बाद ही चल चुका था। जिसमें अमित और अनिकेत का नाम शामिल था इतना ही नहीं एसएसपी एसपी ने इनकी तलाश में टीमों का गठन मौके पर ही करते हुए रवाना कर दिया था घटना नया मुरादाबाद पार्स्वनाथ प्रतिभा के ठीक सामने की बताई जाती हैं।

मृतक अनुज चौधरी के दोस्त जिला अमरोहा के थाना डिडौली गांव सलामत पुर निवासी संदीप सिंह की तहरीर के अधार मृतक अनुज के गांव के 40 वर्षीय अमित कुमार 30 वर्षीय पुष्पेन्द्र 25 साल के अनिकेत अनिकेत के 50 वर्षीय पिता प्रभाकर के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है। हमलावरों ने पहली गोली अनुज को सिर में मारने के बाद दूसरी गोली साथ मौजूद मृतक के दोस्त पुनीत चौधरी को मारी थी जिससे 26 वर्षीय पुनीत भी घायल हो गया है। मृतक अनुज चौधरी की उम्र 30 साल व घायल हुए पुनीत चौधरी की उम्र 26 साल बताई जाती हैं।



मृतका का फाइल फोटो

### महज दस सेकेंड में भाजपा नेता की हत्या की वारदात को दिया गया अंजाम

महज दस सेकेंड में बाइक सवार हमलावरों ने भाजपा नेता को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। पास ही घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ नजर आ रहा है। बाइक सवार तीन हमलावर पीछे से आए और सड़क पर टहल रहे भाजपा नेता को पहली गोली बाइक पर बैठे बैठे ही मार दी। जिससे वह नीचे गिर पड़े। इसके बाद तसल्ली से हमलावरों ने बाइक को रोककर उससे उतरने के बाद ताबड़तोड़ गोलियां भाजपा नेता के शरीर पर झोंक दी। इतना ही नहीं मौत की पुष्टि हो जाने के बाद ही तीनो बाइक पर बैठ कर फरार हो गए। अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है आखिरकार किस रंजिश के कारण भाजपा नेता की हत्या की गई हैं और कितनी गोलियां उसे मारी गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही गोलियों का पता चल पाएगा

### धड़ से सिर तक नों घाव, पांच गोली लगी, तीन गोलियां हुई आरपार, सिर व सीने में मिली फंसी दो गोलियां

मुरादाबाद। भाजपा नेता अनुज चौधरी के शव का पोस्टमार्टम देर रात ही कर दिया गया था रात दो बजे उसके शव को जिला अस्पताल के एक्सरे विभाग में लाया गया जहां तीन एक्सरे शव के किए गए। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद पता चला अनुज के शरीर में कूल्हे से ऊपर सिर तक 9 घाव मौजूद थे। जिसमें तीन गोलियां शरीर में आरपार निकल गई और दो गोलियां शरीर में ही फ़स गई। जिसमें एक गोली सिर में और दूसरी गोली सीने के नीचे



पसलियों में फंसी पाई गई हैं। हमलावरों ने पांच गोलियां भाजपा नेता अनुज चौधरी को मारी थी जिससे अनुज के फ़ेफ़डे, दिल, गुर्दे तीनो बुरी तरह फट चुकी थीं। जो गोलियां शरीर से पार हुई हैं उन्ही गोलियों से शरीर के यह हिस्से पूरी तरह डैमेज हो चुके थे। शरीर में घुसकर पार हुई तीन गोलियों से घुसने के साथ निकलने सहित छह घाव और शरीर में पाई गई गोली के दो घाव सहित सभी आठ घाव है। एक घाव किसी अन्य चीज का माना जा रहा है।

### जल्द गिरफ्तार होंगे हत्यारे एसएसपी

एसएसपी हेमराज मीणा भी जैसा उनकी आदत में शामिल हैं। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुच गए थे और सभी जानकारियां हासिल करते हुए एफआईआर के आदेश जारी किए। एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया अनुज की हत्या करने वाले नोसिखिए ही है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सम्मान शौर्य के लिए देश की अखंडता व एकता के लिए झंडा ऊंचा रहना जरूरीः इकवाल नबी

⦿ नागरिक एकता परिषद की संविधान यात्रा पहुची सहसपुर,



भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। शुक्रवार को नागरिक एकता परिषद की ओर से संविधान की जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक निजि लेब किला रोड रुस्तमनगर सहसपुर में कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम में इकवाल नबी प्रधान प्रत्याशी ने संविधान जागरूकता एवम घर घर तिरंगा के लिए कहा कि हमारे देश की मजबूती तरक्की शांति सदभाव के लिये संविधान जागरूकता जरूरी और हमारे सम्मान शौर्य के लिए देश की अखंडता एकता के लिए झंडा ऊंचा रहना जरूरी है। टीटू उर्फ मुश्फिक ने कहा कि देश के 125 करोड़ लोगों की आशा है संविधान है उनके सपनों को साकार करने का विजन है संविधान। संविधान के पालन से सभी लोगो को हक़ अधिकार, शिक्षा स्वास्थ्य, और समता का अवसर देता है संविधान बाबा साहब महात्मा गांधी, भगतसिंह, मौलाना अबुल कलाम, एपीजे अब्दुल कलाम, जवाहरलाल नेहरू सभी ने एकता अखण्डता, देश का विकास देश मे रह रहे सभी वर्गों का विकास का जो सपना देखा था वह संविधान में निहित है। मौ असलम मेडिकल वालो ने संविधान जागरूकता अभियान की सराहना की।

प्रेम कुमार ने बताया कि यह संविधान यात्रा कार्यक्रम लेकर हम लोग गांव शहरी वस्तियों, कोचिंग सेंटर, स्कूल कॉलेज, इंस्टुयशन हर जगह जा रहे है। हमारा मकसद संविधान की जागरूकता मानवाधिकारों की समझ, शांति सदभाव एकता पैदा करना है।

कार्यक्रम में शिखा यादव, प्राची यादव, गुरमीत कौर, संजू अम्बेडकर, अंकुश बाल्मीकि आयोजक टीटू उर्फ मुश्फिक सैफी डॉक्टर असलम मेडिकल, रेवाराम, विक्की,इकबाल नबी, दीपक गौतम,दिनेश कुमार, मौ असलम मिस्त्री,मोहम्मद आमिर, अरुण कुमार, इरशाद हुसैन, फैजान मोहम्मद, शानू, वाजिद हुसैन,मोहित यादव, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# कमाल अख्तर ने विधानसभा में उठाया भूमि अधिग्रहण का मामला

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। कांठ विधानसभा से सपा विधायक कमाल अख्तर ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा ग्यारह गांव के किसानों से ली जा रही कृषि भूमि का मुद्दा विधानसभा में नियम-51 के तहत उठाया। आरोप है कि किसानों से भूमि को जबरन लिया जा रहा है।



सदन में विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि जनपद मुरादाबाद में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य समाचार पत्रों में 11 गांव शाहपुर तिगरी, डिडौरा, डिडौरी खदाना, सिकन्दरपुर, चौधरपुर, रसूलपुर, सलेमपुर बंगर, लोदीपुर, भीमाठेर, सोनकपुर की लगभग 1250 है. भूमि को कृषकों/भू-स्वामियों से आपसी सहमति के आधार पर क्रय करने की सूचना का प्रकाशन किया गया, जबकि कोई भी कृषक अपनी भूमि देने को तैयार नहीं है। यहां छोटे-छोटे किसान है जिनकी आय का मुख्य स्त्रोत खेती है यदि इनकी भूमि को ले लिया जाएगा तो किसान रोजगार विहीन हो जाएंगे तथा भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे। इन गांव की भूमि बहुत उपजाऊ किस्म की है भूमि अधिग्रहण के पश्चात् जनपद में उपजाऊ भूमि की कमी हो जाएगी। पूर्व में प्राधिकरण द्वारा नया मुरादाबाद योजना में लगभग 350 है. भूमि का अधिग्रहण किया गया था, 20 वर्ष बाद भी 75 प्रतिशत भूमि अनावासीय है। विधायक ने उपरोक्त प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु सरकार से वक्तव्य दिये जाने की मांग की।

## कार खरीदने के नाम पर उठा ले गए कार, मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना मझोला के क्षेत्र जयन्ती पुर कब्रिस्तान के पास नई आबादी निवासी कमल ने इंस्पेक्टर मझोला को शिकायत करते हुए बताया जिला रामपुर के चंदपुरा कला निवासी युवक राहुल और अनिल गत 5 जून को उसकी कार खरीदने के नाम पर घर से ले गए थे। इतने दिन बाद भी दोनो आरोपियों ने न ही कार वापस की है और न ही तय हुई रकम दी है।

इंस्पेक्टर मझोला के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इतना ही पीड़ित का आरोप है जब भी वह पैसे या अपनी कार वापस लेने जाता हैं। उसके साथ मारपीट के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी जाती हैं। पुलिस ने इन सभी आरोपो के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यथास्थिति के आदेश के बावजूद करोड़ो की भूमि पर कब्जे के प्रयास में भाजपाईयो ने एसडीएम से की एफआईआर की मांग

भास्कर ब्यूरो,



ठाकुरद्वारा। बीती रात न्यायालय से यथास्थिति के आदेश के बावजूद करोड़ो की भूमि पर नगर पालिका की जे सी बी से अवैध कब्जा करने के मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दोषियों पर एफ आई आर दर्ज कराए जाने की मांग की है।

बीती रात नगरपालिका कर्मचारियों के द्वारा नगर पालिका की सरकारी जेसीबी मशीन से नगर के कमालपुरी चौराहे पर स्थित करोड़ो रूपये की एक निजी और विवादित भूमि गाटा संख्या 65, 66 पर जे सी बी से काम करने की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौके पर पँहुच कर विवादित भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। हंगामें की सूचना पर पुलिस मौके पर पँहुची पुलिस को देखकर नगरपालिका कर्मचारी नौ दो ग्यारह हो गए थे और पुलिस ने नगरपालिका की सरकारी जेसीबी को अपने कब्जे ले लिया था बताया गया है कि

पालिका कर्मचारियों ने चूना आदि डालकर भूमि की नाप तोल शुरू कर दी थी। जबकि उक्त गाटा संख्या विवादित है इसके विषय में नगर के ही हबीबुर्रहमान के पक्ष में हुए बैनामे के विरुद्ध एक कैंसिलेशन का वाद सेशन कोर्ट में लंबित है जिसमें न्यायालय से यथा स्थिति के आदेश पारित है जो दिनांक 18 अगस्त 2023 तक प्रभावी है। यथा स्थिति के आदेशों के बावजूद जमीन पर कब्जे की कोशिश की गई इसी भूमि पर ऐसी ही एक कोशिश आज से 2 वर्ष पूर्व भी की गई थी जिसमें उक्त जमीन को मुरादाबाद के कथित भू माफिया को बेचा गया था परंतु यथा स्थिति के आदेश होने के चलते तब भी जमीन पर कब्जे की कोशिश सफल नहीं हो पाई थी।

न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए रात होते ही पालिका कर्मचारियों ने जेसीबी से खुदाई शुरू कर दी थी नगरपालिका की जेसीबी और पालिका कर्मचारियों को निजी भूमि पर कार्य कराए जाने की सूचना पर भाजपा के नगराध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व नगराध्यक्ष शिवेन्द्र गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी पवन कुमार पुष्पद, दीपक वाल्मीकि, संजीव चौहान आदि भाजपा कार्यकर्ता एकत्र होकर मौके पर पहुंच गए थे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने निजी भूमि पर कार्य कर रहे पालिका कर्मचारियों और जेसीबी मशीन को रोककर विवादित सम्पति पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। हंगामें की सूचना नगर दरोगा सोहनपाल सिंह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पँहुच गए जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हंगामें को देखते हुए पुलिस ने जेसीबी मशीन को कब्जे ले लिया था जबकि पुलिस को देखकर कर्मचारी मौके से फरार हो गए थे अधिशासीअधिकारी ललित कुमार आर्य ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है। मामले की जांच कराकर उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस मामले में किसके आदेश पर जेसीबी गई और किस के आदेश पर पालिका कर्मचारियों ने चूना आदि डाला है ये जांच में पता लगेगा। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी से मिले और उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की बात कहते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की जिसपर उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच अधिशासी अधिकारी को सौपें जाने की बात कही है।

उधर नगर पालिका प्रशासन ने उक्त मामले में जे सी बी को विवादित भूमि स्वामी के पुत्र जाकिर हुसैन को किराए पर दिए जाने की बात कही है। बताते चलें कि जाकिर हुसैन नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी के चचेरे भाई हैं।इस मामले को लेकर नगर भर में लोग तरह तरह की बातें करते नज़र आ रहे हैं।

### जिला कारागार में कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। जिला कारागार में आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कैदी की मौत हो गई हैं। जेल कर्मी कैदी को जिला अस्पताल लेकर पहुचे जहां डॉक्टर पवन द्वारा सभी जांच किए जाने के बाद कैदी को मृत घोषित कर दिया गया। जिला अस्पताल की ओर से शव को मोर्चरी में रखवाते हुए सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को भिजवा दी है। कैदी का नाम महिपाल पिता का नाम शिव चरण बताया जाता हैं।

## सार सुर्खियां

### 9 सितंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

भास्कर ब्यूरो, बागपत। बागपत में 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए बागपत में लगातार कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। और जागरूकता के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बागपत के श्रम विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग में अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, और विभागों और स्थानीय लोगों के चले आ रहे विवादों का निस्तारण किया जाएगा। बागपत के डिस्ट्रिक्ट संजीव कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता करते हुए कहां की 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ,राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए लगातार सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर कैंप के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ का भी सहारा लिया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में नगर पालिका, श्रम विभाग ,सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग ओर अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। विभागों से स्थानीय लोगों के चले आ रहे विवादों का आपसी समझौते के साथ निस्तारण किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट जज संजीव कुमार पांडे ने लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने विवादों का निस्तारण करने के लिए जागरूक किया है।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। शुक्रवार को थाना भोजपुर की ग्राम पंचायत पीपलसाना के कंपोजिट विद्यालय में मेरा माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। जिसमे मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद ने विद्यालय परिसर में बनी मेरा माटी-मेरा देश की सिलापट का अनावरण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में चल रही शिक्षा प्रणाली को चेक किया कक्षा 1 और 2 के बच्चो से बातचीत की और विद्यालय की शिक्षा की स्थिति को परखा।



इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने जन समस्याओं को सुना जिंसमे सुल्तान और आलम ने शिकायत रखी उन्होंने राशन डीलरों द्वुआरा 5 किलो यूनिट की जगह 4 किलो यूनिट मिल रहे राशन की शिकायत की जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जांच कराने का वादा किया और शिकायत सही पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई का भी वादा किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव,रोजगार सेवक रहबर रजा,क्षेत्र पंचायत सदस्य शादाब आलम,उमर राही,बी सी सखी विद्यालय परिवार से श्री विजेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह,मनोज कुमार,मो सुब्हान, रुखसाना परवीन मौजूद रही। ग्राम पंचायत पीपलसाना से भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### खंड विकास अधिकारी ने किया विद्यालयो व आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण


भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। बृहस्पतिवार को भोजपुर। जनपद मुरादाबाद ब्लॉक भगतपुर टांडा के विकास खंड अधिकारी राजेंद्र सिंह ने क्षेत्र एवं गांव गांव स्कूलों मे जाकर प्राथमिक विद्यालयो का निरीक्षण किया अध्यापको के रजिस्टर आदि कि जांच की अध्यापक से पूछा गया कि कितने और कोन कोन से अध्यापक उपस्थित हैं एवं स्कूल मे कितने बच्चे उपस्थित हैं। आदि बच्चो को पढ़ाई लिखाई के बारे मे जागरूक किया गया साथ ही स्कूल के आस पास साफ सफाई का विशेष व्यवस्था पर जोर दिया। विकास खंड अधिकारी राजेंद्र सिंह ने गूंगानगला प्राइमरी स्कूल के पास बने आंगनबाड़ी केंद्र के आस पास हो रही गंदगी घास को तुरंत सफाई के लिए कहा आंगनवाड़ी समूह की अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि उनको कभी पोषण आहार समय से नही मिल पता आगे बताया कि हर महीने सरकार के द्वारा बच्चे व गर्वबती महिलाओ के लिए राशन वितरण के लिए आता है, लेकिन उन्हें कभी ग्रुप मे राशन वितरण के लिए सूचना नही दी जाती और हर महीने राशन समय से नही मिल पाता। इस पर ब्लॉक अधिकारी राजेंद्र सिंह नाराजगी जताते हुए संज्ञान मे लेकर सीडीपीओ को फोन कर कड़ी फटकार लगाई और राशन हर महीने समय से वितरण किए जाने को कहा। विकास खंड अधिकारी राजेंद्र सिंह ने गांव नेकपुर, गूंगानगला, कोरवाकू, पीपलसाना, मानपुर आदि गावो मे घूम कर स्कूलों मे साफ सफाई सुरक्षा बच्चो के लिए व्यवस्था एवं शिक्षा व्यवस्था के लिए जागरूक किया एवं अध्यापकों को दिशा निर्देश दिए।

### पति व पहली पतनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भास्कर ब्यूरो, कुंदरकी। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाना कुंदरकी पहुंचकर अपने पति और उसकी पहली पतनी पर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकालने का आरोप लगाते हुए उपरोक्त लोगों के खिलाफ थाना कुंदरकी में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। खेरुल निशा पतनी साने आलम निवासी ग्राम अहमदनगर जैतवारा ने बताया कि 8 अगस्त को उसके पति शाने आलम और उसकी दूसरी पतनी जासमीन ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसको खूब मारा पीटा जिसके कारण उसको गुम चोटें आई है और अब अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आई है महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### युवती को जान से मारने की धमकी देकर बलात्कार

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। थाना भोजपुर के इलाके में युवक द्वारा घर में युवती को अकेला देखकर घर में घुसकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला है। पीड़ित पिता ने बताया 4 अगस्त की दोपहर उसकी 18 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी डेढ बजे भोजपुर के गांव मनकुआ मकसूद पुर निवासी 24 साल का मुकीम घर में घुस आया और बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ घर में बलात्कार की घटना को अंजाम दे डाला। थानाध्यक्ष भोजपुर द्वारा पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ बलात्कार व जान से मारने की धमकी दिए जाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जाता हैं। आरोपी और पीड़ित पक्ष एक ही विरादरी के है।



# आजादी का अमृत महोत्सव हमें अपनी छुपी हुई ताकत को फिर से खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव व मेरी माटी मेरा देश के संबंध में एक सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम ने आजादी के अमृत महोत्सव व मेरी माटी मेरा देश विषय पर समस्त वार्डन को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा आजादी का अमृत महोत्सव पिछले 75 वर्षों में भारत द्वारा की गई तीव्र प्रगति का जश्न मनाता है यह उत्सव हमें अपनी छुपी हुई ताकत को फिर से खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है और हमें विश्व में राष्ट्रों के समूह में अपना सही स्थान प्राप्त करने के लिए ईमानदार सहक्रियात्मक कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करता है।सभा का संचालन सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार ने किया।

इस अवसर पर कटघर डिविजनल वार्डन मोहम्मद खालिद व अशोक कुमार गुप्ता ने अपने विचार रखे सभा में चमन सिंह, मनोहर लाल ,तुषार अग्रवाल के अतिरिक्त वसीम अख्तर, परवेज खान, नरेश शर्मा मोहम्मद शरीफ, डॉक्टर शकील अहमद, मो. शमीम, डॉ पूनम बंसल, अहमद हुसैन, आशीष त्रिवेदी, इसरार अहमद, मोहम्मद अजीम व थॉमस अरविंद कुमार आदि वार्डन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित वार्डेन्स को चीफ वार्डन साहब, सहायक उपनियन्त्र्क सतीश कुमार ने राष्ट ध्वज वितरित किए।

### आक्रोषित किसानों ने किया सहकारी समिति के कर्मचारियों का घेराव

भास्कर ब्यूरो, बागपत। कृषक सेवा सहकारी समिति बिनौली पर यूरिया खाद के साथ लिकविड नैनो यूरिया देने पर किसान बिफर गये। गुस्साए किसानों ने समिति कर्मचारियों का घेराव करते हुए प्रदर्शन कर विरोध जताया। समिति बिनौली पर गत कई दिनों से यूरिया खाद नही था। शुक्रवार को खाद आने की सूचना पर समिति पर बिनौली, पिचोकरा, सिरसली, दादरी, रछाड़, शेखपुरा, जिवाना, सिरसलगढ़ आदि गांव से बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। समिति कर्मचारियों ने खाद का वितरण शुरू किया तो वह किसानों को एक यूरिया कट्टे के साथ एक लिकविड नैनो यूरिया की बोतल देने लगे इस पर किसान बिफर गये। गुस्साये किसानों ने एमडी संजय कुमार, बिलेन्द्र, लोकेश, विपिन, सूरज आदि समिति कर्मचारियों का घिराव करते हुए प्रदर्शन किया और नैनो यूरिया की बोतल लेने से साफ मना कर दिया। इस दौरान राजू तोमर सिरसली ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का शोषण कर रही है जो समय पर बीज, खाद उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रही है, और अब जबरन नैनो लिकविड की बोतल किसानों पर थोप रही है। उन्होंने बताया कि नैनो लिकविड यूरिया बोतल लेने का अब कोई लाभ नही है, किसानों फसल बड़ी हो गयी। छोटी फसल पर ही नैनो का स्प्रे किया जा सकता है। इस दौरान खाद वितरण कार्य करीब एक घंटे तक बाधित रहा। एमडी संजय कुमार ने कहा कि उन्हें शासन से किसानों को नैनो लिकविड की बोतल देने आदेश हुए है। बाद में उन्होंने पांच यूरिया कट्टो पर एक नैनो लिकविड की बोतल देने को किसानों को संतुष्ठ किया। इसके बाद ही खाद वितरण का कार्य शुरू हुआ।



# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के चलते बांटे जाएंगे पांच हज़ार तिरंगे बैच

## सामाजिक कार्यकर्ता संगठन ने तिरंगे बांट मनाया आज़ादी का अमृत महोत्सव





भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन संस्थान एनजीओ नगर में जश्न ए आज़ादी के चलते सरकार द्वारा चलाए जा रहे आज़ादी का 75 वा अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है। जिसके चलते नगर में पांच हज़ार तिरंगा बेज लोगो तक पहुचाने की तैयारी है।

शुक्रवार की सुबह संगठन के कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी अजय कुमार गौतम के कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने उप जिलाधिकारी के तिरंगा वेज लगाकर इस अभियान की शुरुआत की जिसके चलते तहसीलदार साराह अशरफ खान व तहसील परिसर में मौजूद कर्मचारियों को भी तिरंगा वेज भैंट किये गए। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष नोमान जमाल ने बताया कि तहसील के बाद वह कोतवाली बिलारी पहुंचे जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों को तिरंगा वेज भेंट किए। कहा की नगर में जगह-जगह लोगों को 15 अगस्त से पहले तक इन तिरंगा वेजेस को बटवा दिया जाएगा। बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जश्न ए आजादी को मनाने के लिए इस कार्यक्रम को धूमधाम से किया जा रहा है। देश की आजादी शहीदों का हम पर क़र्ज़ है हमें चाहिए कि इस आजादी को धूमधाम से मना कर देश के शहीदों को समर्पित करें। कार्यक्रम में प्रमोद,अनस,वसीम, शशि,सुभान,मुकीम,सलीम,रेहान, सौरभ इत्यादि ने कार्यक्रम में हिस्सेदारी ली।

सरकार को एक मोटी रकम टैक्स के रूप में देने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए उद्यमी सरकारी विभागों के धक्के खा रहा है। इसके बाद भी कहीं सुनवाई नहीं हो रही। उद्यमियों का मानना है कि तमाम बार जूझने के बाद भी समस्याएं कम नही हुयीं। उद्यमियों के अनुसार उद्योग बंधु की बैठक मात्र एक खानापूर्ति बनकर रह गयी है। इसलिए, इस बार एक नया प्रयोग करने की तैयारी हो रही है। लघु उद्योग भारती के ग्रेटर नोएडा चौप्टर के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि सभी संगठनों को एक साथ आना होगा। इस बारे में जल्द ही आईआईए और आईईए से बात की जायेगी। लघु उद्योग भारती के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि उद्योग बंधु की बैठक में केवल नाली और सड़क की बातों में ही समय निकल जाता है।



दैनिक भास्कर
शनिवार, 12 अगस्त 2023 नोएडा
11

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का 13 से 15 अगस्त तक होगा आयोजन

## ध्वज संहिता का पालन करते हुए पूर्ण सम्मान के साथ फहराएं तिरंगा : ड़ा दिनेश चन्द्र

**भास्कर ब्यूरो**

सहारनपुर। आजादी का अमृत महोत्सव समापन अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 13 से 15 अगस्त तक किया जाएगा। विगत वर्ष की भांति प्रदेश में इस बार भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में झण्डों का निर्माण हो रहा है। शासन द्वारा झण्डा तैयार करने के सम्बन्ध में जारी एसओपी के माध्यम से बताया गया है कि झण्डे का आकार आयताकार होना चाहिए, लम्बाई एवं चौड़ाई में 3 अनुपात 2 होना चाहिए। झण्डा बनाने के लिए खादी, हाथ एवं मशीन से बने हुए सूती, पॉलिस्टर, ऊनी, सिल्क कपड़े का प्रयोग किया जा सकता है। झण्डे के तीन रंगों में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरे रंग के प्रयोग के साथ ही सफेद पट्टी में 24 तीलियों वाले अशोक चक्र को बाद में प्रिंट किया जाना अनिवार्य किया गया है।



**झण्डा फहराने के नियम:**

प्रत्येक नागरिक को आवास, स्कूल, सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ ध्वज संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना है। राष्ट्रध्वज फहराते समय केसरिया पट्टी झण्डे में ऊपर की ओर होनी चाहिए। झण्डा यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिए और सूर्यास्त के साथ पूरे सम्मान के साथ उतारना चाहिए। निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाए जाने वाले झण्डों को निर्धारित समयावधि के उपरान्त पूर्ण आदरभाव एवं सम्मान के साथ उतारकर सुरक्षित रखा जाएगा। हर घर पर झण्डा सही तरीके से लगाया जाना चाहिए। आधा झुका, कटा या फटा झण्डा किसी भी दशा में न लगाया जाए। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि आजादी का अमृत महोत्सव समापन अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज संहिता अक्षरशः अनुपालन करते हुए तिरंगे को स्थापित किया जाए। कार्यक्रम के उपरान्त झण्डे को अमृत महोत्सव के स्मृति चिन्ह के रूप में सुरक्षित रखें, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने पूर्वज को राष्ट्रप्रेम से जुड़ा हुआ महसूस करते हुए स्मृतियों में आपको याद कर सके। उन्होंने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान सेल्फी, रील्स, झण्डे के साथ फोटो, झण्डा गीत एवं देशभक्ति गीत के फोटो-वीडियो वेबसाइट merimaatimeradesh.gov.inf EUA www.harghartiranga.com पर अपलोड करें।

# डेल्टा वन निवासी : विनय कुमार को असिस्टेंट कमांडेंट बनने पर किया स्वागत



**भास्कर ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर डेल्टा वन के निवासी विनय कुमार के असिस्टेंट कमांडेंट बनने पर फेडरेशन ऑफ आर०डब्ल्यू०ऐज के द्वारा स्वागत किया गया विनय कुमार डेल्टा वन में रहते हैं और वह यूपीएससी सीएपीएफ 2022 में असिस्टेंट कमांडेंट बने हैं विनय कुमार ने आल इंडिया लेवल पर 193 वी रैंक हासिल की है। फेडरेशन के लोगों ने पगड़ी बांधकर व शील्ड देकर उनको सम्मानित किया। वर्तमान में विनय कुमार जूनियर सेक्रेटरी असिस्टेंट के रूप में दिल्ली विकास प्राधिकरण में सेवाए दे रहे है। पूर्व में एसएससी (सी जीआई) 2022 में उनका चयन एकाउंटेंट के पद पर हुआ था उससे पूर्व वर्ष 2022 में उनका चयन गजेटिड ऑफिसर के रूप में पंजाब में हुआ था। 24 साल की उम्र में 2 वर्ष के अंदर उनकी यह चौथी सफलता है। अबकी सफलता से वह उत्साहित है। फेडरेशन के द्वारा उन्हें सम्मानित किया है कि युवा बच्चे इस सम्मान से उत्साहित हो और ऐसे सफल बच्चो से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। इस मौके पर फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र टाइगर, महासचिव दीपक भाटी, जितेंद मावी, अहलकार प्रधान, ऋषिपाल, धीरेंद्र भाटी, देवी सिंह, हरीश मौजूद रहे।

# जलवायु के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए देश का पहला क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म इंसेप्ट.ग्रीन ऑनलाइन हुआ

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। जीवनशैली से संबंधित सस्टेनेबल विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित भारत का पहला डिजिटल क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म इंसेप्ट.ग्रीन अब ऑनलाइन हो गया है। इंसेप्ट.ग्रीन का मिशन जलवायु के प्रति जागरूक नागरिकों को भारत की नेट जीरो से जुड़ी मुहिम में भागीदार बनने के लिए और अधिक सशक्त बनाना है। साथ ही, इस प्रक्रिया में उन्हें नियमित, आकर्षक रिटर्न भी अर्जित करने का अवसर प्रदान करना है। लोगों को हरित पहल में अपना पैसा लगाकर कार्रवाई करने में सक्षम बनाकर इंसेप्ट.ग्रीन हरित नवाचार और जागरूक उपभोक्तावाद में सबसे आगे खड़ा है। व्यक्ति कम से कम 500 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं और डिजीसोलर सौर फार्म का आंशिक स्वामित्व हासिल कर सकते हैं। डिजीसोलर इंसेप्ट.ग्रीन प्लेटफॉर्म पर 12 प्रतिशत प्रति वर्ष तक ऐसेट रिटर्न के साथ हरित ऊर्जा उत्पन्न करता है। इंसेप्ट.ग्रीन की मूल इकाई थर्ड रॉक सॉल्यूशंस लिमिटेड के सीईओ गुरिंदर सिंह संधू ने कहा, इंसेप्ट.ग्रीन सिर्फ एक प्लेटफॉर्म से कहीं अधिक है, दरअसल यह एक आंदोलन है। लोगों को क्लाइमेट एक्शन के साथ जोड़कर देश 2050 तक नेट जीरो हासिल कर सकता है, जो कि नियोजित लक्ष्य से दो दशक पहले होगा। उन्होंने आगे कहा, हम अपने पर्यावरण के साथ रिश्ता कायम करने के तरीके में बुनियादी बदलाव लाने के लिए टैक्नोलॉजी का लाभ उठा रहे हैं।

# टीआईएमई कैट 2023/24: टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन TTSE की घोषणा की

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। टीआईएमई इंस्टिट्यूट ने कैट 2023/24 के इच्छुक छात्रों के लिए प्रतिभा खोज परीक्षा टीटीएसई छात्रवृत्ति परीक्षा की घोषणा की है। यह परीक्षा 13 अगस्त 2023, रविवार को दो स्लॉट में सुबह 10 बजे और शाम 6 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, अर्थात परीक्षार्थी कहीं से भी लिख सकेंगे। टाइम टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन TTSE में क्वांटिटेटिव, लॉजिकल और वर्बल एबिलिटी पर बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। इस टाइम टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन TTSE की अवधि 1 घंटे की होगी। जो छात्र कैट 2023-24 पाठ्यक्रम के लिये 6 से 13 अगस्त 2023 के बीच नामांकन करेंगे उन्हें परीक्षा पाठ्यक्रम शुल्क में सीधा 5000 रुपए की छूट दी जायेगी। नियम एवं शर्तें लागू, पंजीकरण लिंक https://www.time4education.com/local/articlecms/page.php?id=4430 टीआईएमई के बारे में ट्रायंफेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन TIME भारत की अग्रणी संस्था है जो प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराती है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों कों लेकर पार्षद मंसूर बदर कें आवास पर बेठक



**भास्कर ब्यूरो**

सहारनपुर। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस15 अगस्त की तैयारियों के लिए पार्षद मंसूर बदर के आवास पर नगर की मस्जिदों के जिम्मेदार/पार्षदगण और गण मान्य लोगो की मीटिंग आयोजित की गई, मीटिंग में इंस्पेक्टर मंडी धर्मेंद्र सिंह ने विस्तार से राष्ट्रीय पर्वों की महत्ता और अन्य भ्रांतियों का निराकरण किया। उन्होंने कहा की देश बहुत से बलिदानों से आजाद हुआ हैं हम आजादी के महत्त्व को समझना होगा और राष्ट्रीय पर्वों को जोरदार तरीके से मनाना होगा इससे पहले कुछ लोगो की भ्रांतियों को भी इंस्पेक्टर मंडी ने विस्तार से समझाकर निराकरण किया पार्षद मंसूर बदर ने कहा की आज हम आजादी को बहुत हल्के में लेते हैं इस आजादी को पाने में हमारे बड़ो ने जो बलिदान दिए हैं उनको हम लोगो को याद करना होगा कैसे भगतसिंह, अशफाक उल्ला खान, चंद्र शेखर आजाद ने हंसते हंसते शहादते दी अब उन लोगो के नमन का दिन हैं सय्यद शौकत ने कहा की जैसे हम लोग ईद दीपावली मानते हैं ऐसे ही हम सब को राष्ट्रीय पर्व मनाने चाहिए इस मौके पर पार्षद मोहर्रम अली पप्पू, हाजी गुलशेर, सईद अहमद सिद्दीकी, गुलजेब खान, इमरान सेफी, इजहार मंसूरी, जफर अंसारी, आसिफ अंसारी, समीर अंसारी फराज अंसारी, हाजी नूर आलम पार्षद गण सहित मुतवली इनाम अंसारी, बिलाल अंसारी, हाजी सगीर, शफात चुन्नू, हाजी आसिफ, कारी शाहबुद्दीन, फैज आन, फरीद अब्बास, फहीम सलमानी, पप्पू साहब, सोनू जैदी, नय्यर जुबैरी, ताज जुबैरी, बहार जुबैरि, डॉक्टर पप्पू, राशिद सलमानी, मुखिया रशीद, चौधरी शरीफ सहित जिम्मेदार मौजूद रहे!

# उद्यमियों को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए होगा एक नया प्रयोग

## सभी औद्योगिक संगठनों को एक अंब्रेला के नीचे लाने का होगा प्रयास

**संतोष पाठक**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यूपीसीडा का पूरा ध्यान केवल उद्योगों की बसावट पर ही रहा। शायद इसी के चलते उद्योगों की संख्या में तो इजाफा हुआ, लेकिन साथ ही यहां उद्योग लगा रहे उद्यमियों की परेशानी में भी इजाफा हुआ। सरकार को एक मोटी रकम टैक्स के रूप में देने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए उद्यमी सरकारी विभागों के धक्के खा रहा है। इसके बाद भी कहीं सुनवाई नहीं हो रही। उद्यमियों का मानना है कि तमाम बार जूझने के बाद भी समस्याएं कम नही हुयीं। उद्यमियों के अनुसार उद्योग बंधु की बैठक मात्र एक खानापूर्ति बनकर रह गयी है। इसलिए, इस बार एक नया प्रयोग करने की तैयारी हो रही है। लघु उद्योग भारती के ग्रेटर नोएडा चौप्टर के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि सभी संगठनों को एक साथ आना होगा। इस बारे में जल्द ही आईआईए और आईईए से बात की जायेगी। लघु उद्योग भारती

लघु उद्योग भारती

के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि उद्योग बंधु की बैठक में केवल नाली और सड़क की बातों में ही समय निकल जाता है और अगली बैठक में फिर यही मुददा लौटकर आ जाता है। उद्योगों की पॉलिसीज और मुख्य समस्याओं पर चर्चा ही नहीं हो पाती। जिसके चलते सभी उद्यमी परेशानी का सामना कर रहे हैं। इसलिए अब सभी औद्योगिक संगठनों को एक साथ आकर क्रमवार समस्याओं पर चर्चा करानी होगी। क्योंकि, सभी संगठनों का मकसद अंततः उद्यमियों का हित ही है। इस नये प्रयोग के बारे में बताते हुए केपी सिंह ने बताया कि इसके लिए डीआईसी गौतमबुद्ध नगर को सभी संगठनों के अध्यक्षों को बुलाकर सामूहिक एजेंडा तैयार करने को कहना होगा। इसके बाद उस सामूहिक एजेंडे के बारे में ही उद्योग बंधु की बैठक में चर्चा कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी संगठनों को सेक्टर वाइज अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने होंगे, इसके बाद चयनित समस्याओं पर सभी संगठनों के प्रतिनिधि एक साथ सरकारी विभागों में जायेंगे, तभी विभागीय अधिकारियों की मनमानी व टालने वाली प्रव्रत्ति पर रोक लग सकेगी और समस्याओं का निश्चित हल निकल सकेगा। पूछने पर उन्होंने बताया कि इस मॉडल को पूरी तरह से तैयार कर लेने के बाद अन्य औद्योगिक संगठनों से चर्चा की जायेगी और एक साथ मिलकर समस्याओं का हल निकालने के लिए उन सभी को आमंत्रित किया जायेगा।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच की मांग

**भास्कर समाचार सेवा**

गुरुग्राम।नई दिल्ली। अजीब बिडंबना है एक ओर तो सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में लगी है। वही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव अजय कुमार शर्मा अपनी मनमानी करने में लगे है अजय कुमार शर्मा के खिलाफ लोकायुक्त में भी जांच चल रही है फिर वह अपनी पकड़ के चलते सदस्य सचिव पद पर बैठे हैं अजय कुमार शर्मा की शिकायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में सामजिक कार्यकर्ता राजीव कुमार और केपी सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि अजय कुमार शर्मा की व्यापक स्तर पर जांच होनी चाहिये, ताकि सरकार को हर माह लगने वाला करोडो का चूना से बचाया जा सके। राजीव कुमार ने बताया कि भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर 21 अगस्त को लोकायुक्त ने जांच व पूछताछ के लिए बुलाया है।

# पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड पब्लिक इश्यू से रु.153.05 करोड़ जुटाएगा, आईपीओ 18 अगस्त को खुलेगा



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। पॉलिमर आधारित मोल्डेड उत्पादों के निर्माण में जानी जाती औद्योगिक पैकेजिंग कंपनी पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड ने अपनी विकास योजनाओं को फंड देने के लिए अपने पब्लिक इश्यू से रु. 153.05 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी बकाया उधारों के पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी की आवश्यकता के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए इश्यू की आय का उपयोग करने की योजना बना रही है। पब्लिक इश्यू सब्स्क्रिप्शन के लिए 18 अगस्त को खुलेगा और 22 अगस्त, 2023 को बंद होगा। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध होंगे। ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर पीएनबी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड और फर्स्ट ओवरसीज कैपिटल लिमिटेड हैं। ऑफर का रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है। प्रत्येक रु. 10 अंकित मूल्य के 92.20 लाख इक्विटी शेयरों के आईपीओ में 55 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और प्रमोटर समूह - क्रेडेंस फाइनेंशियल कंसल्टेंसी एलएलपी द्वारा 37.20 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी ने पब्लिक इश्यू के लिए प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा रु. 151-166 तय किया है।

# मारियो ने दिलजीत दोसांझ को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। रस्क बाजार के अग्रणी ब्रांड, मारियो रस्क को यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि उन्होंने बेहद ही काबिल एक्टर और सिंगर, दिलजीत दोसांझ के साथ सहयोग किया है। अब वह मारियो रस्क के ब्रांड एम्बेसडर हैं। दिलजीत दोसांझ को अपने साथ शामिल करने का मारियो का फैसला बड़े पैमाने पर लोगों में उनके आकर्षण और हर पीढ़ी तथा क्षेत्र में अलग-अलग दर्शकों से जुड़ जाने की उनकी काबिलियत से प्रेरित है। उनकी लोकप्रियता संस्कृतियों से परे है, जो उन्हें हर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और पसंदीदा व्यक्तित्व बनाती है। यह रणनीतिक साझेदारी, उत्कृष्टता और वास्तविक स्वाद देने की मारियो की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस तहत एक आकर्षक टीवी विज्ञापन भी लॉन्च किया गया है जिसमें मारियो रस्क के अनूठे आकर्षण को दिखाया गया है, जो सही मायने में #RusksJoDilJitLe का सार पेश करता है! इस दिल छू लेने वाले टीवी विज्ञापन का कॉन्सेप्ट और इसका लेखन, दिल्ली स्थित विज्ञापन एजेंसी, डाइको एफएचओ ने किया है, जिसमें दिलजीत दोसांझ स्वादिष्ट मारियो रस्क का स्वाद लेते नजर आ रहे हैं। दिलजीत का छा जाने वाला जोश और जुबां पर चढ़ जाने वाला यह तकियाकलाम, विज्ञापन के प्रभाव को और भी पुख्ता करते हैं।

# हरी कृष्णा ग्रुप की ब्रांड KISNA डायमंड एन्ड गोल्ड ज्वैलरी अब नागपाल्स ज्वैलरी में



**भास्कर समाचार सेवा**

गाज़ियाबाद। भारतीय बाजार की हरी कृष्णा ग्रुप द्वारा निर्मित KISNA डायमंड एन्ड गोल्ड ज्वैलरी अपने रिटेल पार्टनर नागपाल्स ज्वैलरी के शोरूम पर तीन दिवसीय आभूषण प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 76वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 11 से 13 अगस्त 2023 तक होगी। ललित नागपाल ने कहा - KISNA द्वारा आयोजित यह भव्य प्रदर्शनी हमें एक मंच के तहत मूल्यवान आभूषण बेचने एवं नवीन ग्राहकों के साथ जुड़ने और नेटवर्किंग बढ़ाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। जिसमें अपने उपभोक्ताओं को एक साल तक आभूषण बीमा, वापसी पर 90 प्रतिशत मूल्य, 95 प्रतिशत एक्सचेंज के साथ लाइफ टाइम पॉलिशिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करती है। अतः आभूषण के प्रतिबेहद लगाव एवं उचित मूल्य में नए नए डिजाइंस को खोजने वाले ग्राहकों के लिए शानदार अवसर भी है जिन्हे बेहतर अनुभव के साथ मनपसंद आभूषण खरीदने में आसानी होती है। साक्ष्य नागपाल ने कहा हम इंदिरापुरम में ज्वेलरी के प्रति उत्साहित लोगो का स्वागत करते है और आप सभी को यह विश्वास दिलाते है की आप हमारे शोरूम नागपाल्स ज्वैलरी का दौरा करेंगे तो आपको हमारी प्रदर्शनी में बेहतरीन एवं आकर्षक डिजाइंस के उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों का अच्छा अनुभव होगा। KISNA और नागपाल्स ज्वैलरी की इस प्रदर्शनी में आभूषण के प्रति उत्साही सभी लोगों के लिए एक अविस्मरणीय पल होने का वादा करती है, किसना, हरी कृष्णा ग्रुप द्वारा 2005 में लॉन्च किया गया भारत का एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसका देशभर में 3500 रिटेलर्स का व्यापक नेटवर्क है। जो हिरे के आभूषण में विश्व की सबसे बड़ी वितरित ब्रांड होने का विश्वास दिलाती है।

# टाइम्स प्राइम और हल्दीराम ने स्विगी इंस्टामार्ट के साथ आजादी का पर्व

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए, टाइम्स प्राइम ने देश के प्रमुख डिजिटल सदस्यता कार्यक्रम के तहत 4,000 किलोग्राम से अधिक पारंपरिक स्वादिष्ट लड्डू वितरित करके ह्यआजादी का त्योहारह्व की खुशी फैलाने के लिए हल्दीराम के साथ हाथ मिलाया है। सहयोग के तहत, ऑर्डर देने वाले ग्राहकों को स्विगी इंस्टामार्ट के माध्यम से उनके घर पर मुफ्त हल्दीराम के लड्डू मिलेंगे। उत्सव के दौरान, 60,000 घरों में 4,000 किलोग्राम से अधिक वितरित किया जाएगा। इस प्रयास का उद्देश्य घरों में परंपरा की भावना पैदा करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में सभाओं की पुरानी यादों को ताजा करना है। टाइम्स प्राइम की बिजनेस हेड और संस्थापक हर्षिता सिंह ने कहा, टाइम्स प्राइम में, हमारा निरंतर ध्यान अपने सदस्यों के अनुभवों को ऊपर उठाने पर है। हल्दीराम में क्यूएसआर के अध्यक्ष-रिटेल कैलाश अग्रवाल ने कहा, हमें इस विशेष




पहल के लिए टाइम्स प्राइम के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, जो हमारी विरासत की समृद्ध टेपेस्ट्री को सभी के लिए समाहित करता है। स्विगी इंस्टामार्ट के सीईओ फणी किशन ने कहा, टाइम्स प्राइम के साथ हमारा जुड़ाव हमारे ग्राहकों को बढ़ी हुई सुविधा और अद्वितीय अनुभव प्रदान करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दशार्ता है।

# स्वतंत्रता दिवस विशेष: ताकि हम आजाद भारत में साँस ले सकें

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को, हम भारतीय पूरे जोश व उल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। यही वह तारीख है, जब सन् 1947 में अंग्रेजी हुकूमत से हम सभी को आजादी मिली थी। इतिहास की एक ऐसी उज्ज्वल सुबह, जब भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की कड़ी तपस्या रंग लाई थी। तब हर भारतीय के होंठों पर गुंजायमान था, सिर्फ एक ही तराना- अब हम आजाद हैं! पर हाँ, यह युग सत्य है कि इस आजादी को पाना आसान न था। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानियों को शूलों से भरे लम्बे रास्तों पर नंगे पाँव चलना पड़ा था। बेइंतहां जुल्म और पीड़ा के दरिया को पूरी दिलेरी से पार करना पड़ा था। इस स्वतंत्रता के महासंग्राम में कई दिल दहला देने वाली घटनाएँ घटीं... जिनको सुनकर कभी नयन नम, तो कभी मस्तक गौरवान्वित हो उठता है। तो पढ़ते हैं, वीर-रस से ओतप्रोत भारतीय सपूत के एक ऐसे ही बलिदान को! भारत का सूर्य पुत्र... जिसने आजादी का स्वप्न देखा! सूर्य सेन बंगाल के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। खासकर चटगाँव में जो ब्रिटिश विरोधी आंदोलन हुआ, उसके ये मुख्य नायक भी थे। 18 अप्रैल, 1930 को सूर्य सेन के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने चटगाँव में स्थित ब्रिटिश शास्त्रागार को लूट लिया था और चटगाँव कुछ दिनों के लिए अंग्रेजी शासन से मुक्त हो गया था। बंगाल भर में क्रांति की अलख सूर्य ने बड़ी तेजी से जगाई थी। इसी वजह से अंग्रेजी हुकूमत सूर्य को धर दबोचने के लिए लगातार प्रयासरत थी। पर उनसे बचने के लिए सूर्य निरन्तर अपने निवास-स्थान बदलते रहते। एक बार उन्होंने नेत्र सेन नामक एक व्यक्ति के घर में शरण ली। सूर्य सेन के ऊपर अंग्रेजों ने 10,000 रुपये का ईनाम रखा हुआ था। इसी लालच में आकर नेत्र सेन विश्वासघात कर बैठा। उसने ब्रिटिश अधिकारियों को सूचना दे दी। इस जानकारी को प्राप्त करते ही उन्होंने सूर्य को नेत्र सेन के घर से गिरफ्तार कर



श्री आशुतोष महाराज जी
(संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान)

लिया। सूर्य के पकड़े जाने के कुछ दिनों बाद ही एक अज्ञात व्यक्ति नेत्र सेन के घर में घुसा और डॉ. (बड़े चाकू) के एक ही वार से उसकी हत्या कर दी। नेत्र सेन की पत्नी ने यह सारी घटना अपनी आँखों के सामने देखी थी। पर जब पुलिस विभाग के लोग उसके घर आए, तो उसने उस हत्यारे का हुलिया व नाम बताने से बिल्कुल इन्कार कर दिया। उसने कहा- ह्यमैं यह जानते हुए भी कि वह हत्यारा कौन है, आपको कुछ नहीं बताऊँगी। मेरा मन, मेरी आत्मा इस बात की कतई गवाही नहीं देती। और मुझे इस बात का कोई गम भी नहीं है। है तो बस आत्मग्लानि कि मैं इनके जैसे देशद्रोही, अधर्मी इंसान की पत्नी थी। मेरे पति भारत माता के आँचल के धब्बे थे। धन्य है वह सपूत, जिसने उसे पोंछ डाला। मैं जानती हूँ कि अब सूर्य दादा (भाई) को फाँसी लग जाएगी। पर इस देश की आजादी के वे अमर सुर बनकर गूँजते रहेंगे। वे चटगाँव के सूर्य-पुत्र बनकर दमकेंगे... हम सबके सूर्य-दादा रहेंगे। कहा जाता है, फाँसी देने से पहले सूर्य सेन पर बर्बरतापूर्ण अत्याचार किया गया था। हथौड़े से उनके सारे दाँत तोड़े गए। हाथों और पाँवों के नाखूनों को एक-एक करके उखाड़ा गया। क्रूरता के मनसूबे फिर भी न थमे। अंग्रेजों ने सूर्य के सारे अंगों और जोड़ों को भी तोड़ डाला। फिर अचेत अवस्था में ही उन्हें फाँसी दे दी गई। मृत्यु के बाद उनकी देह का संस्कार तक नहीं किया गया। उनके शव को एक पिंजरे में डालकर बंगाल की खाड़ी में फेंक दिया गया। फाँसी से एक दिन पूर्व, 11 जनवरी को, उन्होंने अपने एक मित्र को आखिरी खत में लिखा था- मित्र, मौत मेरे द्वार पर दस्तक दे रही है। मेरा मन अनंत की ओर उड़ान भर रहा है। इन आनंदमयी, गंभीर और महान पलों में... मैं सोच रहा हूँ कि तुम्हारे लिए पीछे क्या छोड़कर जाऊँ!... सिर्फ एक ही वस्तु- वह है मेरा स्वप्न- मेरा स्वर्णिम स्वप्न- भारत की आजादी का स्वप्न! सूर्य सेन द्वारा लिखा गया यह खत उनकी आजादी की तड़प को साफ बयां करता है। उनके जीवन में कितनी ही पीड़ाएँ आईं, यहाँ तक कि उनको अपनों का धोखा भी सहना पड़ा लेकिन फिर भी उन्होंने अपने जज्बे को कभी ठंडा नहीं होने दिया। यह क्रांतिवीर निरन्तर सूर्य के समान धधकता रहा... आजादी की गर्जना करता रहा। ताकि आप और हम आज आजाद भारत में साँस ले सकें। जय हिन्द! दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# एसबीआई कार्ड ने रुपे क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजैक्शन की सुविधा चालू की

**भास्कर समाचार सेवा**

मेरठ। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने आज रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी एसबीआई क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ने की घोषणा की है। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के ग्राहक 10 अगस्त, 2023 से रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी अपने क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजैक्शन कर पाएंगे। ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड को तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप्स के साथ पंजीकृत करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इससे रुपे प्लेटफॉर्म पर एसबीआई कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए अवसर और बढ़ जाएंगे, साथ ही उन्हें यूपीआई के जरिये बेहतर, सुविधाजनक और बिना किसी परेशानी के भुगतान की सुविधा का अनुभव प्राप्त होगा। श्री रामा मोहन राव अमारा, एमडी




एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, ने कहा, इस सुविधा की शुरूआत के साथ, अब एसबीआई कार्ड के ग्राहक एसबीआई कार्ड द्वारा जारी अपने रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग यूपीआई प्लेटफॉर्म पर कर पाएंगे। मौजूदा दौर में यूपीआई एक बड़ा डिजिटल प्लेटफॉर्म बन चुका है, जिसके माध्यम से हर दिन लाखों ट्रांजैक्शन किए जाते हैं। इससे हमारे ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के कहीं भी अपने कार्ड का उपयोग कर पाएंगे। इस घोषणा के साथ ही, इंडस्ट्री में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में भी जबरदस्त बढ़ोतरी दिखाई देने वाली है। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए श्री दिलीप अस्बे, एमडी एवं सीईओ, एनपीसीआई, ने कहा, एसबीआई रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ना, सही मायने में भारत में डिजिटल पेमेंट की प्रगति में एक बड़ी उपलब्धि है। इस साझेदारी से एसबीआई रुपे क्रेडिट कार्डधारकों के लिए सहज तरीके से यूपीआई पेमेंट करना संभव हो जाएगा, और उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम क्रेडिट कार्ड से लेनदेन का अनुभव मिलेगा।

दैनिक भास्कर
शनिवार, 12 अगस्त, 2023, नोएडा 12
गाजियाबाद/ गुरुग्राम/ एनसीआर




# छात्रों के दो गुट में झगड़ा, फायरिंग

## पुलिस को आता देख झगड़ा कर रहे छात्र हुए फरार

भास्कर ब्यूरो

**मुरादनगर।** रावली रोड स्थित भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी के कालेज के गेट के बाहर कालेज के छात्रों के दो गुटों में जमकर हाकी डंडे व फायरिंग हुई। फायरिंग की आवाज सुनकर कालेज के निकट रहे रहे लोगों में हड़कंप मच गया। छात्रों के झगडे की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पहुंची पुलिस को देख झगड़ा कर रहे छात्र फरार हो गए। बता दें कि भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी का रावली रोड़ पर कुशलपाल तेजपाल त्यागी



मेमोरियल डिग्री कालेज के नाम से कॉलेज स्थित है। कालेज के छात्रों के दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों गुट के छात्रों में गाली गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते छात्रों में हाकी व डंडे चल दिए। छात्रों में हो रहे झगड़े को देखने के लिए कालेज के निकट रह रहे सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। छात्रों के झगडे में अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर वह मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आता देख झगड़ा कर रहे छात्र फरार हो गए। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि छात्रों के गुटों में झगड़ा होते देख कालेज के गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मी ने हवाई फायरिंग की थी। अभी तक किसी पुलिस को लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## इनामी बदमाश को किया पुलिस ने गिरफ्तार



**मुरादनगर।** थाना क्षेत्र के रावली रोड काटकर चेकिंग के दौरान पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश सोनू पाल पुत्र सत्येंद्र निवासी बंदीपुर को गिरफ्तार किया है।एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस चेकिंग के दौरान एक युवक को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख कर भागने लगा पुलिस ने दौड़ कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू पाल बताया है। एसीपी नरेश कुमार ने सोनू पाल शातिर किस्म का बदमाश है इस पर 15 हजार रुपए का इनाम पुलिस ने घोषित किया हुआ है।

# पैट्रोल पंप कैश चोरी की स्क्रिप्ट लिखने वाला सुपरवाईजर साथी सहित गिरफ्तार, दो लाख नगद बरामद

भास्कर ब्यूरो

**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने पैट्रोल पंप पर 2 लाख 33 हजार की चोरी का खुलासा करते हुए पंप के सुपरवाईजर विशाल और उसके साथी जैद को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर 2 लाख रुपए नगद बरामद किए। खास बात यह है कि पैट्रोल पंप के



सुपरवाईजर ने ही पंप पर चोरी की स्क्रिप्ट लिखी थी। सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने आज यहां बताया कि बीती 7 अगस्त की रात्रि को 11 बजे अज्ञात चोरों ने प्रतीक फ्यूल स्टेशन के ऑफिस की तिजोरी से नगदी चोरी की थी। चोरी का खुलासा करते हुए पंप के सुपरवाईजर और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में विशाल ने बताया कि वह पैट्रोल पंप पर दो महीने से सुपरवाईजर है और उसे 12 हजार रुपए वेतन मिलता है। पैसों की जरूरत होने के कारण उसने अपने साथी जैद के साथ मिलकर चोरी की योजना तैयार की और मौके मिलते ही पंप पर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला।

# नोएडा मेट्रो ने अद्वितीय उपनाम/शुभंकर के चयन में सार्वजनिक भागीदारी को आमंत्रित किया

भास्कर ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) बेंगलुरु में ₹नम्मा मेट्रो₹ और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के लिए ₹मैत्री₹ जैसी प्रसिद्ध मेट्रो प्रणालियों की श्रेणी में शामिल होकर एक विशिष्ट उपनाम और शुभंकर अपनाने की अपनी योजना की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य नोएडा मेट्रो के लिए एक विशिष्ट पहचान स्थापित करना और स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देना है।



इसके अनुरूप, एनएमआरसी ने ग्रेटर नोएडा और नोएडा निवासियों से रचनात्मक इनपुट आमंत्रित करते हुए एक आकर्षक और समावेशी पहल शुरू की है। एनएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर एक व्यापक प्रश्नावली उपलब्ध कराई गई है, जो निवासियों को अपने अभिनव और सार्थक सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित करती है। समुदाय को शामिल करके, एनएमआरसी का लक्ष्य नोएडा मेट्रो के वास्तविक सार और भावना को पकड़ना है, जो इस क्षेत्र के लिए इसके महत्व को दर्शाता है।

विशिष्ट उपनाम और शुभंकर न केवल नोएडा मेट्रो की पहचान बढ़ाएगा बल्कि निवासियों के बीच गर्व की भावना को मजबूत करने में भी योगदान देगा। एनएमआरसी अपने मेट्रो सिस्टम की पहचान को आकार देने में जनता को शामिल करने के महत्व को स्वीकार करता है, जिससे यह उस समुदाय का सच्चा प्रतिबिंब बनता है जिसकी वह सेवा करता है। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक डॉ लोकेश कुमार एम के मुताबिक एनएमआरसी सभी निवासियों और मेट्रो उत्साही लोगों को इस रोमांचक पहल में भाग लेने और अपने कल्पनाशील विचारों का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# राहगीरों को चोरी का सामान बेचने वाला एक चोर दबोचा



भास्कर ब्यूरो

**गाजियाबाद।** थाना विजयनगर पुलिस ने बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरी के सामान को राहगीरों को बेचने वाले एक अभियुक्त अजय जाटव को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने अजय की निशानदेही पर सोने चांदी के आभूषण, 5 हजार रुपए नगद, 1 मोबाइल और 1 चाकू बरामद किया। खास बात यह है कि अजय अकेला ही बंद मकान की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली निमिष पाटिल ने आज यहां बताया कि बीती 2 अगस्त को सर्वोदय नगर निवासी सुमित कुमार के घर से सोने चांदी के आभूषण और नगदी चोरी हुई थी। सीसीटीवी, मोबाइल सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर अजय जाटव को सम्राट चौक से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अजय के विरुद्ध विभिन्न थानों के पुलिस रोजनामचे में लगभग एक दर्जन मुकदमें दर्ज है। पूछताछ में अजय जाटव ने बताया कि वह अकेले ही बंद घरों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देता है और चोरी किए सामान को राहगीरों को बेच देता है। इसके अलावा चोरी के सामान को बेच कर अर्जीत किए गए अवैध धन से अपने शौक पूरे करता है।

# जिला समन्वयक ने ससमय लक्ष्य पूरा ना करनी वाली संस्थाओं को दी चेतावनी



भास्कर ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कौशल विकास मिशन की योजनाओं को लेकर जिला समन्वयक पीयूष चन्द्र राय ने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। इतना ही नहीं लक्ष्य को ससमय पूरा ना करने वाली संस्था को कार्यवाही की चेतावनी भी दे डाली है। शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला समन्वयक की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन अन्तर्गत चलाये जा रहे प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।जिला समन्वयक पीयूष चन्द्र राय ने आज यहां बताया कि जीके फाउण्डेशन, बीरबल ऐकेडमी एण्ड पब्लिकेशन्स प्रालि, भारतीय बाल साक्षरता मिशन, इन्दिरा गांधी कम्प्यूटर साक्षरता, निशन टीएस स्किल एण्ड टेक प्रालि और चौधरी पवन सिंह शिक्षा समीति ने प्रशिक्षण कार्य ससमय पर पूर्ण नहीं किए है। इसके अलावा चौधरी राजपाल सिंह मेमोरियल संस्था, हाईलाईन ऐजूकेयर इण्डिया प्रालि, इन्टेक इन्फोनेट प्राचलि ने प्रशिक्षण को प्रारम्भ नहीं कराया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों के सेवायोजन एवं रोजगार की समीक्षा करते हुये संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने की सूचना उपलब्ध कराये। उन्होंने बताया कि जो संस्था कार्य को ससमय पूर्ण नहीं करती है तो इनके विरुद्ध जनपद से लक्ष्य समाप्त करने का पत्र जारी कर मिशन निदेशालय को अवगत कराया जायेगा और नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। बैठक में केन्द्र प्रबन्धक अरुण कुमार पाण्डेय, रवि कुमार प्रजापति, डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज, बैठक में रखे जाएंगे दर्जनभर से अधिक प्रस्ताव

**ग्रेटर नोएडा (भास्कर ब्यूरो)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज यानी शनिवार को होगी। बैठक में ओटीएस, औद्योगिक भूखंडों का आवंटन पुरानी पद्धति से करने, किसानों से संबंधित मसलों समेत दर्जनभर से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन मनोज कुमार सिंह करेंगे। बैठक में दर्जनभर से



अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। प्राधिकरण में अभी तक चार हजार मीटर से बड़े औद्योगिक भूखंडों का आवंटन नीलामी के जरिये होता रहा है। लेकिन शासन ने नीलामी से आवंटन नहीं करने के लिए कहा है। पहले चार हजार मीटर से छोटे प्लाट ड्रा के जरिये और इससे बड़े औद्योगिक प्लाट साक्षात्कार के जरिये आवंटित किए जाते रहे हैं। अब पुराने पैटर्न पर औद्योगिक भूखंडों का आवंटन करने की तैयारी है। अब इसको लेकर बोर्ड में प्रस्ताव रखा जाएगा। बोर्ड बैठक में बिल्डर-बायर्स को राहत देने के लिए बनी अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी प्रस्तुतिकरण देंगे। प्राधिकरण इसके नफा-नुकसान की जानकारी देगा। बोर्ड के फैसले के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।आवासीय आवंटियों को दंड ब्याज से छूट देने की योजना है।

# शत्रु संपत्ति को लेकर दूसरे दिन भी तहसील परिसर में धरना रहा जारी

भास्कर ब्यूरो

**मोदीनगर।** शत्रु संपत्ति जन संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आज दूसरे दिन तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रहा। शुक्रवार को धरने में बड़ी संख्या में पीड़ित और मातृशक्ति उपस्थित रहे । धरने को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से कालू चेयरमैन, चमन नेता, सुनील दधीच, तिलक राज अधाणा, विपिन जिंदल, दुष्यंत यादव, अंशु राठी, शांति देवी, विकल प्रधान, नवीन जैन, देवी शरण शर्मा, राम दत्त शर्मा आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता एमपी सिंह ने की व संचालन राहुल गुर्जर ने किया । शत्रु संपत्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष



डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि कल शनिवार को संयुक्त किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित व राष्ट्रीय सिंगर टीकम नागर धरना स्थल पर पहुंचेंगे उन्होंने कहा कि अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा है । इस मौके पर मुख्य रूप से पदम सिंह नवा प्रधान विक्रम सोनी सुंदर गुर्जर साहब सिंह रामलाल प्यारेलाल शिवकुमार त्यागी धनवीर मोनू गुर्जर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया शातिर चोरों गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**गाजियाबाद।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बन रहे होटल पर सैटरिंग पाइप चुरा कर ले जा रहे चोरों को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि गांव मिलक चाकरपुर के कट के पास पुलिस चेकिंग के दौरान सामने से आते हुए छोटा हाथी को रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने गाड़ी को दौड़ा दिया। पुलिस ने पीछा कर गाड़ी को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अमन पुत्र सुदेश निवासी बागवान कॉलोनी रजापुर वह सचिन पुत्र ईश्वर निवासी हाथरस बाला पट्टी बताया है उन्होंने बताया कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बन रहे होटल से पाइप चुराकर कबाड़ी को बेचने ले जा रहे थे पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है।

# 15 फ्लाईओवर पर ट्रैफिक रोड स्पाईक लगाने की कवायद शुरू






### फ्लाई ओवरों की सूची

विवेकानंद फ्लाईओवर, होली चाइल्ड फ्लाईओवर, मेरठ तिराहा नया बस अड्डा फ्लाईओवर, घंटाघर पटेल नगर फ्लाईओवर, भाटिया पुल फ्लाईओवर, नई लिंक रोड फ्लाईओवर, धोबी घाट रेलवे फ्लाईओवर, डायमंड फ्लाईओवर, डासना रेलवे फ्लाईओवर, पुराना बस अड्डा फ्लाईओवर, आरडीसी फ्लाईओवर, संजय नगर फ्लाईओवर, एएलटी फ्लाईओवर, वसुंधरा फ्लाईओवर, बंथला फ्लाईओवर।

भास्कर ब्यूरो

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे हॉट सिटी गाजियाबाद में फ्लाई ओवर पर रॉग साइड वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने की कवायद में ट्रैफिक विभाग जुटा हुआ है। शुक्रवार को अपर पुलिस उपायुक्त यातायात रामानंद कुशवाहा ने जीडीए उपाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को पत्र लिखकर 15 फ्लाईओवर पर ट्रैफिक रोड स्पाईक लगाने का आग्रह किया है।

अपर पुलिस उपायुक्त यातायात रामानंद कुशवाहा ने आज यहां बताया कि फ्लाईओवर पर वाहन चालक रॉन्ग साइड चलते है, जिससे यातायात बाधित होने के अलावा सड़क दुर्घटना होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। यातायात व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने की जरूरत है, जिसके लिए 15 फ्लाईओवर के एग्जिट प्वाइंटों पर ट्रैफिक रोड स्पाईक लगाने के लिए जीडीए उपाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी से पत्राचार किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक रोड स्पाईक लगाने से सड़क दुर्घटना और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति को रोका जा सकेगा।




संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा विवेक पब्लिशर्स ए-16 सेक्टर-7 नोएडा 201301 से मुद्रित एवं जे-2 बिशनपुरा सैक्टर, 58 नोएडा (उ0प्र0) से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। वेबसाइट : **danikbhaskarup.com** आरएनआई नं. **UPHIN/2010/33190**, संपादकीय कार्यालय : 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद-201002 उत्तर प्रदेश, ई-मेल : **nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com** मो. **9711991712**, लैंडलाइन **+911203166405**

दैनिक भास्कर
आगरा मंडल
15 शनिवार, 12 अगस्त, 2023, नोएडा

शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसे आप दुनिया को बदलने के लिए उपयोग कर सकते हैं। – नेल्सन मंडेला

# स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाएं

## सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण करने के साथ पंच प्रण की शथ लेने के दिए निर्देश

भास्कर ब्यूरो



**हाथरस।** जिलाधिकारी हाथरस अर्चना वर्मा ने 15 अगस्त के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में विचार विमर्श करते हुए समूचे जनपद में स्वतंत्रता दिवस पारम्परिक एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाने का आवाहन किया। आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह ह्यह्यमेरी माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सरकारी भवनों पर ध्वजा रोहण करने के साथ ही पंच प्रण की शपथ लेने के निर्देश दिए।

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह ह्यह्यमेरी माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अधिष्ठानों, घरों पर तिरंगा फहराने का आवाहन किया है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति इस पर्व को राष्ट्रीयता की भावना के साथ मनायें और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सक्रियता से भागीदारी करें। जिले में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। इस राष्ट्रीय पर्व पर सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों, स्कूल-कालेजों में राष्ट्रीय तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रगान, देशभक्तिपरक कार्यक्रम, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन होगा।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागी बनकर राष्ट्रप्रेम का जज्बा दिखाने के लिये बढ़ चढ़कर आगे आयें और इस राष्ट्रीय पर्व पर अपने-अपने घरों, दुकानों आदि पर रात्रि में आकर्षक विद्युत सजावट अवश्य करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रातः 10:15 बजे जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर निकायों/नगर पंचायतों, शिक्षण संस्थाओं आदि सरकारी/गैर सरकारी भवनों, शहर के प्रमुख चौराहों पर ध्वजा रोहण के पश्चात राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जायेगा।

## एससी, एसटी, ओबीसी छात्रों मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण

**एटा।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र प्रेमकान्त ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों एवं अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियों को स्वरोजगार प्रदान कराये जाने एवं तकनीकी कुशलता बढायें जाने हेतु सूक्ष्म, लधु एवं मध्यम उधम विभाग उप्र, शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रशिक्षण योजना संचालित की गई है। जिसके अन्तर्गत जनपद एटा के माध्यम अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियों को ट्रेड कम्प्यूटर एवं अनु.जाति के व्यक्तियों को प्रथम बैच फैशन डिजाइनिगं में चार माह का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षित व्यक्तियों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय उपलब्ध कराया जायेगा। अनु.जा./जनजाति इच्छुक अभ्यर्थी जो उक्त टेज्ड में प्रशिक्षण लेना चाहते है, तथा जिनकी आयु 18 सें 45 वर्ष के मध्य एवं कम से कम कक्षा 8 पास होना अनिवार्य है। उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त करनें हेतु अपना आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित एवं अन्य पिछडा वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी जो उक्त ट्रेड में प्रशिक्षण लेना चाहते है, तथा जिनकी आयु 18 सें 45 वर्ष के मध्य एवं कम से कम कक्षा 10 पास होना अनिवार्य है।

## सार सुर्खियां

### अभियुक्त को अवैध देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस ने शराब बेचने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार कब्जे से पुलिस ने अवैध शराब की बरामद अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेजा। कोतवाली हाथरस गेट प्रभारी सत्येंद्र सिंह राघव ने अपनी पुलिस टीम के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 45 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त का नाम नीरज कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार निवासी नगला नत्थू थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस है। इसके खिलाफ थाना हाथरस गेट पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### 37 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी, पीड़ित ने दी तहरीर

**सादाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** साइबर अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गांव बढ़ार सादाबाद निवासी संजीत कुमार पुत्र श्रीनिवास ने सादाबाद कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में संजीत ने बताया कि नौ अगस्त की शाम करीब छह बजे उसे गांव के ही एक व्यक्ति के नंबर से कॉल आया कि वह 37 हजार रुपए डाल दे, एक घंटे बाद वापस कर दूंगा। कॉल करने वाले व्यक्ति ने एक मोबाइल नंबर दिया,जिस पर उसने 37 हजार रुपए डाल दिए, लेकिन अब उक्त नंबर से संपर्क करने पर फोन बंद आ रहा है। उससे उक्त व्यक्ति ने 37 हजार रुपए ठग लिए।

### मत्स्य केसीसी मेला कैम्प 18 अगस्त को

**एटा (भास्कर ब्यूरो)।** सहायक निदेशक मत्स्य, एटा आर0के0 श्रीवास्तव ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जो भी कृषक मत्स्य व्यवसाय से किसी भी रूप में जुड़े हुये हैं उनके लिये डीएम के निदेर्शानुसार 18 अगस्त को मत्स्य के०सी०सी० वितरण हेतु विशाल मेला कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कलक्ट्रेट सभागार, एटा में किया जायेगा। जनपद के समस्त मत्स्य पालकों व मत्स्य व्यवसायियों से अपील है कि उक्त . मेला में अधिक से अधिक संख्या में स्वयं के दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक के साथ प्रतिभाग कर मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर लाभ उठायें।

### विशाल सद्भावना यात्रा का आयोजन 15 को

**इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** युवा संघर्ष मोर्चा द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशाल सद्भावना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष मनुराज राठौर ने बताया कि यह यात्रा मोर्चा के कैंप कार्यालय कटरा पूर्दल खान ,पुराना बस स्टैंड रोड ,से साबित गंज चौराहा, तहसील चौराहा ,नगर पालिका चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा होते हुए शास्त्री चौराहे पर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पहुंचेगी जहां माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण कर समापन किया जाएगा। मोर्चा के कार्यकताओं, पदाधिकारियों व सभी सहयोगीयों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा को सफल बनाएं।

### किताबों का सदियों पुराना दौर खत्म.. अब कहां कोई पढ़ना चाहता है- अतुल मलिकराम

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** सभी जानते हैं कि आज की पीढ़ी के पास पहले की पीढ़ियों की तुलना में सबसे अधिक सुविधाएँ हैं। पहले के समय में डाकिया के हाथों भेजी हुईं चिट्ठियाँ और बदले में जवाब के इंतजार में कई-कई दिन और महीने लोग खुशी-खुशी काट दिया करते थे। सच कहें, तो इस इंतजार में भी सुकून था, जबकि उन्हें यह भी नहीं पता होता था कि उनकी चिट्ठी पहुँचेगी भी या नहीं। आज के दौर में उँगलियों से चंद मिनटों में खर्रे से भी बड़े-बड़े मैसेज, टाइप करके महज एक क्लिक पर पलक झपकते ही सामने वाले को मिल जाया करते हैं।

### एसबीआई कार्ड ने रुपे क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजैक्शन की सुविधा चालू की

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने आज रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी एसबीआई क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ने की घोषणा की है। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के ग्राहक 10 अगस्त, 2023 से रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी अपने क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई ट्रांजैक्शन कर पाएंगे। रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, ने कहा कि इस सुविधा की शुरूआत के साथ, अब एसबीआई कार्ड के ग्राहक एसबीआई कार्ड द्वारा जारी अपने रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग यूपीआई प्लेटफॉर्म पर कर पाएंगे। मौजूदा दौर में यूपीआई एक बड़ा डिजिटल प्लेटफॉर्म बन चुका है, जिसके माध्यम से हर दिन लाखों ट्रांजैक्शन किए जाते हैं।

### फोर्टिस हेल्थ केयर के साथ कोल इंडिया ने साइन किया एमओयू

**रांची (भास्कर ब्यूरो)।** लोगों की जिंदगी बचाने में सदैव प्रयासरत फोर्टिस हेल्थ केयर ने थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों के इलाज के लिए कोल इंडिया लिमिटेड से हाथ मिलाया है. ये पहल कोल इंडिया के सीएसआर इनिशिएटिव 'थैलेसीमिया बाल सेवा योजना' के तहत की गई है. इस पार्टनरशिप के लिए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में 28 जुलाई को एमओयू साइन किया गया था. इस दौरान कोल इंडिया की सीएसआर जनरल मैनेजर रेणु चतुर्वेदी, थैलेसेमिक्स इंडिया की सचिव शोभा तुली, फोर्टिस हेल्थ केयर के ग्रुप सीओओ अनिल विनायक, फोर्टिस गुरुग्राम में हेमेटोलॉजी व बोन मैरो ट्रांसप्लांट के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉक्टर राहुल भार्गव समेत फोर्टिस के अन्य सीनियर लोग मौजूद रहे। कोल इंडिया ने 2017 में थैलेसीमिया बाल सेवा योजना की शुरूआत थैलेसीमिया से ग्रसित वंचित बच्चों को इलाज मुहैया कराने के लिए की थी. 2020 में इस प्रोग्राम में एप्लास्टिक एनीमिया को भी जोड़ दिया गया। एमओयू के अनुसार, जो मरीज बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पात्र हैं उन्हें कोल इंडिया लिमिटेड की तरफ से 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाती है, उनका इलाज फोर्टिस अस्पताल में किया जा सकता है।

## सार सुर्खियां

### प्रोफेसर ने यूएई में बजाया भारत का डंका



**एटा/जलेसार (भास्कर ब्यूरो)।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ओमकार सिंह ने यूएई की सरजमी पर शुक्रवार को स्व रचित पुस्तक अवदान शतक एक सांस्कृतिक अध्ययन का विमोचन दुबई में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 2023 के चैथे दिन किया गया। पुस्तक का विमोचन महोत्सव में मौजूद जाने-माने उद्योगपति अमित कुमार, साहित्यदेव चतुर्वेदी, दुबई की वागीश संस्था की अध्यक्ष डॉ आरती लोकेश एवं दुबई की ए.सी.टी.यूनीवर्षल संस्था के अध्यक्ष आलोक कुमार अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ शैलेन्द्र कुमार एवं कृष्ण बसंती सामाजिक संस्था द्वारा किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ओमकार सिंह ने दुबई से फोन पर बताया कि पुस्तक विमोचन के बाद अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया तथा साहित्य एवार्ड व सम्मान पत्र भी प्रदान किया गया। इस महोत्सव में उनकी धर्मपत्नी एवं बीडीएम डिग्री कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नीलम द्वारा भी प्रतिभाग किया गया है। पुस्तक का विमोचन पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा, डॉ कविता शर्मा, डॉ शालिनी यादव, डॉ विष्णुकांत, डॉ वीएस चैधरी, डॉ अनिल कुमार, डॉ रविन्द्र सिंह, डॉ दिनेश कुमार, आदि महाविद्यालय परिवार के अलावा वीरेश यादव, महेश यादव संघर्षी, दक्ष यादव, सुद्योतकर यादव आदि ने भी बधाई दी है।

### डॉ. अनुराधा सिंह को किया गया एमिनेंट गाइनेकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित



**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** रामघाट रोड स्थित प्रसिद्ध रामा नर्सिंग होम की निदेशक मशहूर गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ अनुराधा सिंह को प्रसिद्ध अभिनेता सुहेल खान द्वारा एमिनेंट गाइनेकोलॉजिस्ट(म्उपदमदज हलदंमबवसवहपेज )पुरस्कार से सम्मानित किया। डा अनुराधा सिंह अपने अस्पताल में विगत 20 वर्षों से नियमित चिकित्सा का कार्य कर रही हैं।पिछले 19 साल से गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क ओपीडी सेवाएं दे रहीं हैं।यह समाज हित में उनका अनुकरणीय कार्य है। इस पुरस्कार में डा अनुराधा सिंह का अलीगढ़ में गाइनेकोलॉजिस्ट के क्षेत्र में उनके अथक परिश्रम और योगदान को समाज हित में अनुकरणीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। आपका 20 वर्ष का व्यावसायिक अनुभव नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल को उत्कृष्टता प्रदान करता है। इस अवसर पर अभिनेता सुहेल खान ने डा अनुराधा सिंह के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके चिकित्सा जगत में निस्वार्थ सेवा भाव और उदार मनोबल की भूरि भूरि प्रशंसा की। समाज हित में ऐसा कार्य बिरले ही करते हैं।आपके इस सामाजिक हित को समाज द्वारा कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

### पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों ने दिल्ली में भरी हुंकार



**सादाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग को लेकर केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में हुंकार भरी। सादाबाद से भी काफी कर्मचारी गुरूवार सुबह दिल्ली में हुई महारैली में सहभागिता के लिए बसों के जरिए रवाना हो गए। रैली में शामिल होकर लौटकर आए कर्मचारियों का कहना था कि पेंशन कोई खैरात नहीं हैए बल्कि यह कर्मचारियों का अधिकार है। इसे लेकर रहेंगे। नई पेंशन योजना को जबरन थोपा गया हैए जिससे लाखों कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। रैली में जाने वाले कर्मचारियों में बालकृष्ण कौशिकए गौरव पचौरीए हकीम सिंह अध्यक्ष सयुक्त राज्य कर्मचारी संघए नाहर सिंह अध्यक्ष संग्रह अनुसेवक संघए गजेंद्रपाल उपाध्यक्ष संग्रह अमीन संघए धर्मेंद्र चौधरी जिला एडिटर संग्रह अमीन संघए नितेश गौतम वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संग्रह अमीन संघए सरदार सिंह जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### आवश्यकता आधारित गुणवत्ता परक शिक्षा पर चर्चा



**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** मंगलायतन विवि में कार्यकारी परिषद की 33 वीं बैठक संपन्न हुई। कुलपति प्रो. पीके दशोरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई मुद्दों पर मंथन के बाद निर्णय लिए गए। विद्यार्थी के हित के साथ प्राध्यापकों के हित पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकारी परिषद के सदस्यों के साथ प्रो. महेश चंद्र शर्मा व प्रो. विकास चड्ढा भी उपस्थित रहे। कुलपति ने इसी वर्ष विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए प्लस ग्रेड मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, वित्त अधिकारी मनोज गुप्ता, डीन एकेडमिक प्रो. अब्दुल वदूद, प्रो. महेश कुमार, डा. राजेश उपाध्याय, डा. अशोक उपाध्याय, डा. दीपशिखा सक्सेना, राजेश पंचासरा आदि उपस्थित रहे।

## ठगी करने वालों पर अब तक नहीं हुई कोई कार्यवाही

**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** खैर निवासी पीड़ित प्रतीक ने बताया कि फरवरी 2022 में उसकी दुकान पर अलीगढ़ पलवल रोड़ गोंडा बस स्टैंड के सामने दो लोग आए। जिन्होंने अपना नाम व पद से परिचय कराते हुए बताया कि जफर अहमद व उमाशंकर सविता ई-स्टोर इंडिया कंपनी के कर्मचारी हैं। उन्होंने ई-स्टोर इंडिया कंपनी के बारे में प्लान समझाना शुरू किया। एक बार पांच लाख रुपये टोकनमनी कंपनी के खाते में डाली। दूसरी बार 28 फरवरी 2022 में बीस लाख रुपये मां के खाते से आरटीजीएस कर दिये। इसके बाद दो महीने तक दुकान का किराया आया,लेकिन उसके बाद धनराशि पीड़ित के खाते में नहीं आई। कंपनी के वर्कर स्टोर का सामान बेचकर रुपये ले गए। उमाशंकर को स्टोर सौंपकर भाग गए। इसके बाद जब इस मामले से संबंधित विवेचक से बात की गई तो उनके द्वारा बड़ा ही आश्चर्यजनक जवाब दिया गया उन्होंने कहा कि अभी तक तो उनकी पीड़ित से मुलाकात भी नहीं हुई है क्योंकि और मामले की विवेचना चल रही थी।

## डीएम और नगर पालिकाध्यक्षा ने रोपे पौधे

भास्कर ब्यूरो



**हाथरस।** आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह ह्यह्यमेरी माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद हाथरस के जन नायक कपूरी ठाकुर पार्क में जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता दिवाकर, अपर जिलाधिकारी वि./रा. के साथ पौधारोपण कर श्रमदान किया। इस दौरान लोगों से अपने आसपास साफ सफाई रखने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता दिवाकर ने कहा कि वातावरण को शुद्ध व स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। हम सभी को पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने कहा कि सरकार एवं शासन की मंशा के अनुरूप आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह ह्यह्यमेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक समूचे भारत देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रंखला के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अखंड भारत का निर्माण करने के साथ ही सामूहिक रूप से एकत्र होकर देश की उन्नति एवं विकास में अहम योगदान की भूमिका को अदा करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग अपने-अपने घरों, व्यावसायिक स्थलों पर नियमित रूप से सफाई करते हैं और आसपास हो रही गंदगी पर कोई ध्यान नहीं देता है।

वही नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता चौधरी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि वृक्ष हम सबको छाया देते हैं और ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं हम सबको मिलकर वृक्ष जरूर लगाने चाहिए।

## आम आदमी पार्टी ने शुरू किया अनशन

भास्कर ब्यूरो



**अलीगढ।** सासनी गेट मथुरा स्थित नगर निगम द्वारा बनाए गए नाले में नियम के विपरीत नाले को गिरने से रोकने के लिए होरिजेंटल बीम डाल दिए गए हैं यह वही नाला है जो की निर्माण के दौरान टूट कर गिर गया था जिसकी जांच तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय चंद्रभूषण सिंह द्वारा कराई गई थी और उक्त जांच में नगर निगम के अधिशासी अभियंता, एई व जेई के निलंबन व अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तत्कालीन कमिश्नर महोदय को पत्र प्रेषित किया था. नाले में डाले गए होरिजेंटल बीम के कारण वहां पर सदैव कूड़ा जमा रहता है जिसके कारण वहां अत्यधिक मात्रा में मक्खी मच्छर पनप रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि अगर 48 घंटे में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अनशन को आमरण अनशन में परिवर्तित कर दिया जाएगा अनशन के दौरान जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा जिला प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह जिला महासचिव दीपक चैधरी नगर अध्यक्ष नदीम अंजुम जिला कोषाध्यक्ष संजीव कौशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोनिका थापर रेनू तिवारी जिला उपाध्यक्ष रविंद्र पाल जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी प्रवीण भारद्वाज जिला सचिव ठाकुर नरेंद्र सिंह कल्याण सिंह रजत शर्मा यूथ विंग प्रदेश सचिव लोकेश तिवारी जय प्रकाश लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

## सादाबाद तहसीलदार ने बदले कई लेखपालों के कार्यक्षेत्र

**सादाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** तहसीलदार अनिल कुमार सिंह ने कई लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया। तहसीलदार ने बताया कि लेखपाल दिनेश कुमार को सुसाइन व अतिरक्त रूप से नसीरपुर, हिमांशु गौतम को सलेमपुर व समदपुर, अतुल जैसवाल को रसगंवा, निजामुद्दीन को कजरौठी, मड़नई और बरामई, मुकेश गौतम को उद्यैना व दोहंई, मंजुल मयंक को गढ़ उमराव व जटोई, सूर्यांजन को करसौरा और तसींगा, शिवम पांडेय को करकोली और मढ़ाभोज, शिवकुमार को बहादुरपुरभूप व मढ़ापिथू, संतोष कुमार को वेदई व ताजपुर, प्रवीन कुमार को नगला दली व नगला कली, दरब सिंह को कंजौली व गुखरौली, पंकेश कौशिक को बिसावर व आरती, बृजेश कौशिक को महरारा, खौंडा व मानिकपुर, सचिन गुप्ता को सादाबाद व शेरपुर पर तैनात किया गया है। लेखपाल हिमांशु, अतुल, निजामुद्दीन व मुकेश गौतम स्थानातंरित होकर आए हैं, जबकि लेखपाल मंजुल मयंक को नसीरपुर, सूर्यांजन को मड़नई, शिवम को ताजपुर, शिवकुमार को करकौली व प्रवीन कुमार को उद्यैना से अवमुक्त किया गया है।

## भाकियू ने एसडीएम को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**सादाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को एसडीएम संजय कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दिए जाने सहित कई अन्य मांगें की गईं। ज्ञापन में पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार निजी नलकूपों से मीटर लगवाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोके। निजी नलकूपा का कनेक्शन लेने पर 300 मीटर विद्युत लाइन विभाग की ओर से किसान को मिलने के नियम को फिर से लागू किया जाए। गन्ने की खेती पर बढ़ते हुए खर्च को देखते हुए प्रदेश सरकार 500 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का भाव घोषित करे। गन्ने की भुगतान की डिजीटल व्यवस्था हो। चीनी मिलों से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए। सरकार परती की जमीनों पर पशुशालाएं बनाए, ताकि किसानों को खेती के अलावा जान माल की सुरक्षा हो सके। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह, तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मंत्री कृष्णवीर सिंह, संजय सिंह, प्रशांत चौधरी आदि थे।

## गैस सिलेंडर की घटतौली, सैकड़ों पर मुकदमा

भास्कर ब्यूरो



**अलीगढ़।** जवां क्षेत्र के गांव बरौली स्थित गैस सिलेंडर की घटतौली को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गये। इस घटना में कई लोग घायल हो गये। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने की अफवाह के चलते अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों को नमाजद समेत 100 से अधिक लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस के अनुसार बरौली निवासी मासूम की गैस एजेंसी है। मंगलवार को यहां से नींवरी निवासी युवक ने सिलेंडर लिया था। जिसमें गैस कम थी। इस पर कहासुनी हुई, जिसके बाद लोगों ने कर्मचारी से मारपीट कर दी। कर्मचारी ने पुलिस से चैकी में जाकर शिकायत की। इस पर पुलिस ने गुरुवार को दोनों पक्षों को चैकी बुलाया था।

लेकिन, रात में नींवरी से बरौली में जिम करने के लिए पहुंचे आरोपित पक्ष के लोगों का एजेंसी संचालक पक्ष से फिर से विवाद हो गया। दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। मारपीट हुई, जिसमें पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने पर आरोपित फरार हो गए। एसपी सिटी मुकेशचंद उत्तम ने बताया कि कस्बा बरौली में गैस एजेंसी के संचालक और दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा गैस संचालक के साथ मारपीट की गयी। उन्होने बताया कि तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना स्थल पर भारी मात्रा में पीएसी और र पुलिस बल को तैनात किया है।

## हाथरस में धारा 144 हुई लागू, जुलूस रहेंगे प्रतिबंधित

भास्कर ब्यूरो




**हाथरस।** हाथरस जिले में धारा 144 को लागू कर दिया गया है। डीएम अर्चना वर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुक्रवार से जनपद हाथरस सीमा क्षेत्रान्तर्गत सर्व साधारण पर तत्काल प्रभाव से कई प्रतिबन्ध लागू कर दिए हैं। डीएम ने प्रतिबंध लागू करते हुए बताया कि धारा 144 लागू हो गई है, लिहाजा अब कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल का कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट/अन्य सभी सार्वजनिक स्थल, सरकारी व अर्द्ध सरकारी या अन्य कार्यालयों पर किसी भी प्रकार का आयुध/शस्त्र साथ नहीं ले जायेगा तथा लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किसी पूर्व प्रशासनिक अनुमति के बिना नहीं करेगा और न ही उत्तेजक भाषा में भाषण आदि देगा। न आम जनता/व्यक्ति को उत्तेजित करने का प्रयास करेगा। इस अवधि में बिना पूवार्नुमति के सभी प्रकार के जुलूस आदि प्रतिबन्धित रहेंगे तथा पारम्परिक मेले, विभिन्न आयोजन व सार्वजनिक प्रदर्शन आदि के लिए पृथक से प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करना वांछनीय होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अफवाहें या ऐसी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा या करायेगा और न ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिसमें आम जनता, विभिन्न वर्गों, साम्प्रदायों के मध्य घृणा, द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। यह प्रतिबन्ध शादी, बारात एवं शव यात्राओं पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति ऐसे तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवाल लेख, पोस्टर आदि नहीं लिखेगा या प्रकाशित नहीं करेगा, जिससे शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर किसी के प्रति अपमान जनक भाषा अथवा गालियों का प्रयोग नहीं करेगा और न ही ऐसे नारे आदि लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति भंग होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक/धार्मिक स्थल मन्दिर/मस्जिद, भवन एवं मकानों पर ईंट, पत्थर रोड़े आदि फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं एकत्रित नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और न ऐसे समूह में शामिल होगा। किसी भी व्यक्ति को किसी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों को कम से कम 24 घण्टे पूर्व सूचना देनी आवश्यक होगी। परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान अवांछित भीड का एकत्रित होना प्रतिबन्धित रहेगा।

शिक्षक विश्वविद्यालयों में सबसे प्रमुख शिक्षा प्रदान करना राष्ट्र निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम हॉल में 33वें दीक्षान्त समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

# शिक्षण संस्थान भविष्य के नीति निर्माता: राम नाथ कोविन्द



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण



इस दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आग्रह पर परम्परानुसार दीक्षान्त समारोह को शुरू करने की घोषणा की। 33वें दीक्षांत समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को यूनिवर्सिटी की तरफ से डॉक्टर ऑफ लिट्रेचर (डी.लिट) की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। इसके साथ ही 33वें दीक्षांत समारोह में पीजी और यूजी पाठ्यक्रमों के सभी यूटीडी छात्र (2021-22 में उत्तीर्ण), पीएचडी 2023 के 88 डिग्री धारकों को डिग्रियां वितरित की। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कला एवं भाषा संकाय के चिराग शर्मा, समाज विज्ञान संकाय की जाह्नवी, जीव विज्ञान संकाय की हेमलता, फार्मास्यूटिकल साइंस संकाय की निशा, विज्ञान संकाय की भव्या, शिक्षा संकाय की अरूणा कुमारी, प्राच्य विद्या संकाय की कृति शर्मा, विधि संकाय की तुलसी तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की कमलप्रीत कौर को गोल्ड व मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

**जंगशेर राणा**

**चंडीगढ।** केयू के 33वें दीक्षांत समारोह में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को यूनिवर्सिटी की तरफ से दी डाक्टर आफ लिट्रेचर (डि.लिट्) की मानद उपाधि, भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल व मैरिट प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित, यूनिवर्सिटी के 33वें दीक्षान्त समारोह में 1660 विद्यार्थियों को वितरित की डिग्रियां कुरुक्षेत्र, 11 अगस्त। भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कहा कि एक विद्यार्थी की सफलता के पीछे समाज के अनेक लोगों का संकल्प एवं तपस्या होती है। यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों से ही मिलती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अन्य शिक्षण संस्थानों से कई प्रकार से अलग है। भारतीय संस्कृति में कुरुक्षेत्र का अपना एक विशेष महत्व है। कुरुक्षेत्र की पावन स्थली पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी दिव्य वाणी से श्रीमद्भगवद गीता का संदेश दिया था। इस पुण्य भूमि से ही दुनिया को कर्मयोग का संदेश मिला। शिक्षा का उद्देश्य डिग्री प्राप्त करना नहीं होता बल्कि अच्छा इंसान बनना होता है। शिक्षण संस्थान भविष्य के निमार्ता होते हैं। वे न केवल छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अच्छा नागरिक व सफल कर्मी बनाते हैं। शिक्षक विश्वविद्यालयों में सबसे प्रमुख शिक्षा प्रदान करना राष्ट्र निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम हॉल में 33वें दीक्षान्त समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द व उनकी धर्मपत्नी सविता कोविन्द, हरियाणा के राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्य मंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, उच्च शिक्षा मंत्री मूल चंद शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा व डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ ने दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रूप से 33वें दीक्षान्त समारोह का शुभारंभ किया तथा स्मारिका का विमोचन भी किया।

# चौपाल का आयोजन

**भास्कर ब्यूरो**

**महेवा/इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा के ग्राम बम्होरा में बड़ोदा यूपी बैंक की शाखा महेवा द्वारा शाखा के प्रबन्धक अभिषेक कुमार के सयोजन में एक ग्रामीण जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रबन्धक यादराम भी उपस्थित रहे । जनचौपाल में आये सैकड़ो की सँख्या में महिलाओं व पुरुषों को शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार द्वारा बैंक से चलाई जा रहीं जनहित कारी योजनाओं की विस्तार में जानकारी दी गयी वहीं एस बी आई जनरल इंश्योरेंश कम्पनी के द्वारा मृतक बीमा धारक की पत्नी संध्या को दस लाख की धनराशि की चेक भी वरिष्ठ प्रबन्धक द्वारा प्रदान की गई। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बैंक प्रबंधक श्री कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि बैंक द्वारा सस्ते व्याज दर पर के सी सी के अतिरिक्त कृषक आवास ऋण ,ट्रेक्टर ऋण ,चार पहिया वाहन ऋण , डेयरी ऋण ,शिक्षा ऋण ,एवम स्वास्थ्य बीमा आदि के बारे में बताया इसके पी एम जे जे बाई ,पी एम एस बी आई व अटल पेंशन योजना आदि की भी जानकारी दी । वरिष्ठ प्रबन्धक प्रबन्धक यादराम जी ने ग्रामीणों से आवाहन किया कि वह बैंक द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न जनहित कारी योजनाओं का लाभ उठाएं व शासन की मंशानुसार अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाएं आपके द्वारा ईमानदारी से किये गए कार्यो में बैंक हर सम्भव मदद करेगा इसीलिए आज बैंक आपके द्वार पर है। जनचौपाल को सफल बनाने में शाखा महेवा की बैंक सखी पूनम देवी का विशेष सहयोग रहाँ |वहीँ कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबन्धक यादराम जी व महेवा शाखा के प्रबन्धक अभिषेक कुमार का लाभार्थी योगेश भदौरिया द्वारा, स्वागत किया गया । वहीँ इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरगोविंद पाल , एस बी आई इंश्योरेंश के प्रतिनिधि प्रतीक शुक्ला ,राधा देवी ,वंदना कुमारी ,स्वास्थ्य सखी शशि कुमारी ,पूनम ,ममता देवी ,आशा देवी ,लता ,प्रियंका सहित सैकड़ो की सँख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे ।



## सार सुर्खियां

### गैगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**भास्कर ब्यूरो/इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने गैगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया आरोपी को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि थाना बकेवर से गैगस्टर एक्ट में वाँछित 10,000 रुपये का इनामिया आरोपी जिसके पास अवैध असलाह भी है, कृष्णा नगर चौराहे पर खड़ा है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना भरथना पुलिस टीम ने आरोपी अंकित शंखवार पुत्र श्री राम किशोर शंखवार निवासी मोहल्ला यादव नगर थाना भरथना को कृष्णा नगर चौराहे से गिरफ्तार कर किया। पकड़े गये आरोपी की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 1 तमन्चा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। इस सफलता में भूपेन्द्र राठी प्रभारी थाना भरथना, उ.नि. मोहनवीर, का. जालांधर, का. रहीस खान, का. चालक सचिन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### सरकारी योजना ग्रामीणों के लिए बनी गम्भीर समस्य

**भास्कर ब्यूरो /इटावा।** इस समय देश में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल योजना हर घर नल, हर घर जल को पूर्ण करने के लिए जल निगम द्वारा लगाए गए कर्मचारी इंजीनियर व ठेकेदारों ने एक सुखकारी योजना को कष्टकारी योजना बना कर रख दिया है। जल निगम के कर्मचारी इंजीनियर व ठेकेदार गांव में पाइप लाइन बिछाने का काम कर रहे हैं लेकिन पाइपलाइन की नालियां खोदने से पूर्व ग्रामीणों से न कोई सलाह लेते हैं न कोई मशवरा करते हैं मनमाने तरीके से सर्वे करके गलियों को खोद रहे हैं और उसके उपरांत पाइप लाइन बिछाने के बाद खुदी हुई गलियों की रिपेयरिंग विधिवत तरीके से नहीं करते हैं जिससे ग्रामीणों को इस समय बहुत बड़ी समस्या हो रही है। सदर तहसील इटावा के बढ़पुरा विकास खंड की ग्राम पंचायत की शेखूपुर जखोली में एक ठेकेदार ने पाइपलाइन डालने के लिए दबंगई दिखाते हुए खेतों के बीच जाने वाले एक चकरोड को जेसीबी लगाकर खोदकर तहशनहश कर दिया इस कारण से चकरोड से लगे किसानों के खेतों में दो-दो तीन-तीन फीट तक इस समय तैयार हो रही धान की फसल को काफी नुकसान हुआ साथ ही साथ जिस चकरोड का इस्तेमाल किसान अपने खेतों पर जाने के लिए व कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर ले जाने के लिए करता है वह ध्वस्त हो चुका है अब किसान चकरोड पर आवागमन के लिए भी परेशान हो रहा है। गांव के किसानों ने ग्राम पंचायत प्रधान प्रमोद कुमार के साथ मिलकर जिलाधिकारी से शिकायत की है कि ठेकेदार द्वारा जेसीबी से ध्वस्त की गई फसल का हरजाना दिया जाए एवं ध्वस्त किये गये चकरोड को शीघ्र बनवाया जाए जिससे किसान अपने खेतों पर कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर ले जाने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। शिकायत के दौरान गिरजेश तिवारी, आसाराम, शिवकांत ओमप्रकाश, घनश्याम, पंचीलाल, इंद्रजीत, रमेश चंद्र, कैलाश, बाबू, अनिल कुमार, विद्याराम, अनुज कुमार ,अखिलेश बाबू आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता को दहेज के लालच में घर से निकाला

**भास्कर ब्यूरो / किशनी।** दहेज के लालच में विवाहिता को मारपीट कर ससुराली जनों ने घर से बाहर निकाल दिया। पुत्री को ससुराल में लेकर पहुंचे पिता को भी विवाहिता के देवर और ससुर ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है। अशोक पुत्र शिवराम सिंह निवासी चंद्रपुरा थाना भरथना जनपद इटावा ने बताया की उन्होंने अपनी पुत्री पूजा की शादी थाना क्षेत्र के गांव बरुआ नदी निवासी राम प्रसाद पुत्र मिलाप के साथ 6 वर्ष पूर्व हुई थी । शादी के कुछ समय बाद ही पति रामप्रसाद और ससुर मिलाप उनकी पुत्री पूजा पर अतिरिक्त दहेज लाने की मांग करते रहते थे कई बार पंचायत करने के बाद जब बात नहीं बनी और उन्होने पूजा को घर से निकाल दिया तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली। इस दौरान न्यायालय ने ससुराली जनों को कड़ी फटकार लगाई बुधवार को बह पुत्री पूजा को लेकर जब ससुराल पहुंचा तो वहां मौजूद मिलाप व उनके पुत्र प्रशांत ने देखते ही गाली-गलौज करनी प्रारंभ कर दी जब उसने इसका विरोध किया तो उसे और उसकी पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया यही नहीं उसकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### स्वतंत्रता संग्राम की दी जानकारी

**भास्कर ब्यूरो / किशनी।** मेरी माटी मेरा देश अभियान की अंतर्गत दिनांक 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रमों में आज विकासखंड के सभी परिषदीय विद्यालयों में वीरों की गाथा थीम पर आधारित विषय वस्तु पर विद्यालय के शिक्षण स्टाफ के द्वारा सभी बच्चों को एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता संग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने वाले वीरों के बारे में उनकी जीवनी प्रस्तुत करके उपस्थित जन समुदाय एवं छात्रों को जागरूक किया गया। विकास खंड के 100 से अधिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास शुरू हो चुकी है जिनमें से कई स्कूलों में प्रोजेक्टर भी विद्यमान हैं जिनकी सहायता से महापुरुषों की जीवनी उनके द्वारा किए गए संघर्ष को यूट्यूब और गूगल की सहायता से ब्रॉडकास्ट करते हुए सभी विद्यार्थियों को रूबरू कराया गया।खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार दुबे द्वारा विकास खंड में अवस्थित सभी विद्यालयों में कार्यक्रम का विधिवत संचालन करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालय की मॉनिटरिंग की गई। विकास खंड में कार्यरत एआरपी शरद यादव के द्वारा सभी विद्यालयों में हुए कार्यक्रमों में से न्याय पंचायत वार मुख्य एवं उत्कृष्ट फोटो एवं लघु वीडियो को प्रधानमंत्री पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर अपलोड किया गया है।

### दबंगों ने युवक को पीटा

**भास्कर ब्यूरो** /कुरावली। क्षेत्र के ग्राम जुनेसा निवासी ज्ञान सिंह पुत्र उजागर सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते मंगलवार की सुबह ज्ञान सिंह अपने पुराने मकान से भूसा निकालने गया था तभी निवासीगण जुन्हैसा गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे मैने नितिन को पुराने घर मे लघुशंका करने से मना किया इसी बात पर उन सभी लोगो ने मारपीट की और मुझे जान से मारने की धमकी दी।

# 8 साल की लड़की ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड



**भास्कर ब्यूरो**

हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने इंडियाज गॉट टेलेंट में विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाली 8 साल की आर्शिया गोस्वामी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि होनहार छात्रा ने पंचकूला का नाम रोशन किया है। आर्शिया गोस्वामी पंचकूला के सेक्टर 29 की रहने वाली हैं तथा वह सेक्टर 26 स्थित ब्राइट स्कूल में पढ़ती है। शुक्रवार को अपने अभिभावकों और भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के पंचकूला जिला संयोजक देशराज पोशवाल के साथ विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता से मिलने विधान सभा पहुंची। आर्शिया गोस्वामी ने विस अध्यक्ष को बताया कि सोनी टीवी चैनल पर बीते रविवार को प्रसारित ह्यइंडियाज गॉट टेलेंट शो में उसने मात्र 30 सेकेंड में 17 बार क्लीन एंड जर्क किया है। इससे पहले 30 सेकेंड में 16 बार का विश्व रिकॉर्ड था। वहीं, डेड लिफ्ट में उसने 62 किलोग्राम वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में 32 किलो, स्नैच में 26 किलो, स्कॉट में 47 किलोग्राम तथा बंच प्रेस में 32 वजन उठाया। शो की शूटिंग 5 जुलाई को मुंबई में हुई थी। आर्शिया के पिता अवनीश कुमार गोस्वामी सेक्टर 25 में अपना जिम चलाते तथा उसकी मां हन्नी गोस्वामी गृहणी हैं।

## खाद्य विभाग ने एक कुंतल दूषित मिठाई की नष्ट

**भास्कर ब्यूरो**

**मैनपुरी।** जनपद में आई खाद्य सचल प्रयोगशाला टीम द्वारा ईशन नदी चौराहा स्थित विभिन्न दुकानों से नमूनों की जांच की गई। जांच के दौरान एक दुकान पर फंफूद लगी लगभग कुंतल मिठाई मिली। करीब 20 हजार कीमत की मिठाई नष्ट कराई गई। इसके साथ ही दुकान से बर्फी का नमूना जांच के लिए भेजा गया। दुकान संचालक के विरुद्ध जांच में सहयोग न करने पर कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया है। टीम ने नीरज कुमार यादव की दुकान पर अपमिश्रित पाए जाने पर रंगीन बर्फी का नमूना संग्रहित किया। गोदाम में संग्रहित की गई लगभग 1 कुंतल फफूंद लगी दूषित मिठाई व पेठा जो कि अस्वच्छ रूप से भंडारित की गई थी कीमत लगभग 20000/नष्ट कराई गई। विक्रेता द्वारा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का भंडारण किया जा रहा था जिसके लिए उसके विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय लिया। विक्रेता को निर्देशित किया गया की दुकान व कार्यशाला की मानकों के अनुरूप सफाई करने के उपरांत ही खाद्य पदार्थों का विक्रय करें। विक्रेता नीरज यादव और उसके पिता द्वारा जांच का विरोध किया गया। इस पर टीम ने सुरक्षा बल की टीम बुला ली।

## परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार का 160वां दिन

**भास्कर ब्यूरो**

**करनाल।** परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार शुक्रवार को 160वें दिन करनाल शहर पहुंची जहां इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने करनाल के बार एशोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वकीलों को संबोधित किया। इस दौरान वकीलों ने करनाल की समस्याओं से अवगत कराया। उसके बाद प्रेस वार्ता में कहा कि 25 अगस्त को विधानसभा का सत्र शुरू होने जा रहा है। सत्र के दौरान जहां प्रदेश के लोागों के मुद्दों को उठाएंगे वहीं मुख्यमंत्री को करनाल के लोगो की समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाएंगे। सीएम को कहेंगे कि अगर उनके हलके मे इतनी समस्याएं हैं तो फिर पूरे प्रदेश के लोगों के सामने तो बहुत बड़ी परेशानियां हैं। मुख्यमंत्री को सारे दिन सैर सपाटे की बजाय लोगों से मिलकर उनकी बात सुननी चाहिए और उनकी दिक्कतों को दूर करना चाहिए। जिस तरह के बयान मनोहरलाल खट्टर दे रहे हैं वो सीएम की भाषा नहीं है। मनोहरलाल अपने आप को एक बादशाह की तरह समझने लगे हैं। इनको लोगों ने पिछली बार ही सबक सिखा दिया था लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों ने इन्हें दोबारा सत्ता में बैठा दिया। जो मुख्यमंत्री यह कहे कि वो आम नागरिकों की कोई सुरक्षा नहीं कर सकता उसे मुख्यमंत्री के पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश के हर नागरिक को सुरक्षा करना मुख्यमंत्री की जिम्मेवारी है। ये सीएम अहंकारी है और इनका अहंकार हम तोड़ेंगे और हर हालत में अबकी बार इनको सत्ता से बाहर करेंगे।धमकी के एवज में मिली सुरक्षा पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि उच्च न्यायालय को ठीक लगा तो उन्होंने सरकार को सुरक्षा देने के आदेश दिए हैं। भाजपा सरकार ने तो कोर्ट में जवाब देने की बजाय दलील दी थी कि 17 तारीख को शिकायत दर्ज करवाई थी और आज तक कोई वारदात घटित नहीं हुई है। इसका मतलब सरकार इस इंतजार में है कि मेरे उपर कोई अटैक हो तो फिर मेरी सुरक्षा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वे सुरक्षा लेने की दृष्टि से कोर्ट नहीं गए थे और उन्हें किसी भी प्रकार का कोई डर नहीं है, उनके साथ प्रदेश के लोग हैं। नूंह हिंसा पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि नूंह का जितना नुक्सान इस भाजपा की सरकार ने करना था, जितनी लोगों में दहशत फैलानी थी, जितना डर और भय पैदा करना था, उसके लिए इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

## ग्रामीणों की सभी मांगों को करवाएंगे पूरा: डिप्टी सीएम

**भास्कर ब्यूरो**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवों के विकास के लिए हरियाणा सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा गांवों के विकास से संबंधित जो भी मांगे है, उन्हें पूरा करवाया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 1250 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से धनराशि भेजी गई है, ताकि गांव का समुचित विकास निरंतर होता रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में व्यायामशालाएं व पार्कों का निर्माण किया जा रहा है, जो गांव शेष बचे हैं, उनमें इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवों में तालाबों के सुधारीकरण के लिए 800 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है और करीब 1600 तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। वे शुक्रवार को कलायत हलके के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डिप्टी सीएम ने ग्राम वासियों द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करते हुए ग्रामीणों को कई सौगात दी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने गांवों में ग्राम पंचायत व ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करते हुए कहा कि जितने भी गांव में तालाब हैं, उनका सुधारीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिव धाम योजना के तहत जिन श्मशान घाटों में रास्ते, शैड, पेयजल आदि की कमी हैं, वहां पर तुरंत इसे पूरा करने का कार्य किया जाएगा। स्कूलों में प्रार्थना स्थल के लिए शैड व ब्लॉक लगाए जाएंगे। सौंगल से देवबन तक की सड़क का निर्माण होगा, साथ ही गांव देवबन में हाईवे से गांव तक सड़क किनारे लाईट लगाने की व्यवस्था की जाएगी। सभी गांवों में जितनी भी चौपालों में रिपेयर की जरूरत है, उसे तुरंत पूरा किया जाएगा। गांव देवबन में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण किया जाएगा। संबंधित गांवों में ग्राम पंचायत द्वारा जमीन मुहैया करवाने पर भव्य सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा।

## जीवन में जब भी दुख आए भगवान की कथा सुनो, दुख दूर होगा : संतदास महाराज

**भास्कर ब्यूरो**

**इटावा।** जीवन में कितना ही बड़ा दुख क्यों न हो, भगवान की कथा सुनो, आपका दुख दूर हो जाएगा क्योंकि भगवान की कथा तत्काल दुख दूर करने वाली है। इसीलिए उससे बड़ा कोई दाता भी नहीं है, जो भगवान की कथा सुनाता है। राहतपुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान द्वारा संचालित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय द्वारा आयोजित नौ दिवसीय राम कथा के नवम एवं विश्राम दिवस पर सुंदर काण्ड, रामेश्वरम स्थापना, अंगद जी द्वारा रावण का मार्ग दर्शन एवं राम राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का तात्विक विवेचन करते हुए वृंदावन धाम के रामायणी श्री संतदास महाराज ने उक्त प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि जानकीजी अशोक वाटिका में दुखी बैठी थीं, देखि परम बिरहाकुल सीता । सो छन कपिहि कलप सम बीता । तो हनुमान जी ने उन्हें राम कथा सुनानी आरंभ कर दी, जिसे सुनते ही सीताजी का दुख दूर हो गया। यथा राम चंद्र गुन बरनहि लागा। सुनतहि सीता कर दुख भागाह्र। उन्होंने आगे कहा कि जगत सत्य भी है और मिथ्या भी। जब दृष्टि ब्रह्ममय हो जाती है, तो जगत सत्य है और जब तक उसमे विकार है तो यह जगत मिथ्या है। उसी तरह माया भी दो तरह की है, विद्या माया और अविद्या माया। विद्या माया भगवान से जोड़ती है और अविद्या माया तोड़ती है। अगर मायापति के सेवक बन जाओगे तो फिर माया नहीं लगेगी क्योंकि यह माया रघुनाथ जी की दासी है। कथा से पूर्व प्रातःकाल हवन और सुंदर काण्ड का पाठ हुआ। इसके बाद आज के यजमान श्याम सुंदर दीक्षित, विनोद दीक्षित समेत आयोजक मंडल ने व्यास गद्दी का पूजन कर आरती की। सभी को प्रसाद वितरण किया गया।



आज की कथा में चित्रकूट धाम के संत शिव बचन दास महाराज, चकवा बुजुर्ग स्थित राधा कृष्ण बड़ा बिहारी जी मंदिर के महंत श्री मदन मोहन दासजी शास्त्री, भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला, सचिव संजय मिश्रा के अलावा संस्थान एवं आयोजन के सहयोगी डॉ. विद्याकांत तिवारी, राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके त्रिपाठी, महेश कुमार बाथम, विनोद त्रिपाठी, हरिदत्त दीक्षित, आचार्य महेश तिवारी, राजेश वाजपेई, सीबी मिश्रा, धीरज अग्निहोत्री, अवनेश तिवारी, नरेश चंद्र यादव, गोविंद माधव शुक्ल, अरविंद तिवारी, देवेश शास्त्री, राजेश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मेरी माटी, मेरा देश : स्कूली बच्चों ने कलश यात्रा के साथ निकाली रैली

**भास्कर ब्यूरो**

**जसवंतनगर/इटावा।** नगला तौर स्थित कंपोजिट स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत होने के बाद कलश यात्रा के साथ गांव में भ्रमण कर स्कूली बच्चों की रैली निकाली गई। प्रधानाध्यापक अनुराग भदौरिया के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरी माटी, मेरा देश अभियान की घोषणा पीएम नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बात के एपिसोड में की थी। इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जब हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा की गई थी, तो पूरा देश इस अभियान को लेकर काफी उत्साहित था, लोगों ने बढ़-चढ़कर घर, ऑफिस और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया था। इस साल ह्यमेरी माटी, मेरा देश कैंपेन के साथ आजादी का पर्व मनाएगा। ये अभियान हमारे देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शुरू किया जा रहा है. विगत दिवस इस अभियान की शुरूआत हो चुकी है और ये कार्यक्रम तीस अगस्त तक चलेगा इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव की मिट्टी को एक नमूने के तौर पर जुटाकर अमृत कलश यात्रा के रूप में दिल्ली लाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अभियान के तहत वीर सेनानियों की याद में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक स्मारक का निर्माण होगा, जिसे शिलाफलकम् नाम दिया गया है. इस पर उस क्षेत्र के सभी सेनानियों के नाम दर्ज किए जाएंगे। इस कलश यात्रा में सहायक अध्यापक सारिका चौहान, ज्योति माथुर, अरुण कुमार, मोहन सिंह, शिक्षा मित्र दिनेश, अंजू, संतोष भी मौजूद रहे।



## सालाना मजलिस व दहकते अंगारों पर मातम कल

**भास्कर ब्यूरो**

इटावा। अंजुमन हैदरी इटावा की ओर से चौथे इमाम बीमारे कर्बला हजरत जैनुल आबेदीन अ.स. की याद में हर साल की तरह इस साल भी 42वीं सालाना मजलिस, शबबेदारी और आग पर मातम का आयोजन 13 अगस्त दिन इतवार को मौलाना सैयद अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा की सरपरस्ती में किया जाएगा। अंजुमन हैदरी इटावा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नकवी ने बताया कि पहली मजलिस सुबह 9 बजे दरगाह हजरत अब्बास महेरे पर होगी जिसे मौलाना मौलाना वकार अहमद काजमी बिहार खिताब फरमाएंगे, अंजुमन हैदरी इटावा चौथे इमाम बीमारे कर्बला हजरत जैनुल आबेदीन अ.स. के ताबूत की जियारत बरामद कर मातमी नोहाख्वानी करेगी। दूसरी मजलिस पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में रात 8 बजे होगी, जिसे मौलाना मौलाना वकार अहमद काजमी बिहार खिताब फरमाएंगे। शबबेदारी के दौरान आग पर मातम होगा और अंजुमन हैदरी इटावा, अंजुमन हुसैनिया फरूर्खाबाद, अंजुमन रिजविया चांदापुर कानपुर देहात, अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी खाता सादात बरेली रात भर मातमी नोहाख्वानी कर शबबेदारी करेंगी। अंजुमन हैदरी इटावा के संरक्षक राहत अकील, अध्यक्ष इंतिजार हुसैन नकवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नकवी, सेकेट्री राहत हुसैन रिजवी, शारिक सगीर शानू सहित शिया समाज ने जनपद वासियों से सालाना मजलिस में शिरकत की अपील की है।

